CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 14°C

नई दिल्ली, मंगलवार 4 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 213 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 12 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जम्मू में पारंपरिक दरबार मूव फिर से शुरू पेज 2



टीम को भरोसा था विश्व कप जीत सकते हैं: हरमनप्रीत कौर खेल टाइम्स



बिहार चुनाव: कांग्रेस से बेहतर हो सकता है भाकपा माले का स्ट्राइक रेट सम्पादकीय



हमारे पास दुनिया को 150 बार उड़ाने लायक एटम बम: ट्रम्प पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने बिप्लब सरकार के ठिकानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद मलिक को फर्जी भारतीय पासपोर्ट दिलाने वाले रैकेट के मामले से जुड़े संदिग्ध बिप्लब सरकार के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी के अधिकारियों के अनुसार, बिप्लब सरकार का नाम बिचौलिए इन्दुभूषण हलदर से पूछताछ के दौरान सामने आया था। हलदर को विदेशियों को पैसे लेकर भारतीय पहचान पत्र, जैसे पासपोर्ट आदि मुहैया कराने के आरोप में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। बिप्लब सरकार के परिजन भी इन अवैध करतूतों में लिप्त होने के संदेह के कारण जांच के दायरे में हैं। ईडी ने इन्दुभूषण हलदर उर्फ दुलाल को 13 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद हुसैन उर्फ आज़ाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आज़ाद से जुड़े मामले में हुई थी। हलदर को विचार भवन की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया था।

### संजय गर्ग ने भारतीय मानक ब्यूरो महानिदेशक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** केरल कैडर के 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय गर्ग ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक का पदभार संभाला है। श्री गर्ग बीआईएस के महानिदेशक के साथ अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (आईईसी) में भारत की राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेंगे। श्री गर्ग के पास तीन दशकों से अधिक का व्यापक और अलग- अलग मंत्रालयों-विभागों में काम करने का प्रशासनिक अनुभव है। इसके साथ ही वह कृषि, खाद्य रसद, रक्षा उद्योग क्षेत्र, औद्योगिक संवर्धन, वित्त और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक योजना, नीति निर्माण और कार्यान्वयन में काफी अनुभव रखते हैं। बीआईएस में महानिदेशक का पदभार संभालने से पहले श्री गर्ग कृषि, अनुसंधान और शिक्षा विभाग (डीएआरई) में अतिरिक्त सचिव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में सचिव के रूप में कार्यरत थे।

### भारतीय शराब कंपनियां दे रहीं 14 गुना तक रिटर्न

**मुंबई।** चार साल में दुनियाभर में शराब की खपत में तेज गिरावट आई है। अमेरिका, यूरोप और चीन जैसे बाजारों में डियागो, पर्नोड रिकर्ड, रेमी क्वाइंट्रेयू और ब्राउन फोर्मेन जैसी बड़ी कंपनियों के शेयर 75 फीसदी तक टूटे हैं और उद्योग का मूल्यांकन 74 लाख करोड़ रुपये घटा है। स्वास्थ्य जागरुकता, बदलती जीवनशैली और महंगाई इसके प्रमुख कारण हैं। अब ये कंपनियां नॉन- अल्कोहलिक उत्पादों की ओर बढ़ रही हैं। डियाजियो ने 'रिचुअल जीरो प्रूफ' खरीदा है, जबकि कार्लसबर्ग और कंपारी-मिलानो ने भी ऐसे ब्रांड लॉन्च किए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 50 प्रमुख शराब ब्रांडों के शेयर जून 2021 से औसतन 46 फीसदी गिरे हैं। वहीं, भारत में शराब की खपत लगातार बढ़ रही है।

# उत्तराखंड ने हासिल किए विकास के प्रभावशाली लक्ष्य: मुर्मू

## राष्ट्रपति ने उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को किया संबोधित

**कहा: सेवा, संवेदना और समर्पण से रचिए विकास की नई गाथा, महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहा, कहा: जनता के प्रति उत्तरदायी बने रहना संसदीय प्रणाली की शक्ति भी और चुनौती भी**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना रजतोत्सव के अवसर पर आयोजित उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर के लिए उत्तराखंड विधानसभा के पूर्व और वर्तमान सदस्यों व सभी राज्यवासियों को बधाई दी और कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में, जनता की आकांक्षा के अनुरूप बेहतर प्रशासन और संतुलित विकास की दृष्टि से नवम्बर 2000 में इस राज्य की स्थापना हुई। विगत पच्चीस वर्षों की यात्रा के दौरान उत्तराखंड के लोगों ने विकास के प्रभावशाली लक्ष्य हासिल किए हैं। पर्यावरण, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। साथ ही डिजिटल और फिजिकल कनेक्टिविटी तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि विकास के समग्र प्रयासों के बल पर राज्य में मानव विकास सूचकांक में सुधार हुआ है। राज्य में साक्षरता दर बढ़ी है, महिलाओं की शिक्षा में विस्तार हुआ है और मातृ एवं शिशु मृत्यु -शेष पृष्ठ दो पर

# आईसीएआई सीए सितम्बर रिजल्ट जारी

**■ 11,466 कैंडिडेट्स सीए के लिए क्वालिफाई**
**■ फाउंडेशन परीक्षा में एल.राजलक्ष्मी, इंटरमीडिएट में नेहा खानवानी व फाइनल परीक्षा में मुकुंद आगीवाल टॉपर बने**

**नई दिल्ली।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया यानी 'सीए' ने सितम्बर सेशन के फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं। सीए ने निर्धारित समय से पहले रिजल्ट जारी किए हैं।

फाउंडेशन परीक्षा में एल. राजलक्ष्मी, इंटरमीडिएट में नेहा खानवानी और फाइनल परीक्षा में मुकुंद आगीवाल टॉपर बने हैं। इस बार देशभर के 2.5 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स ने ये परीक्षा दी थी। फाउंडेशन परीक्षा में कुल 98,827 कैंडिडेट्स ने भाग लिया, जिनमें से 14,609 पास हुए। चेन्नई -शेष पृष्ठ दो पर

# सरकारी कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम बनेंगे

## सुप्रीम कोर्ट बोला: हम आदेश करेंगे जारी, अदालत ने दी मुख्य सचिवों को पेशी से राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को देश भर में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमले के मामले पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह सरकारी बिल्डिंग्स के कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम के लिए निर्देश जारी करेगा। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि इससे जुड़ा आदेश एक-दो दिन में अपलोड कर दिया जाएगा।

कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से भी राहत दे दी। जस्टिस नाथ ने कहा कि दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के अलावा सभी राज्यों ने अपने हलफनामे दाखिल कर दिए हैं।अब मुख्य सचिवों की व्यक्तिगत पेशी की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, अगर हलफनामे में चूक हुई, तो उन्हें पेश होना पड़ेगा। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के मुख्य सचिवों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव मौजूद रहे। कोर्ट ने इस दौरान कहा कि वह 7 नवम्बर को मामले में फैसला देगा। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस -शेष पृष्ठ दो पर

### पोर्न वीडियोज पर सुनवाई से शीर्ष कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पोर्न वीडियोज को बैन करने वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। इस दौरान कोर्ट ने सितम्बर में नेपाल में हुए जेन जी प्रदर्शन का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि नेपाल में सोशल मीडिया एप्स पर बैन लगाने के बाद क्या हुआ, जरा देखिए। बेंच ने कहा पोर्नोग्राफी बैन वाली याचिका पर 4 हफ्ते बाद सुनवाई की जाएगी।



### तीन हजार करोड़ की साइबर ठगी चौंकाने वाली: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में डिजिटल अरेस्ट व साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर नाराजगी जताई। सरकार ने कोर्ट में साइबर फ्रॉड से जुड़े आंकड़े पेश कर बताया कि देशभर में पीड़ितों से करीब तीन हजार करोड़ की ठगी हुई है। इस मामले में सख्ती से निपटाना होगा। यह बेहद चौंकाने वाला है कि देशभर में लोगों से 3 हजार करोड़ का साइबर फ्रॉड हुआ है।

### दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण पर कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से हलफनामा मांगा है। अदालत ने आयोग से पूछा कि अब तक प्रदूषण रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि अधिकारी सिर्फ स्थिति बिगड़ने पर कदम न उठाएं, बल्कि पहले से ही तैयारी करें ताकि हालात गंभीर न हों। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह, जो अदालत की एमिकस क्यूरी के रूप में सहायता कर रही हैं, ने कहा कि दिवाली के दौरान दिल्ली के कई एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन काम ही नहीं कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 37 में से सिर्फ नौ स्टेशन ही लगातार सक्रिय थे।

# तेलंगाना और जयपुर में ब्लैक मंडे, 31 की मौत

**■ तेलंगाना: बस-ट्रक की टक्कर में 18 की मौत, 15 घायल**



**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में हैदराबाद-बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक सरकारी बस और बजरी से लदे ट्रक की जोरदार टक्कर के बाद 18 लोगों की मौत हो गई व 15 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

पुलिस ने बताया कि चेवेल्ला मंडल में मिर्ज़ागुडा के पास तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस और बजरी से लदे एक ट्रक आमने-सामने टकरा गए। यह बस लगभग 70 यात्रियों को लेकर तंदुर इलाके से हैदराबाद जा रही थी। ट्रक पर लदी बजरी के बस पर गिरने से आगे की छह सीटें पर बैठी सवारियां पूरी तरह से कुचल गईं। अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। घायलों को इलाज के लिए चेवेल्ला के सरकारी क्षेत्रीय अस्पताल और पास के निजी अस्पतालों में ले जाया गया। दुर्घटना के बाद चेवेल्ला- विकाराबाद मार्ग पर कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है।

### जयपुर: पांच गाड़ियों से टकराया डंपर, 50 को रौंदा, 13 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर एक भयावह सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। लोहा मंडी रोड नंबर 14 पर तेज रफ्तार डंपर ने 300 मीटर तक बेकाबू होकर 10 गाड़ियों को रौंद दिया, जिससे मौके पर 13 लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक घायल हो गए, जिनमें से आठ गंभीर हैं। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद गाड़ियां परस्पर टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं और सड़क पर चीख-पुकार मच गई। हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब डंपर खाली अवस्था में हाईवे पर चढ़ने की कोशिश में था। तभी अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया और वह बेकाबू होकर सड़क पर चल रहे वाहनों और राहगीरों को कुचलता चला गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि डंपर लगभग 300 मीटर तक लोगों और गाड़ियों को रौंदता हुआ आगे बढ़ा, जब तक कि वह एक बड़े डिवाइडर से टकराकर रुका नहीं। टक्कर के बाद घटनास्थल पर चारों ओर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। घायल लोग सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन बुरी तरह मलबे में तब्दील हो गए थे। घायलों को पास के कांवटिया अस्पताल भेजा गया, जहां से तीन गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

# अनिल अंबानी का घर व 3000 करोड़ की संपत्ति कुर्क

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ ईडी ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में की कार्रवाई**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में रिलायंस अनिल अंबानी समूह की 40 से ज्यादा संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। इसमें इस उद्योगपति का मुंबई के पाली हिल इलाके में बना मशहूर आवास भी शामिल है तथा जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 3,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

ईडी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि इसके अलावा दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, पुणे, ठाणे, हैदराबाद, चेन्नई, कांचीपुरम और पूर्वी गोदावरी स्थित संपत्तियों को कुर्क किया गया है। ज़ब्त की गई इन संपत्तियों में कार्यालय स्थल, आवासीय इकाइयां और ज़मीन शामिल हैं। इनका कुल मूल्य लगभग 3,084 करोड़ रुपये आंका गया है। यह मामला समूह की दो कंपनियों रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) के आम लोगों से जुटाए धन की कथित हेराफेरी और शोधन से जुड़ा है। ईडी की जांच में पाया गया कि 2017 और 2019 के बीच, यस बैंक ने इन कंपनियों में लगभग 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया। ये निवेश बाद में गैर-निष्पादित हो गए, जिससे 3,300 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया रह गया। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि नियमों को दरकिनार कर धन का लेनदेन किया गया। पूर्ववर्ती रिलायंस निप्पॉन म्यूचुअल फंड में निवेश किए गए पैसे को यस बैंक के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से अनिल अंबानी समूह की कंपनियों में लगाया गया।

# BCCI देगा विजेता महिला टीम को 51 करोड़



**मुम्बई।** बीसीसीआई ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला टीम के लिए सोमवार को 51 करोड़ रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई बहुत खुश है और आईसीसी की किटी से कुछ भी लिए बिना, बीसीसीआई अपनी तरफ से भारतीय टीम को इनाम के तौर पर 51 करोड़ रुपये देगा। यह रकम खिलाड़ियों, सेलेक्टर्स के साथ-साथ अमोल मजूमदार की अगुवाई वाले सपोर्ट स्टाफ को भी मिलेगी। बीसीसीआई की यह इनाम आईसीसी द्वारा विजेताओं की पुरस्कार राशि में किए गए बदलाव के अलावा है। प्रतियोगिता से पहले आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने महिला विश्व कप में टीमों के लिए पुरस्कार राशि में काफी बढ़ोतरी की घोषणा की थी, जिसमें विजेताओं को 4-48 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 42 करोड़ रुपये) मिलेंगे।

# न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की मांग वाली याचिका खारिज

**■ सुप्रीम कोर्ट ने इसे व्यवस्था का मजाक बताया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उच्च न्यायालय के जज के तौर पर नियुक्ति की मांग वाली एक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इन्कार करते हुऐ इसे 'व्यवस्था का मज़ाक' बताया।

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन की पीठ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सवाल किया कि क्या याचिकाकर्ता जी. सरवन कुमार को उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय उनके अनुरोध पर कॉलेजियम की बैठक बुलाएगा। पीठ ने पूछा क्या आप चाहते हैं कि हम इस न्यायालय के तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों को अभी यहां बुलाएं और कॉलेजियम की बैठक करें? मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, आप व्यवस्था का मज़ाक उड़ा रहे हैं!

# भारत तकनीक से बदलाव लाने का लीडर: मोदी

**■ एक लाख करोड़ की स्कीम लॉन्च की,**
**■ कहा: हमारे पास सबसे सफल डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सम्मेलन का उद्घाटन किया और एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास तथा नवाचार योजना की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य भारत को अत्याधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी देशों में शामिल करना है।

वैश्विक नवाचार महाशक्ति बनने की दिशा में भारत के सफर में एक महत्वपूर्ण अध्याय माने जाने वाले इस सम्मेलन में श्री मोदी ने नोबेल पुरस्कार विजेताओं, प्रख्यात वैज्ञानिकों सहित शिक्षा जगत, उद्योग, सरकार और अनुसंधान संस्थानों के तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए एक ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने विशेषज्ञों से मानवता की सबसे गंभीर चुनौतियों से नवाचार के माध्यम से निपटने में सहयोग करने का आह्वान किया। श्री मोदी ने देश की हाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए देश के सबसे भारी संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण की सराहना की और महिला विश्व कप भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे युवा एथलीट और वैज्ञानिक हमारे देश के लिए गौरव के असाधारण अध्याय लिख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने प्रमुख सरकारी पहलों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन, कौशल भारत मिशन और राष्ट्रीय करियर सेवा मंच का उल्लेख किया और कहा कि ये लाखों युवाओं को कौशल और अवसरों से सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार अत्यधिक-जोखिम, उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाओं के लिए पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने महत्वाकांक्षी अनुसंधान और नवाचार योजना में निजी क्षेत्र की भूमिका को बढ़ाए जाने पर जोर दिया। श्री मोदी ने विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने भारत में क्वाड की मेजबानी पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल बताते हुए कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापर समझौते और भारत में क्वाड शिखर बैठक के आयोजन पर संकट के बादल नजर आ रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि एक समय हमें बताया गया था कि भारत नवम्बर में अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत की सदस्यता वाले क्वाड देशों का शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा। उन्होंने इसी अंदाज में आगे लिखा कि एक समय था जब दावा किया गया था कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले देशों में भारत शुरुआती देशों में से एक होगा, अब यही दावे कठिन दौर के भंवर में फंस गए हैं। वजह से अमेरिका को भारतीय निर्यात में गिरावट आई है और इससे प्रभावित लोगों के जीवन पर संकट आ गया है।

### उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद थाना प्रभारी सस्पेंड

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले मे उच्चतम न्यायालय का आदेश न मानने वाले कन्धई के थानाध्यक्ष गुलाब चंद्र सोनकर को पुलिस अधीक्षक दीपक भुकर ने निलम्बित कर दिया है। राज्य सरकार को सात नवम्बर तक थानाध्यक्ष पर की गई कार्रवाई से उच्चतम न्यायालय को अवगत कराना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कन्धई थाना क्षेत्र के राम सागर तिवारी ने 28 मार्च को सुप्रीम कोर्ट मे याचिका दायर की थी इसमे कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश के बावजूद कन्धई थाना प्रभारी गुलाब चंद्र सोन कर को जिला न्यायालय मे पेश किया था।

# एनसीईआरटी के सिलेबस में बदलाव पर हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लखनऊ में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का पुलिस ने हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेजा

**लखनऊ ।** एनसीईआरटी के सिलेबस से गांधी, आरएसएस, गोडसे और 2002 के गुजरात दंगों से जुड़ी पाठ्य सामग्री को हटाए जाने के विरोध में सोमवार को नेशनल स्टूडेंट यूनियन आफ इंडिया (एनएसयूआई) के छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने केकेसी डिग्री कॉलेज गेट के बाहर सड़क पर बैठकर विरोध जताया और एनसीईआरटी पर इतिहास के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। कार्यकर्ता सोमवार सुबह ही केकेसी डिग्री कॉलेज के बाहर जमा होना शुरू हो गए थे। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा, एनसीईआरटी केंद्र सरकार के दबाव में महात्मा गांधी, आरएसएस, गोडसे और 2002 के गुजरात दंगे जैसे प्रसंग को पाठ्यक्रम से हटाकर देश के इतिहास से खिलवाड़ कर रही है। विरोध प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं के चलते कुछ समय के लिए केकेसी कॉलेज के बाहर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को समझने की कोशिश की, लेकिन जब छात्र उग्र प्रदर्शन करने लगे, तो पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कॉलेज के गेट के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है।

कार्यकर्ता अखिलेश दुबे ने कहा कि हाल ही में किए गए बदलाव में शिक्षा को वैचारिक रूप से सीमित करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। महात्मा गांधी और 2002 गुजरात दंगों जैसे अध्याय को हटाना इतिहास को मिटाने जैसा है। एनसीईआरटी अपने इस फैसले को वापस ले और असली इतिहास को छात्रों तक पहुंचने दे। प्रदर्शन कर रही छात्रा पूजा वर्मा ने कहा कि अगर भविष्य की पीढ़ी को सच से दूर रखा जाएगा, तो हमारे देश का लो. कतंत्र कमजोर होगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह विरोध केवल लखनऊ तक सीमित नहीं रहेगा, अगर एनसीईआरटी ने अपने फैसले को वापस नहीं लिया, तो हम पूरे देश भर में इसको लेकर आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि इतिहास बचाओ अभियान के तहत पूरे प्रदेश भर के डिग्री कॉलेज और विश्वविद्यालय में यह अभियान चलाया जाएगा।

# पारंपरिक दरबार मूव फिर से शुरू

जम्मू, वार्ता

■ एलजी मनोज सिन्हा ने 2021 में किया था बंद

जम्मू-कश्मीर की शीतक. ालीन राजधानी जम्मू स्थित सिविल सचिवालय में सोमवार सुबह मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा औपचारिक सलामी लेने के साथ ही सदियों पुरानी प्रशासनिक परंपरा 'दरबार मूव' चार साल बाद बहाल हो गई।

श्रीनगर में नागरिक सचिवालय और अन्य कार्यालय जो 30 और 31 अक्टूबर को बंद थे, सोमवार से 'दरबार मूव' के साथ ही शीतकालीन राजधानी जम्मू से काम करना शुरू कर दिए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वर्ष 2021 में इस परंपरा को बंद कर दिया था। श्री अब्दुल्ला सुबह करीब नौ बजे अपने सरक. ारी आवास रघुनाथ बाजार से सिविल सचिवालय की ओर पैदल निकले और इस दौरान विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें मालाएं पहनाई तथा फूल बरसाए। उनके साथ उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी और मंत्री जावेद राणा भी थे। इस बीच, दरबार मूव के बहाल होने से जम्मू शहर में जश्न का माहौल है और दुकानदार तथा अन्य व्यापारी खुश नजर आ रहे हैं। कार्यालयों को सुचारू रूप से खोलने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं, जिनमें श्रीनगर से जम्मू आने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा, आवास और परिवहन सुविधाएं शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि दरबार साहिब के लिए सभी प्रबंध कर लिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, सभी सरकारी कार्यालयों, विशेषकर सिविल सचिवालय और मंत्रियों के एन्क्लेव के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और अधिकतर कर्मचारी सोमवार को अपने कार्यालय जाने के लिए श्रीनगर से जम्मू तक सड़क मार्ग से आए। कश्मीर मैराथन-2 में भाग लेने के बाद, मुख्यमंत्री 'एक्स' ने पर एक तस्वीर अपलोड की और लिखा: हाफ मैराथन की मेहनत के बाद, मुझे इनाम के तौर पर श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर घी में पके राजमा चावल की एक प्लेट मिलनी चाहिए।ᵷ जम्मू क्षेत्र में दरबार मूव के पुनरुद्धार को जनता द्वारा बहुत सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है।

# नेता जी ने की थी नेशनल लॉ विवि की स्थापना: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने जिस बड़ी सोच के साथ राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की स्थापना की थी, वह आज सार्थक होती दिखाई दे रही है।

यह विश्वविद्यालय अब ऐसे योग्य और संवेदनशील युवा विधिवेत्ताओं को तैयार कर रहा है, जो अपने ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई और न्याय की स्थापना के लिए करना चाहते हैं। सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस संस्थान से निकल रहे युवाओं के विचारों और कार्यों में समाजवादी विचारधारा के मूल तत्व समानता, न्याय और मानवीयता स्पष्ट झलकते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि ए नई पीढ़ी के विधिज्ञ न केवल न्याय की परिभाषा को व्यवहार में उतारेंगे, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनकर देश को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय का राज समाजवादी पार्टी का बड़ा संकल्प है, जिसे पूरा करने में ऐसे ही युवाओं की भूमिका अहम होगी, जो अपने पेशे को सिर्फ करियर नहीं बल्कि समा. जसेवा का माध्यम मानते हैं। अखिलेश यादव ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और विश्व. विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेताजी के सपनों का भारत तभी बनेगा, जब न्याय के साथ समान अवसर और संवेदनशील शासन स्थापित होगा।

## रामद्रोही कांग्रेस-राजद को जवाब देगा मिथिला: सीएम योगी

# गठबंधन में तीन बंदर, पप्पू, टप्पू व अप्पू

दरभंगा, वार्ता



■ बिहार में होगा राम राज का उदय, जिन्होंने अयोध्या में गोली चलवाई, वही आज जनता को छलने आ गए

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंध के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर निशाना साधते हुए कहा कि अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वाले लोग बिहार में धर्म और विकास के नाम पर जनता को छलने आए हैं।

केवटी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी मुरारी मोहन झा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के तीन बंदर हैं पप्पू, टप्पू और अप्पू। पप्पू सच बोल नहीं सकता, टप्पू अच्छा देख नहीं सकता और अप्पू सच सुन नहीं सकता। इनको न प्रधानमंत्री मोदी का विकास दिखता है, न देश की प्रगति की खुशबू महसूस होती है। योगी ने कहा कि आज मिथिला की यह पावन धरती, जो मां भगवती जानकी की आत्मा कही जाती है, उन सभी रामद्रोही ताकतों को स्पष्ट संदेश दे रही है कि अब बिहार में रामराज्य का उदय होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा देकर कहा था कि भगवान राम हुए ही नहीं। यही कांग्रेस, यही राजद और इनके साथी यूपी की समा. जवादी पार्टी ने अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं। आज वही लोग बिहार में धर्म और विकास के नाम पर जनता को छलने आए हैं। यह कांग्रेस और आरजेडी की वही जोड़ी है जिसने न केवल बिहार को हिंसा, नरसंहार और अराजकता की आग में झोंका, बल्कि मां जानकी और भगवान श्रीराम के अस्तित्व तक पर सवाल उठाया था। जो राम का विरोधी है, वह भारत का विरोधी है, वह मिथिला का भी विरोधी है और वो हम सब का विरोधी है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज राम-जानकी मार्ग का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है, जो अयोध्या और मिथिला को एक बार फिर भावनात्मक रूप से जोड़ देगा। सीएम योगी ने कहा कि 2005 से पहले अयोध्या से दरभंगा आने में 16 घंटे लगते थे, अब लखनऊ से दरभंगा आने में मात्र 45 मिनट लगते हैं। पीएम मोदी ने मिथिला की पहचान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने दरभंगा के मखाना उद्योग को राष्ट्रीय बोर्ड बनाकर सम्मानित किया और लाख की चूड़ियों को नई पहचान दिलाई। बिहार में सड़क, रेल, एयर और अब जलमार्ग हर दिशा में नेटवर्क तैयार हुआ है। हल्दिया से अयोध्या तक इनलैंड वॉटरवे के जरिए बिहार, बंगाल और यूपी को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि राजद की सरकार के समय बिहार नरसंहारों से दहला रहता था, बेटियां असुरक्षित थीं, व्यापारी भयभीत थे।

### बिहार को पलायन नहीं, पुनर्निर्माण चाहिए : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार को भाजपा-जद-यू के शासन ने दो दशक में बर्बाद कर औद्योगिक नक्शे से उसे लगभग मिटा दिया है। इसके कारण प्रतिभाओं ने पलायन किया है, लेकिन अब बिहार को बचाने तथा इसके पुनर्निर्माण की जरूरत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कभी चीनी, पेपर, जूट, सिल्क और डेयरी के लिए जाना जाने वाला बिहार आज बेरोजगारी और पलायन का पर्याय बन गया है। भाजपा-जेडीयू ने 20 वर्षों के शासन में असीम औद्योगिक संभावनाओं वाले बिहार में सिर्फ पलायन उद्योग स्थापित किया है और बिहार को विकास और उद्योग के राष्ट्रीय नक्शे से लगभग मिटा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बिहार के हित के लिए काम किया है।



सेंसेक्स 84556.40

निफ्टी 25891.40



सोना रु. 120000

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 148927

प्रति किलो



# दिल्ली एयरपोर्ट पर बढ़ा अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट

नई दिल्ली, वार्ता



■ साल दर साल 34 प्रतिशत हुई वृद्धि: डायल

दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तेजी से विमान सेवा कंपनियों के लिए हब के तौर पर उभर रहा है और सितम्बर 2024 से अगस्त 2025 के दौरान यहां अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट साल-दर-साल 34 प्रतिशत बढ़ा।

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने सोमवार को बताया कि सितम्बर 2024 से अगस्त 2024 के बीच इस एयरपोर्ट पर ट्रांजिट यात्रियों की संख्या 6-7 लाख रही, जो इससे पहले के एक साल की तुलना में 34 फीसदी अधिक है। सितम्बर 2023 से अगस्त 2024 के बीच यह ट्रांजिट यात्रियों की संख्या 4-98 लाख रही थी। अगस्त 2025 को समाप्त एक साल के दौरान पूरब के देशों से आकर पश्चिम के देशों में जाने वाले यात्रियों की संख्या 34 प्रतिशत और पश्चिम के आकर पूरब की तरफ जाने वाले यात्रियों की संख्या 35 प्रतिशत बढ़ी। अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात संघ (आयटा) के आंकड़ों का हवाला देते हुए डायल ने बताया कि ट्रांजिट यात्रियों में 67 प्रतिशत ने एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रा की जबकि 25 प्रतिशत योगदान इंडिगो का रहा।

अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट यात्री वे हैं, जो किसी दूसरे देश से आते हैं तथा किसी और फ्लाइट से किसी तीसरे देश को जाते हैं। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि यूरोप, पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया में फैले अपने बेजोड़ नेटवर्क के साथ दिल्ली हवाई अड्डा वैश्विक विमानन मानचित्र पर देश की स्थिति को लगातार मजबूत कर रहा है। दिल्ली हवाई अड्डे से दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में सबसे अधिक उड़ाने थाईलैंड के लिए (सप्ताह में 120) हैं। थाईलैंड से इतर, एयर इंडिया मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर के लिए 16 नवम्बर से और इंडोनेशिया के देनपसार के लिए एक दिसंबर से उड़ानों की साप्ताहिक संख्या सात से बढ़ाकर 10 कर रही है। इंडिगो ने भी 20 दिसंबर से दिल्ली से वियतनाम के हनोई के लिए दैनिक उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। चीन के गुवांग्झो के लिए वह 10 नवम्बर से दैनिक उड़ान शुरू करेगी। भारत से जापान जाने वाली 70 प्रतिशत उड़ानें (सप्ताह में 28) दिल्ली से जाती हैं। इसी प्रकार ब्रिटेन जाने वाली उड़ानों में दिल्ली की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत (सप्ताह में 63) और थाईलैंड जाने वाली उड़ानों में 26 प्रतिशत (सप्ताह में 120) है।

## सोना और चांदी के भावों ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** शादी के सीजन में एक बार फिर सोने ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है। चांदी में भी भयंकर तेजी देखी जा रही है। सोने का दाम एक बार फिर 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। सुबह 10.05 बजे एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने की कीमत 121,460 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रही है। इसमें 228 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है। सोने ने अब तक 121,378 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो रिकॉर्ड और 121,854 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई रिकॉर्ड बनाया है। सुबह 10.07 बजे 1 किलो चांदी की कीमत 148,927 रुपये चल रही है। इसमें 640 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी है। चांदी ने अब तक 148,702 रुपये प्रति किलो का लो रिकॉर्ड और 149,445 रुपये प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है। आज 3 नवंबर के दिन पटना और चंडीगढ़ में सोने का दाम सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 121,670 रुपये है। वहीं सबसे ज्यादा सोने की कीमत भोपाल है। यहां 10 ग्राम सोने का भाव 121,870 रुपये चल रहा है।

# जीएसटी कटौती से अक्टूबर में विनिर्माण को मिली गति



■ पीएम आई 57 . 7 से बढ़कर पहुंचा 59.2 पर, स्थिरता का संकेत

**मुंबई।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में गत 22 सितम्बर से किए गए बदलाव के कारण अक्टूबर में घरेलू विनिर्माण गतिविधियों में तेजी देखने को मिली है।

मासिक आधार पर जारी एचएसबीसी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितम्बर के 57.7 से बढ़कर अक्टूबर में 59.2 पर पहुंच गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी को और इससे कम रहना मंदी को दिखाता है जबकि 50 का स्तर स्थिरता का संकेत है। पीएमआई रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी में राहत, उत्पादकता बढ़ने और प्रौद्योगिकी में निवेश से विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि की रफ्तार तेज हुई है। नए ऑर्डरों में तेजी से वृद्धि हुई है और इसमें घरेलू बाजार की भूमिका रही है, हालांकि विदेशों से मिले ऑर्डरों में बढ़ोतरी सुस्त पड़ी है। कच्चे माल के भंडार में लगभग रिकॉर्ड गति से तेजी आई है। विदेशी बिक्री 10 महीने में सबसे धीमी रफ्तार से बढ़ी है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मांग मजबूत रहने से अक्टूबर में आउटपुट नए ऑर्डर और रोजगार सृजन में तेजी आई है। लागत मूल्य में कमी आई है जबकि औसत विक्रय मूल्य बढ़ा है। जीएसटी सुधार और मजबूत मांग से सकारात्मक उम्मीदों के कारण भविष्य को लेकर कारोबारी भावना मजबूत बनी हुई है।'' रिपोर्ट के अनुसार, विनिर्माताओं ने कच्चे माल की खरीद बढ़ा दी और इसमें वृद्धि की रफ्तार मई 2023 के बाद सबसे अधिक रही। लगातार 12वें महीने नए रोजगारों का सृजन हुआ है, हालांकि इसकी रफ्तार सितम्बर की तरह ही धीमी रही।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड ने...**

दर में कमी आई है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे राज्य में सुशीला बलूनी, बछेन्द्री पाल, गौरा देवी, राधा भट्ट और वंदना कटारिया जैसी असाधारण महिलाओं की गौरवशाली परंपरा आगे बढ़ेगी। इसी तरह ऋतु खंडूरी भूषण को राज्य की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त कर उत्तराखंड विधानसभा ने इतिहास रचा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगे भी सभी विधायक जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति देते रहेंगे और 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना के साथ राज्य तथा देश को विकास-पथ पर अग्रसर रखेंगे। इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.), स्पीकर ऋतु खंडूरी भूषण, नेता सदन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी सदन को संबोधित किया।

**आईसीएआई सीए...**

की एल.राजलक्ष्मी ने 360 अंकों (90 फीसदी) के साथ फाउंडेशन परीक्षा में टॉप किया, जबकि दूसरे स्थान पर प्रेम अग्रवाल (354 अंक) और तीसरे स्थान पर नील राजेश शाह (353 अंक) रहे। इंटरमीडिएट परीक्षा के ग्रुप-1 में 93,074 कैंडिडेट्स शामिल हुए, जिनमें से 8,780 पास हुए। वहीं ग्रुप-2 में 69,768 उम्मीदवारों में से 18,938 ने सफलता हासिल की। इस परीक्षा में नेहा खानवानी, कृति शर्मा और अक्षत बिरेंद्र नौटियाल को टॉप तीन पोजीशन मिलीं। फाइनल परीक्षा के रिजल्ट में 11,466 उम्मीदवार सफल होकर चार्टर्ड एकाउंटेंट बने हैं। ग्रुप-1 में 51,955 उम्मीदवारों ने भाग लिया जबकि ग्रुप-2 में 32,273 उम्म्मीदवार शामिल हुए। 16,800 उम्मीदवार दोनों ग्रुप की परीक्षा में शामिल हुए। फाइनल परीक्षा में मध्य प्रदेश के धामोद के मुकुंद आगीवाल ने टॉप किया, जबकि तेजस मुंदड़ा दूसरे और बाकुल गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। परीक्षा में पास होने के लिए प्रत्येक पेपर में कम से कम 40 प्रतिशत नंबर और कुल मिलाकर 50 प्रतिशत नंबर स्कोर करने होते हैं। जिन कैंडिडेट्स को 70 प्रतिशत या उससे ज्यादा नंबर मिले हैं, उन्हें 'पास विद डिस्टिंक्शन' का दर्जा दिया गया है।

**सरकारी कैम्पस...**

संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की तीन जजों वाली विशेष बेंच ने दर्ज किया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव अदालत में मौजूद हैं। हालांकि, केरल के मुख्य सचिव की जगह प्रधान सचिव पहुंचे थे, जिसे लेकर आवेदन को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बेंच ने आंध्र प्रदेश की ओर से पेश वकील से पूछा कि पिछली सुनवाई की तारीख पर अनुपालन हलफनामा क्यों दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट ने इस मामले में पशु कल्याण विभाग को भी वादी बनाए जाने को कहा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि अधिकांश राज्यों ने अपने अनुपालन हलफनामे दाखिल कर दिए हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में 7 नवम्बर को फैसला सुनाने की बात कही और आदेश दिया कि इस तारीख को मुख्य सचिवों की सशरीर पेशी जरूरी नहीं होगी।

# दिव्यांगजनों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने की जरूरत है: वीरेन्द्र

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय सामा. जिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा है कि दिव्यांगजनों में प्रतिभा की कमी नहीं होती, बस उन्हें प्रोत्साहन की जरूरत होती है और वे अपने लक्ष्य को हासिल कर लेते हैं।

डॉ. कुमार ने सोमवार को यहां अमर ज्योति चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 'रिडिफाइनिग एबेलिटीज' यानी क्षमताओं को नए नजरिए से देखने के विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति नहीं बल्कि प्रोत्साहन की जरूरत होती है। उनमें प्रतिभा और साहस की कमी नहीं होती, प्रोत्साहन से वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर ही लेते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार दिव्यांग. जनों के प्रोत्साहन के लिए अनेक कदम उठा रही है, उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही विशेष योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

सरकार लगातार इस दिशा में काम कर रही है कि दिव्यांग. जनों को शिक्षा, कौशल विकास, सुगम वातावरण और रोजगार के बेहतर अवसर मिलें। दिव्यांग. जनों को सशक्त बनाना कोई दान नहीं, बल्कि उनका अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर, सम्मान और आत्मनिर्भर जीवन मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार नई शिक्षा नीति के साथ-साथ विशेष योजनाओं और नीतियों के जरिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण कर रही है और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दे रही है।

डॉ. कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांग. जनों की कला और हुनर को प्रोत्साहन देने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर 'दिव्य कला मेलों' का आयोजन किया जा रहा है, जहां वे अपने बनाए हुए उत्पाद प्रदर्शित और बेच सकते हैं। इन प्रयासों से दिव्यांगजन न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि अपने परिवारों को भी मज़बूती दे रहे हैं। ये मेले बहुत सफल रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) को 300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नया रूप दिया गया है। दिव्यांगजनों के लिए वहां सहायक उपकरणों का निर्माण अब ढाई गुना अधिक हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गहने व विदेशी मुद्रा प्राप्त करने को एनआईआर को बनाया निशाना, धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने अनिवासी वरिष्ठ नागरिक के साथ हुई स्नैचिंग-सह-डकैती का मामला सुलझाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से सोने के आभूषण, १३५ पाउंड, मोबाइल फोन और अपराध में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं और पहले भी कई बार डकैती और झपटमारी के मामलों में शामिल रहे हैं।

दिल्ली के पूर्वी जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विनीत कुमार ने बताया कि २८ अक्टूबर को पांडव नगर थाने के क्षेत्राधिकार में एक झपटमारी की घटना दर्ज की गई, जिसमें दो बाइक सवारों ने मैत्री अपार्टमेंट, पांडव नगर के पास एक एनआरआई वरिष्ठ नागरिक महिला को निशाना बनाया और उसका हैंडबैग छीन लिया।

बैग में सोने के आभूषण, पचास हजार नकद, ३०० पाउंड, महत्वपूर्ण दस्तावेज, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और अन्य निजी सामान थे। एक गुप्त मुखबिर से मिली सूचना पर एसीपी ऑप्स संजय सिंह की देखरेख और इंस्पेक्टर जितेंद्र मलिक के नेतृत्व में टीम ने दोनों आरोपी रोहित (२६) और मुकुल (२४) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास लसे एक सोने की अंगूठी,एक सोने का हार ,१३५ पाउंड (विदेशी मुद्रा) ,पीड़िता का मोबाइल ,लेडी पर्स, पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज और अपराध में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।पुलिस पूछताछ करने पर, दोनों ने उक्त स्नैचिंग-सह-डकैती में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली है।

पूछताछ के दौरान, दोनों आरो. पियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने आर्थिक तंगी और जल्दी पैसा कमाने की चाहत के कारण स्नैचिंग की थी। यह जानते हुए कि पीड़िता एक एनआरआई है और उसके पास संभवत: कीमती सामान है, उन्होंने उसे तत्काल आर्थिक लाभ के लिए सोने के गहने और विदेशी मुद्रा प्राप्त करने के लिए निशाना बनाया।

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने स्कूलों के बच्चों से यमुना संरक्षण पर सुझाव लिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली।दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा यमुना किनारे वासुदेव घाट पर आयोजित यमुनोत्सव 2025 यमुना कांक्लेव" कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कानक्लेव संयोजक एवं यमुना भिक्षुक रविशंकर तिवारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने वहां कानक्लेव में भाग लेने आये स्कूलों के बच्चों से संवाद किया और यमुना संरक्षण पर उनके सुझाव लिया। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा यह आयोजन हमारी जीवनदायिनी यमुना के संरक्षण, संवर्धन और सांस्कृतिक पुनर्जीवन के प्रति जनजागृति का प्रतीक है, यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की आत्मा है। हमारी संस्कृति, सभ्यता और अस्तित्व का आधार है यमुना। यमुना कानक्लेव जैसे प्रयास निश्चित ही यमुना को स्वच्छ, निर्मल और जीवंत बनाने की दिशा में प्रेरक सिद्ध होंगे।

# दिल्ली पुलिस के 18 पुलिस थानों की जल्द होगी अपनी बिल्डिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के १८ पुलिस थानों की जल्द ही अपनी बिल्डिंग होगी। इसके लिए जमीन मिल गई है और केंद्रीय गृहमंत्रालय ने भवन बनाने की अनुमति भी दे दी है। थानों के लिए बिल्डिंग बनाने में कुल ६५३ करोड़ होंगे खर्च होंगे। परियोजना पूरा करने का जिम्मा सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (सीपीडब्ल्यूडी) को दिया जाएगा।

गृह मंत्रालय ने हाल ही में पुलिस के २६ प्रोजेक्ट को अमली जामा पहनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में १८ पुलिस थानों को बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ६५३.४६ करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति और खर्च की मंजूरी दी है। इनमें से कुछ थानों की बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है तो कुछ किराए की इमारत में चल रहे हैं। जैतपुर थाना इनमें सबसे महंगा है लेकिन अन्य थानों का भी किराया लाखों में है।

अधिकारियों ने बताया कि १८ पुलिस स्टेशनों की बिल्डिंग के अलावा इस रकम से पुलिस की सात नई चौकियां भी बनाई जाएगी। ये चौकियां किराए के मकानों में चल रही है। इसी तरह रोहिणी में महिला स्टाफ के लिए एक वूमेन हॉस्टल बनाया जाएगा, जो सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। पुलिसकर्मियों को बेहतर आवास की सुविधाओं के मद्देनजर १५ पुलिस स्टेशन के परिसरों में कुल १८० फ्लैट्स बनाए जाएंगे, जिनमें हर कॉम्प्लेक्स में १२-१२ फ्लैट्स बनाने की योजना है। कई अन्य छोटे-छोटे प्रोजेक्ट्स भी है, जिन्हें इस रकम के जरिए पूरा करने में मदद मिलेगी।

किराए की इमारतों में चल रहे पुलिस स्टेशन की वजह दिल्ली में जमीन की कमी बताई जा रही है। इसकी वजह से दिल्ली पुलिस पर मासिक खर्च बढ़ता है। स्टेशनों की बुनियादी ढांचागत स्थिति भी प्रभावित होती है। कई स्टेशनों के लिए सरकार नई इमारतें बनाने की योजना बना रही है। फिलहाल भारत नगर, शाहबाद डेरी, प्रेम नगर, स्वरूप नगर, भलस्वा डेरी, जैतपुर, सोनिया विहार, फतेहपुर बेरी, छावला, करावल नगर, निहाल विहार, रणहौला और तिगड़ी थाने किराए की बिल्डिंगों में चल रहे हैं।

## भारत को अपने चिकित्सकों, वैज्ञानिकों व माइक्रो बायोलॉजी के प्रोफेसरों पर है गर्व: प्रो. योगेश सिंह

**नई दिल्ली।** देश के अग्रणी वैज्ञानिकों, डॉक्टरों और विशेषज्ञों के राष्ट्रीय सम्मेलन "माइक्रोकॉन २०२५" का आयोजन नई दिल्ली में हुआ। क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी, संक्रमण नियंत्रण और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति पर केंद्रित इस पांच दिवसीय आयोजन का शुभारंभ दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कोविड-१९ महामारी के दौरान माइक्रोबायोलॉजी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उसके लिए हम सब आभारी हैं। कुलपति ने कहा कि भारत को अपने चिकित्सकों, वैज्ञानिकों और माइक्रोबायोलॉजी के प्रोफेसरों पर गर्व है, जिन्होंने उस कठिन समय में यह कर दिखाया। प्रो. योगेश सिंह ने सार्वजनिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने में माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी बल दिया। इस सम्मेलन का आयोजन इंडियन एसोसिएशन ऑफ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स द्वारा (२९ अक्टूबर से २ नवम्बर २०२५) किया गया था। इस राष्ट्रीय कांग्रेस में उभरते रोगजनकों, एएमआर और नैदानिक नवाचारों पर चर्चा के लिए अग्रणी विशेषज्ञ एकत्रित हुए। इंडियन एसोसिएशन ऑफ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स की ४८वीं वार्षिक कांग्रेस का आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी एंड इम्यूनोलॉजी, सर गंगा राम अस्पताल और मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी विभाग, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ. चाँद वाट्टल ने बताया कि इस सम्मेलन में देशभर के १५० से अधिक संस्थानों से आए १८०० से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# प्रदूषण कम करने के बहाने पार्किंग शुल्क किया दोगुना: प्रवीण कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने प्रदूषण की इस आपदा में अवसर तलाश चुकी भाजपा को एक्सपोज करके रख दिया है। सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता व एमसीडी सह-प्रभारी प्रवीण कुमार ने एमसीडी सह-प्रभारी प्रीति डोगरा के साथ प्रेस वार्ता कर कहा कि भाजपा ने प्रदूषण कम करने के बहाने पार्किंग शुल्क दोगुना करके आपदा में अवसर ढूंढा है। कनॉट प्लेस जैसे इलाकों में भाजपा की एनडीएमसी ने पार्किंग शुल्क २० रुपए से बढ़ाकर ४० रुपए प्रति घंटा कर दिया है, लेकिन प्रदूषण कम नहीं हो रहा है। भाजपा सरकार को दिल्लीवासियों की सांसों की नहीं, सिर्फ ठेकेदारों को मालामाल करने की चिंता है। आम आदमी पार्टी बढ़ाए गए पार्किंग शुल्क की काफी निंदा करती है और इसे वापस लेने की मांग करती है।

सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर प्रवीण कुमार ने कहा कि इस समय दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। भाजपा लगातार प्रदूषण के आंकड़ों में हेराफेरी करने की कोशिश कर रही है, लेकिन चार इंजन वाली भाजपा सरकार को दिल्लीवासियों की सांसों की कोई चिंता नहीं है। उल्टा, जैसे मोदी जी ने आपदा में अवसर की बात कही थी, भाजपा पूरी तरह उस बात का अनुसरण करती दिखाई दे रही है। प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रदूषण की इसी आपदा में भाजपा को अवसर दिखा और भाजपा की एनडीएमसी ने पार्किंग शुल्क दोगुना कर दिए।

पहले यह शुल्क २० रुपये प्रति घंटा था, अब कनॉट प्लेस जैसी साइटों पर ४० रुपये प्रति घंटा कर दिया गया है। हाल ही मैंने अपनी गाड़ी खड़ी की तो पता चला कि शुल्क दोगुने हो चुके हैं। आसपास देखा तो टैक्सी ड्राइवर, वाहन चालक और १५-२० मिनट के काम से आए लोग पार्किंग के बजाय सड़क पर गाड़ियां खड़ी कर रहे हैं।

## कार ने नवजात को रौंदा मां बाल-बाल बची

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके में बीते एक सडक हादसे में कार की चपेट में आने से नवजात की मौत हो गई। जबकि उसकी मां हादसे का शिकार बनने से बाल बाल बच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार शाम चार बजे समयपुर बादली पुलिस को बालाजी नर्सरी, राजा विहार, सिरसपुर रोड पर एक्सिडेंट होने की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि सफेद रंग की टाटा हैरियर कार ने एक युवक को कुचल दिया है। पुलिस मौके पर पहुंची। एक महिला अपने १४ महीने के बच्चे को गोद में लेकर सडक किनारे बैठी थी।

## एक नजर

### निर्माधाणीन इमारत के लिफ्ट स्पेस में गिरने से व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में निर्माणाधीन इमारत में लिफ्ट स्पेस के पास बने गड्ढे में गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुता. बिक नरेला पुलिस को रविवार शाम करीब पौने सात बजे सत्यवादी राजा हरिशचन्द्र अस्पताल से ५५ साल के राम मंडल नामक व्यक्ति को मृतावस्था में लाने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। शुरूआती जांच में पता चला कि राममंडल मूलरूप से भागलपुर बिहार का रहने वाला था। वह प्लॉट नंबर-१९,सेक्टर ए-७,नरेला में काम कर रहा था। उसकी लिफ्ट स्पेस में गिरने से मौत हो गई थी। जहां पर सुरक्षा के लिये कोई उपकरण नहीं लगे थे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन किया



**नई दिल्ली।** सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाली ष्मानवाधिकार और समाज कल्याण समितिष ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें लगभग ७० रक्तदानियों ने रक्तदान किया, सभी रक्तदानियों में बहुत उत्साह देखने को मिला। जिस ऊर्जा के साथ लोगो ने शिविर में रक्तदान किया उससे साफ जाहिर हो रहा था कि लोगो में नेक कार्य करने की भावना होती है सिर्फ उनको अवसर मिलना चाहिए स कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निगम पार्षद चन्द्र प्रकाश शर्मा,शिवानी पांचाल व भाजपा नेता धर्मवीर नागर, मंडोली रोड मार्किट एसोसिएशन की अध्यक्षा बिन्नी वर्मा, कश्मीरी गेट थानाध्यक्ष प्रशांत यादव व निगम पार्षद रितेश सूजी,निगम पार्षद रीना माहेश्व. री,एसीपी रतन लाल, डॉ ग्लैडमिन त्यागी, डॉ बसन्त गोयल, दिव्य जायसवाल, वरिष्ठ पत्रकार विनोद सक्सेना, अतुल मुदगल, विजय सक्सेना, शशि शर्मा,अमृत एनजीओ व संस्था के पदाधिकारियों में कमल सक्सेना, वैभव वर्मा, प्रवीण शर्मा, मनोज अग्रवाल, अजय सक्सेना, संदीप शर्मा, रोहित गर्ग, गिरीश सोनी, राज शर्मा,राजपाल चौहान, विनोद जिंदल, विकास सक्सेना, अविता चौधरी, पूनमलता भान व समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने कार्यक्रम में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाया। संस्था के लिए बहुत खुशी की बात है कि जो लोगों ने प्यार दिया व इतनी बड़ी संख्या में रक्तदान किया, इस मौके पर कपिल सोनी (अध्यक्ष) ने कहा संस्था हमेशा नेक कार्यों में आगे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है और हमेशा सबके भले के लिए हमेशा तैयार रहती है। संस्था के सभी पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं। बिन्नी वर्मा (अध्यक्ष,मंडोली रोड मार्किट एसोसिएशन) ने कहा मुझे बहुत खुशी होती है कि जब भी यह देखता हूं कि संस्थाएं इतना अच्छा काम करती है। रक्तदान करते रहना चाहिए चूंकि इससे आप किसी की जिंदगी तो बताते ही हो लेकिन साथ ही अपने आप को भी स्वस्थ रखते हो।

### 'एकेन बाबू' का हिंदी वर्जन टीवी पर

**नई दिल्ली।** हल्के-फुल्के और पारिवारिक मनोरंजन के लिए मशहूर मनोरंजन चौनल सोनी सब अब अपने दर्शकों को ले जा रहा है 'एकेन बाबू' की दुनिया में। आठ सफल वेब सीजन और तीन हिट फिल्मों के बाद, यह लोकप्रिय बंगाली जासूसी कॉमेडी अब अपने हिंदी डब संस्करण के साथ टेलीविजन पर दस्तक दे रही है। अपने अनोखे हास्य, बुद्धिमत्ता और मजेदार रहस्य-सुलझाने की शैली के साथ 'एकेन बाबू' अब देशभर के दर्शकों का मनोरंजन करेगा, सिर्फ सोनी सब पर।

'एकेन बाबू' की कहानी है एकेंद्र सेन (जिनका किरदार प्रसिद्ध बंगाली फिल्म अभिनेता अनिर्बाण चक्रवर्ती निभा रहे हैं) की जिन्हें प्यार से एकेन बाबू कहा जाता है। वे एक अजीबोगरीब, मूडी और खाने के बेहद शौकीन जासूस हैं, जिनकी सरलता और विचित्र आदतें अपराधियों और साथियों दोनों को ही चौंका देती हैं। यह शो पारंपरिक गंभीर क्राइम ड्रामाओं से बिल्कुल अलग है, जो दर्शकों को एक हल्का-फुल्का, मनोरंजक और दिलचस्प जासूसी अनुभव देता है यह साबित करते हुए कि एक आम आदमी भी असाधारण रहस्यों को सुलझा सकता है।

## इंडिया एक्सपो में पेश किए कंस्ट्रक्शन सॉल्यूशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत की लीडिंग कंस्ट्रक्शन मशीनरी उत्पादन कम्पनियों में से एक टाटा हिताची 18वें रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो 2025 में भाग लिया। आयोजन विगत सप्ताह इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में संपन्न हुआ। इस साल टाटा हिताची अपनी एनएक्स 80 मशीन प्रदर्शित किए। यह नए जेनरेशन का एक्सकेवेटर है जो विभिन्न कार्यों में बेहतरीन परफॉर्मेंस और वर्सेटिलिटी देने के लिए डिजाइन किया गया है। इस अवसर पर सिद्धार्थ चतुर्वेदी, जनरल मैनेजर मार्केटिंग ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा, रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो में भाग लेकर टाटा हिताची ने रिन्यूएबल एनर्जी में भारत के लक्ष्यों को पूरा करने के प्रति अपना संकल्प दुहराया है।

# दो दिवसीय नेशनल क्रेडल कांफ्रेंस संपन्न

**नई दिल्ली।** अपोलो क्रेडल एंड चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल और अपोलो फर्टिलिटी की ओर से 1 और 2 नवंबर को तीसरी नेशनल क्रेडल कॉन्फ्रेंस का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस शानदार दो-दिवसीय कॉन्फ्रेंस में प्रसूति , महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के साथ-साथ फर्टिलिटी से जुड़े देश के जानेमाने विद्वान शामिल हुए। कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने इस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों, जानकारियों और कानूनी प्रारूपों की चर्चा की, जो देश में इस क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।



कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन मुख्य अतिथि अपोलो हॉस्पिटल्स समूह की संयुक्त प्रबंध निदेशक (जेएमडी) डॉ. संगीता रेड्डी ने किया। उनके साथ में अपोलो हॉस्पिटल्स के ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अनुपम सिब्बल, अपोलो क्रेडल की फीटल मेडिसिन एक्सपर्ट डॉ. अनीता कौल, अपोलो क्रेडल की प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. (प्रो.) चित्रा राममूर्ति और डॉ. (प्रो.) साधना काला सहित कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।'यूनाइटिंग एक्सपर्टीज इन प्री-कॉन्सेप्शन, मेटर्निटी एंड चाइल्डकेयर इन इंडिया' थीम पर आयोजित एनसीसी-2025 क्लिनिकल एक्सीलेंस, रिसर्च और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख मंच बनकर उभरा है। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दौरान सभी स्पेशियलिटीज में नई वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रगति पर गहन चर्चा हुई, जिससे चिकित्सकों को नए बदलावों के बारे में सूचित रहने, नए कौशल को सीखने और उसको अपनाने में मदद मिलेगी। विशेषज्ञों के इन सत्रों में नियोनेटोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, ऑब्स्टेट्रिक्स, फीटल मेडिसिन और संबंधित स्पेशलिटीज में नई दिशा निर्देश और ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई।

## छह हिस्सों में बांटकर होगा 55 किमी लम्बे रिंग रोड का पुनर्विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ५५ किलोमीटर लंबे रिंग रोड का सुधार कार्य छह हिस्सों में बांटकर किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की तरफ से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए निजी एजेंसी को नियुक्त कर दिया गया है। छह माह में डीपीआर तैयार हो जाएगी। इसके बाद योजना पर काम शुरू होगा। रिंग रोड उत्तर, दक्षिण और मध्य दिल्ली को जोड़ता है और रोजाना लाखों वाहनों का बोझ उठाता है। परियोजना का उद्देश्य केवल सड़क चौड़ीकरण या मरम्मत नहीं है बल्कि पूरे रिंग रोड को आधुनिक और सतत परिवहन कॉरिडोर में बदलना है। इसमें एलिवेटेड रोड, ग्रेड सेपरेटर, अंडरपास, पैदल-पथ और साइकिल ट्रैक जैसी आधुनिक संरचनाएं शामिल होंगी ताकि दिल्ली की सड़कों पर जाम और प्रदूषण दोनों में कमी लाई जा सके। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, यह परियोजना राजधानी के दीर्घकालिक रोडमैप २०४० का हिस्सा है जिसके तहत दिल्ली को जाम फ्री, प्रदूषण मुक्त और डाटा संच. ालित शहर के रूप में विकसित करने की योजना है। परियोजना पूर्ण होने के बाद दिल्लीवासियों को जाम से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अनुमान है कि यात्रा समय में ३० से ४० प्रतिशत की कमी, ईंधन खपत में गिरावट और प्रदूषण के स्तर में सुधार देखने को मिलेगा। बेहतर संपर्क से औद्योगिक और आवासीय क्षेत्रों में आर्थिक गति. विधियों को भी बल मिलेगा।



दिल्ली नगर निगम के नेता सदन प्रवेश वाही भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण करते हुए।

# दिल्ली के निचले सतह के क्षेत्रों को भलस्वा लैंडफिल साइट की मिट्टी से भरने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के नेता सदन प्रवेश वाही ने आज भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण करते हुए राजधानी की सभी आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र और खाली पड़ी जगहों की फिलिंग (मिट्टी भराव) के लिए भलस्वा लैंडफिल साइट से निकली इनर्ट मिट्टी का उपयोग कर सकते हैं।

यह सुविधा दिल्ली नगर निगम से मुफ्त में उपलब्ध होगी और विशेष बात यह है कि पांच डंफर या ट्रक से अधिक इनर्ट मिट्टी (यानी २०० मीट्रिक टन से अधिक) के लिए ही निगम से यह सेवा मुफ्त उपलब्ध रहेगी। इसके लिए महापौर कार्यालय, नेता सदन कार्यालय व जोनल उपायुक्त कार्यालय को संपर्क किया जा सकता है।

इस निरीक्षण के दौरान दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त लीलाधर मेघवाल, ईएनसी पी. सी. मीणा एवं सिविल लाइन जोन के उपायुक्त अंशुल सिरोही सहित अन्य निगम अधिकारी मौजूद रहे। प्रवेश वाही ने कहा कि यहां भलस्वा लैंड फिल साइट पर प्रतिदिन १४ मीट्रिक टन कूड़ा आता है और उसमें से १० मीट्रिक टन कूड़ा का निस्तारण हो रहा है।

नेता सदन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम २०२६ के अंत से पहले भलस्वा के कूड़े के पहाड़ को पूरी तरह समाप्त कर देंगे। यह दिल्ली की स्वच्छता और पर्यावरण सुधार की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि ष्हमारी दिल्ली की भाजपा सरकार एवं निगम की सरकार इन कुड़ी के पहाड़ों को खत्म करने के लिए पूरी तरह कृत संकल्पित हैं ।

वाही ने बताया कि भलस्वा साइट से निकल रही इनर्ट मिट्टी को अब उपयोगी रूप में लाया जा रहा है। इस मिट्टी का उपयोग निचली सतह के क्षेत्र अर्थात लो लाइंग एरिया को भरने के लिए किया जा सकता है, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या को खत्म या कम किया जा सकता है।

# संतुलित जीवन जिएं: माता सुदीक्षा जी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सांसारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए आध्यात्मिकता को जीवन में अपनाने से जीवन सहज, सुंदर एवं सफल बन जाता है।'' सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने ७८वें निरंकारी संत समागम के तीसरे दिन उपस्थित विशाल जनसागर को अपने दिव्य प्रवचनों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उपरोक्त भाव व्यक्त किए।



इस सन्त समागम में विश्वभर से आए लाखों श्रद्धालु सतगुरु के पावन दर्शनों से आत्मविभोर हो रहे हैं, मुर्शद और मुरीद का यह संगम दिव्यता, भव्यता और आत्मिकता का अद्वितिय नजारा है।

सतगुरु माता जी ने आगे फरमाया कि केवल भौतिकता में आसक्त रहना अथवा आध्यात्मिक उन्नति के लिए घर परिवार की जिम्मेदारियों से किनारा कर लेना, ये दोनों ही जीवन के चरम छोर हैं। संतों ने हमेशा अलिप्त भाव से संसार में रहकर परमार्थ के मार्ग को अपनाते हुए संतुलित जीवन जीने की बात कही है। जीवन में यदि हम निराकार परमात्मा की उपस्थिति का अहसास करते हुए हर कार्य करते हैं तो वह कार्य निर्लेप भाव से युक्त सेवा ही हो जाता है, जिससे जीवन के दोनों पहलुओं की पूर्ति हो जाती है।

सतगुरु माता जी ने वसुधैव कुटुंबकम की भावना का जिक्र करते हुए कहा कि संत अपने जीवन में आत्मभाव जागृत करके पूरी मानवता के प्रति प्रेम भाव धारण करते हैं। संत सबको एक नजर से देखते हुए किसी की जाति-पाति, अच्छाई-बुराई, गरीबी-अमीरी अथवा अन्य कोई भी भेदभाव मन में नहीं रखते हैं और जहां भेदभाव नहीं, वहां नफरत भी नहीं रहती; रहता है तो केवल प्रेम।

सतगुरु माता जी ने अंत में कहा कि प्रेम देना भी है और स्वीकार भी करना है पर वास्तव में प्रेम बांटने के लिए होता है, केवल बटोरने के लिए नहीं। प्रेम वह भाव है जो जितना देते हैं उतना ही मन खुश रहता है, उसमें वापस पाने की अपेक्षा नहीं रखी जाती। संतों का भाव तो देने का होता है न कि लेने का। ठीक इसी तरह संतु. लित भाव को अपनाने से मन में शि. कवे की जगह निरंतर शुकराने का भाव उत्पन्न होने लगता है।

## अभ्यर्थियों के लिए होगा पुस्तक विमोचन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्पटन दिल्ली, टेक पार्क,ऑफ गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन में यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्पटन दिल्ली और मैक्ग्रा हिल इंडिया संयुक्त रूप से इंटरनेशनल रिलेशंस फॉर सिविल सर्विस एस्पायरेंट्स के दूसरे संस्करण का विमोचन समारोह आयोजित करने जा रहे हैं। यह पुस्तक अशोक कुमार, आईपीएस सेवानिवृत्त, पूर्व पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड एवं कुलपति, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, और डॉ. राजेश मोहन, आईपीएस, पुलिस उपायुक्त, गुरुग्राम द्वारा सह-लेखित है। यह पुस्तक सिविल सेवा अभ्यर्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय संबंधों की तैयारी हेतु एक व्यापक मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करती है। इस अवसर पर हरियाणा के माननीय राज्यपाल प्रोफेसर अशिम कुमार घोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं डम्मु रवि, आईएफएस, सचिव, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

समारोह में यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्पटन दिल्ली की अकादमिक प्रोवोस्ट प्रोफेसर इलोइस फिलिप्स तथा पुस्तक के लेखक अपने विचार साझा करेंगे। इसके बाद सार्वजनिक सेवा शिक्षा और शासन में अंतरराष्ट्रीय संबंधों की भूमिका पर एक विचार-विमर्श सत्र का आयोजन किया जाएगा।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### उत्तर प्रदेश बॉर काउंसिल चुनाव की तैयारी

# पूर्व उपाध्यक्ष शाहनवाज राणा ने की वकीलों से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आगामी चुनाव को लेकर पूर्व विधायक, पूर्व उपाध्यक्ष बार काउंसिल उत्तर प्रदेश एवं एडवोकेट डॉक्टर शाहनवाज राणा ने अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान आज गाजियाबाद कोर्ट परिसर में अपना चुनाव प्रचार किया जहां पर वह अधिवक्ताओं से मुखातिब हुए।

वरिष्ठ एडवोकेट कुंवर अयूब अली के चेंबर पर उनका स्वागत किया गया साथ ही कचहरी परिसर में प्रचार के दौरान सैकड़ों अधिवक्ताओ ने उन्हें प्राथमिक रूप से प्रथम वरीयता का वोट देने का आश्वा. सन दिया। विधायक शाहनवाज राणा ने कहा कि उन्होंने पूर्व में भी अपने उपाध्यक्ष कार्यकाल में अधिवक्ता समाज के लिए कई कार्य किए हैं और इस बार और अधिक तत्परता के साथ वह वकीलों की समस्याओं के लिए लड़ेंगे। इसलिए वह सदस्य पद के लिए चुनाव मैदान में है एडवोकेट शाहनवाज राणा को वकीलों ने अपना भरपूर प्यार दिया और उन्हें जिताने का आश्वासन दिया।

इस दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ एडवोकेट कुमार अयूब अली, एडवोकेट विजय भाटी, एडवोकेट मनोज प्रजापति, एडवोकेट कुलदीप, एडवोकेट रहीसुद्दीन अहमद, एडवोकेट मनीष माहुर, एडवोकेट सुमन शर्मा, एडवोकेट पूजा, वरिष्ठ पत्रकार तौसीफ हाशमी, पत्रकार ताहिर अली, पत्रकार आसिफ अली, वरिष्ठ पत्रकार हकीम, पत्रकार तस्लीम भाई, समेत दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।







## भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) ने किया गढ़ मेले में संगठन के नए कार्यालय का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी व राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख द्वारा गढ़ मेले में संगठन के नए कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजापाठ एवं हवन के साथ किया गया। इस अवसर पर संगठन विस्तार के तहत मेरठ मण्डल अध्यक्ष के रूप में एडवोकेट जितेन्द्र चौधरी एवं जिला उपाध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर के रूप में चौधरी पवन कुमार सरपंच का मनोनयन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, प्रदेश अध्यक्ष (एडवोकेट) भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम ललित भाटी,प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र त्यागी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सोनवीर सिंह सोनू, महिला प्रदेश अध्यक्ष गीता निगम, राष्ट्रीय सचिव सोनवीर खुटैल, प्रदेश उपाध्यक्ष सतवीर गुर्जर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, कोषाध्यक्ष सोनवीर सोनू, श्याम सिंह चौधरी, प्रमोद चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पिज्जा रेस्तरां में अचानक फट गया माइक्रोवेव ओवन, पिता-पुत्र बुरी तरह झुलसे

**गाजियाबाद।** विजयनगर थानाक्षेत्र से एक पिज्जा रेस्तरा में माइक्रोवेव फटने की घटना सामने आई है। घटना प्रताप विहार इलाके में देर रात घटी है।

हादसे में रेस्तरां में खाना खा रहे एक युवक और उसके दो बेटे गंभीर रूप से झुलस गए। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। परिजनों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। प्रताप विहार सेक्टर-11 निवासी दिगेश कुमार ने बताया कि उनका भाई 36 वर्षीय भूपेंद्र कुमार रविवार देर शाम अपने बेटों शौर्य (12 साल) और ध्रुव (11 साल) के साथ प्रताप विहार स्थित एक पिज्जा रेस्तरां पर खाना खाने गया था। खाना तैयार करते समय अचानक रेस्तरां के माइक्रोवेव ओवन में तेज धमाका हो गया। धमाके की चपेट में आकर भूपेंद्र और उनके दोनों बेटे बुरी तरह झुलस गए। दिगेश कुमार के अनुसार, सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और तीनों को प्रताप विहार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद डायल-112 पर सूचना देकर पुलिस को बुलाया गया। उन्होंने रेस्तरां संच. ालक की लापरवाही बताते हुए विजयनगर थाने में लिखित शिकायत दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नशा मुक्त जनपद बनाने के लिए अभियान के तहत करें कार्य: सौरभ भट्ट


### अपने दायित्वों को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से निभाएं: एडीएम एफ/आर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनपद में मादक पदार्थों (नारकोटिक्स) की बिक्री व तस्करी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन पर एडीएम एफ/ आर सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में नारको को- ऑर्डिनेशन सेंटर की महत्वपूर्ण बैठक आहूत हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम एफ/ आर सौरभ भट्ट ने कहा कि जनपद में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार, खरीद-फरोख्त और ड्रग ट्रैफिकिंग के विरुद्ध अभियान को और तेज करने की आवश्यकता है।

जनपद में सतर्कता और इण्टेलिजेंस को बेहतर करना होगा एवं जनपद की अन्तर्राज्यीय



सीमा पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास और सुरक्षा की दृष्टि से सीमा प्रबन्धन अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय है। इसे एक मुहिम का रूप देना होगा। उन्होने कहा कि सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ ड्रग माफियाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एडीएम एफ/ आर सौरभ भट्ट ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों, अस्पताओं सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता से सम्बंधित जो भी कार्य नियमानुसार किये जा सकते हैं, वे किये जाये। अभियान के तहल विद्यालय के समीप गुटका, सिगरेट आदि के क्रयख्रविक्रय पर पाबंदी लगाई जाएं। उन्होने कहा कि स्कूलों द्वारा नशा मुक्ति के अन्तरर्गत विद्यार्थियों से वाद विवाद, चित्रकला, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये। एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट ने जीआरपी, आरटीओ, परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन जैसे स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए ताकि जो लोग मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं उनको पकड़ा जा सके और युवाओं को नशा से दूर रखा जा सके। ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देशित किया गया कि सभी दवा की दुकानों का निरीक्षण करें एवं बगैर लाइसेंस के नारकोटिक्स रखने वाले मेडिकल स्टोरों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, नारकोटिक्स सेल, खाद्य विभाग, ड्रग इंस्पेक्टर, डीपीओ, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, यातायात विभाग के अधिकारी /प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीए परीक्षा में जनपद के छात्रों ने लहराया परचम

**गाजियाबाद।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने सोमवार को सीए फाइनल, सीए इंटर एवं सीए फाउंडेशन का परिणाम जारी कर दिया। इसमें जिले के छात्रों ने शानदार सफलता प्राप्त कर नाम रोशन किया है। परी गर्ग ने जहां सीए इंटर की परीक्षा पहले ही प्रयास में पास की तो वहीं प्राची ने सीए फाउंडेशन में कमयाबी हासिल की है। रोज 12 घंटे पढ़ाई कर परी ने सफलता पाई। राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एंक्लेव सोसाइटी निवासी परी गर्ग ने अपने पहले ही प्रयास में सीए इंटर की परीक्षा दोनों ग्रुप में पास की है।

## तालाब के पुनर्स्थापना कार्य का ब्लॉक प्रमुख ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** ब्लॉक भोजपुर के ग्राम अमराला में स्थित तालाब के पुनर्स्थापन (रेस्टोरेशन) के कार्य का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख भोजपुर श्रीमती सुचेता सिंह एवं प्लांट हेड श्री शलभ वत्स ओर लवकांत भारद्वाज द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया। प्रमुख ने बताया कि वे अपने क्षेत्र में जल संरक्षण (‍जमत ब्वदेमतअंजपवद) के लिए निरंतर सक्रिय हैं तथा विभिन्न तालाबों को चिन्हित कर उन्हें रेनवॉटर हार्वेस्टिंग (तंपदूंजमत भ्ंतअमेजपदह) के माध्यम से पुनर्जीवित करने का कार्य कर रही हैं। इस पहल में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) श्री अभिनव गोपाल, मोदीनगर विधायक श्रीमती मंजू सिवाच, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह तथा बीडीओ भोजपुर श्री पीयूष चंद राय सहित स्थानीय प्रशासन पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहा है और समाज की सहभागिता सुनिश्चित कर रहा है। ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह ने बताया कि आने वाले समय में पूर्वा फाउंडेशन के सहयोग से क्षेत्र के कई अन्य तालाबों का पुनरुद्धार कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया जा सकेगा। इस अवसर पर विकेश प्रजापति, अजय कुमार सहित अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे और इस पहल के प्रति अपना उत्साह एवं सहयोग व्यक्त किया।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में युवा संसद आइडियाज एंड एक्शन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में आवाज फाउंडेशन के सहयोग से दो दिवसीय युवा संसद आइडियाज एंड एक्शन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से परिचित कराना, विचार विमर्श की संस्कृति को प्रोत्साहित करना तथा नेतृत्व एवं अभिव्यक्ति कौशल को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ० अरुणाभ सिंह एवं कार्यकारी प्रमुख सुसन होम्स द्वारा किया गया। दोनों ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में युवाओं को विचारशील नागरिक बनने तथा अपने विचारों को रचनात्मक कार्यों में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित किया। इस



आयोजन का संचालन विद्यालय के विद्यार्थी नेतृत्व दल द्वारा किया गया, जिसमें सेक्रेटरी जनरल कृष्णा नारंग, डेप्युटी सेक्रेटरी जनरल अनवी सबरवाल तथा डायरेक्टर जनरल विश्वम दीक्षित ने नेतृत्व संभाला। इनके साथ यूएसजी हॉस्पिटैलिटी सक्षम जैन, यूएसजी लॉजिस्टिक्स तविशी कौशिक, यूएसजी डेलीगेट अफेयर्स साइना शर्मा और यूएसजी मार्केटिंग एवं कल्चरल अफेयर्स वर्निका ने अपनी अपनी भूमिकाओं में उत्कृष्ट समन्वय और आयोजन कुशलता का परिचय दिया। इन सभी छात्र नेताओं ने इस कार्यक्रम को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया।

युवा संसद में लोकसभा, एआईपीपीएम, एनएचआरसी, यूएनएससी, संविधान सभा, यूएनडीपी तथा प्रेस जैसी समितियों का गठन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने प्रतिनिधि बनकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विषयों पर सारगर्भित चर्चा और विचार विमर्श किया। समापन समारोह में विजेताओं की घोषणा की गई तथा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों की उत्कृष्ट वक्तृत्व कला. अनुसंधान क्षमता और नेतृत्व कौशल की सराहना की गई। समारोह का समापन प्रधानाचार्या मंजुला सिंह द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों, आयोजन समिति और आवाज फाउंडेशन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए युवाओं को समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। आइडियाज एंड एक्शन युवा संसद ने विद्यालय की उस दृष्टि को साकार किया जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी को विचारशील, जिम्मेदार और सक्रिय नागरिक के रूप में सशक्त करने का संकल्प निहित है।

# आईटीएस में फिल्म जस्सी वेड्स जस्सी के प्रमोशन की मेजबानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस द एजुकेशन ग्रुप को आगामी फिल्म "जस्सी वेड्स जस्सी" के प्रमा. ेशनल इवेंट की मेजबानी करने का सौभाग्य 3 नवंबर 2025 को प्राप्त हुआ। यह समारोह संस्थान के चाणक्य ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 600 से अधिक छात्रों और 50 संकाय सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ जबरदस्त प्रमोशनल इवेंट देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत आई.टी.एस ख्र द एजुकेशन ग्रुप के उपाध्यक्ष अर्पित चड्ढा द्वारा गर्मजोशीपूर्ण स्वागत कार्य क्रम के साथ किया गया। कैम्पस को उस समय गौरव की अनुभूति हुई जब प्रसिद्ध फिल्मी हस्तियाँ रणवीर शौरी, सिकंदर खेर,



हर्षवर्धन देव और रहमत रत्तन की मंच पर उपस्थिति दर्ज हुई। आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप मेबअर्पित चड्ढा ने विशिष्ट अतिथियों को फूलों के गुलदस्ते और शॉल भेंट किए। गणमान्य अतिथियों ने छात्रों के साथ संवाद किया और अपनी फिल्म से जुड़ी प्रेरणादायक जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने अपने उत्साहवर्धक शब्दों से छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की विशेष झलक हर्षवर्धन देव और रहमत रत्तन का ऊर्जावान प्रदर्शन थी, जिसमें फिल्म के एक गीत पर नृत्य कर माहौल को जीवंत बना दिया और सभी के लिए यादगार क्षण प्रस्तुत किया गया। सभी छात्र छात्राओं ने नृत्य में शामिल होकर भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम का समापन तालियों और उत्साहपूर्ण जयकारों के बीच हुआ और उपस्थित सभी छात्र, शिक्षक और कर्मचारियों ने मनोरंजन और आनंद से भरी दोपहर का आनंद लिया। इस अवसर पर आई.टी. एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर पी चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता जाहिर की और सभी को अपनी शुभकामनाएं दी। आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ अजय कुमार, आई.टी.एस के निदेशक डॉ सुनील कुमार पाण्डे एवं आई. टी. एस गाजियाबाद ( यू जी) कैंपस की प्राचार्या डॉ नैंसी शर्मा के ऊर्जावान संबोधन ने छात्रों को जोश और उत्साह से परिपूर्ण कर दिया। कार्यक्रम का समापन जोरदार तालियों और उत्साह के साथ हुआ, सभी ने इस खास मौके को प्रेरणा, मनोरंजन और उत्सव से भरपूर रूप में संजोया।

गौरतलब है कि आई टी एस गाजियाबाद परिसर में इस प्रकार के गैर अकादमिक क्रिया कलाप हमेशा एक निश्चित कालांतर में आयोजित किए जाते हैं जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बॉलीवुड के कलाकार, गायक गायिका, उत्कृष्ट खिलाड़ी, समाजसेवी तथा कला एवं संस्कृति के मशहूर हस्तियों को बुलाकर उन्हें सम्मानित किया जाता है और छात्रों का भरपूर मनोरंजन और उत्साह वर्धन भी होता है।

## ब्लॉक भोजपुर में 72 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड भोजपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 72 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। योजनान्तर्गत रू0 25,000/- की उपहार सामग्री (वर-वधु के कपडे, चाँदी की बिछिया व पायल, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कूकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घड़ी इत्यादि) विवाहित जोड़े को दिया जाता है। उक्त के अतिरिक्त कन्या के बैंक खाते में रू0 60,000/- की धनराशि भुगतान किये जाने का प्राविधान है। सोमवार को सम्पन्न हुये सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 31, अन्य पिछडा वर्ग के 15, सामान्य वर्ग के 11 एवं



अल्पसंख्यक वर्ग के 15 जोडे कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित 57 हिन्दू जोड़ों का हिन्दू रीति रिवाज से फेरे एवं जयमाल तथा मुस्लिम वर्ग के 15 जोड़ों का निकाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में प्रमुख क्षेत्र पंचायत भोजपुर सुचेता सिंह एवं मा. विधायक मोदीनगर प्रतिनिधि करनवीर सिंह द्वारा उपस्थित रहकर विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद प्रदान किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी, गाजियाबाद संदीप चौधरी और खण्ड विकास अधिकारी, भोजपुर पीयूष चन्द्र राय व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी साहित्य निषक सिंह एवं समाज कल्याण विभाग तथा विकास खण्ड, मुरादनगर कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा।

## सनातन हिंदू जोड़ो यात्रा के लिए अक्षत वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के द्वारा सनातन हिंदू एकता के लिए 7 से 16 नवम्बर तक निकाली जाने वाली पदयात्रा के लिए अक्षत वितरण का कार्यक्रम किया गया। बागेश्वर धाम से पधारे पंडित रोहित रिछारिया वह हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास ने सभी को निमंत्रण पत्र देकर अक्षत वितरण किया व पदयात्रा में शामिल होने की अपील की। बागेश्वर धाम का प्रतिनिधिमंडल विशेष रूप से गाजियाबाद में आध्यात्मिक गुरु नवनीतप्रिय दास को निमंत्रण देने के लिए उपस्थित हुआ था। आज किस कार्यक्रम को स्विस होटल में संपन्न किया गया जिसमें विशेष रूप से एसबीपी ग्रुप के विजय जिंदल सौरभ जायसवाल मंत्री प्रति. निधि मुकेश गोयल अनिल सांवरिया आयुष त्यागी काकड़ा सुरेश चंद्र गर्ग मोतीलाल गुप्ता अनिल गर्ग आशीष, अशोक आदि सम्मिलित रहे।

### सुन्दरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में

# ड्रोन टेक्नोलॉजी पर तकनीकी कार्यशाला का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुन्दरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में ड्रोन टेक्नोलॉजी पर तकनीकी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला क्न्बाज नोएडा के सहयोग से आयोजित हुई, जिसमें अभिषेक गुप्ता (ड्रोन एक्सपर्ट) ने संसाधन व्यक्ति के रूप में अपनी विशेषज्ञता साझा की। कार्यशाला का शुभारंभ एडमिन ब्लॉक स्थित सेमिनार हॉल में किया गया। अभिषेक गुप्ता ने विद्यार्थियों को ड्रोन तकनीक की आधुनिक अवधारणाओं, इसके औध्योगिक उपयोगों और नवीनतम नवाचारों



के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ड्रोन आज कृषि, सर्वेक्षण, निगरानी और लॉजिस्टिक्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं। कार्यशाला में बी.टेक. और बी.सी.ए. विभाग के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ड्रोन टेक्नोलॉजी में करियर की संभावनाओं को समझा। छात्रों ने इस सत्र में ड्रोन के कार्य प्रणाली, निर्माण और प्रोग्रामिंग से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी भी प्राप्त की। यह कार्यशाला संस्थान की निदेशक डॉ. मोनिका सैंगर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष वंदना शर्मा, कंप्यूटर एप्लीकेशन्स विभागाध्यक्ष योगिता कौशिक तथा दोनों विभागों के शिक्षकों ने सक्रिय सहयोग दिया। सुन्दरदीप एजुक. ेशनल सोसाइटी के चेयरमैन एवं एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर महेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव, उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार तथा रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर डॉ. मोनिका सैंगर ने कहा कि इस तरह की तकनीकी कार्यशालाएँ विध्द्यार्थियों को उध्द्योग की बदलती आवश्यकताओं से जोड़ती हैं और उनकी तकनीकी समझ को सशक्त बनाती हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी आज के डिजिटल युग का महत्वपूर्ण हिस्सा है और छात्रों को इसे सीखकर नए अवसरों की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। सुन्दरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक और प्रेरक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा, जिससे छात्र न केवल तकनीकी रूप से सक्षम बनें बल्कि नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना सकें।

# प्रदूषण नियंत्रित को किए जा रहे सभी उपायः रेखा गुप्ता

**▪ वाटर स्प्रिंकलर की डयूटी डबल कर दी जाए, धूल नियंत्रण हमारी प्राथमिकताः सीएम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का स्पष्ट कहना है कि राजधानी दिल्ली को प्रदूषण से बचाना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार गंभीर व प्रभावी उपाय किए जा रहे हैं।

राजधानी में प्रदूषण की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। बैठक में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, विकास मंत्री कपिल मिश्रा, समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, सरकार के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, अन्य विभागों व दिल्ली नगर निगम के उच्च अधिकारी उपस्थित थे। इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों से प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए लगातार चल रहे उपायों पर बातचीत की और कहा कि अब अब अन्य उपाय भी किए जाने जरूरी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई निर्देश जारी किए और कहा कि इन्हें तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को सख्त चेतावनी दी है कि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अगर कहीं भी लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राजधानी में प्रदूषण को नियंत्रित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त व अन्य प्रभावी उपाय शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी के प्रदूषण को कम करने के लिए पड़ोसी राज्यों से समन्वय बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों के अलावा प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ के लिए अतिरिक्ति टीमों का गठन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये टीमें उसी दिन शाम को अपनी रिपोर्ट उन्हें व पर्यावरण मंत्री को भेजेंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि का जलाने वाली घटनाओं पर पूरे तरीके से रोक लगाने के लिए भी अतिरिक्त टीमों का गठन किया जा रहा है। कूड़ा जलाने वालों पर जुर्माना तो लगाया ही जाएगा, साथ ही उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि प्रदूषण को लेकर राजधानी के विभिन्न हॉट स्पॉट को प्रदूषण रहित बनाने के लिए प्रभावी उपाय शुरू कर दिए गए हैं। वहां लगातार पानी की बौछारों का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही धूल रोकने के लिए मैकेनिकल उपाय चल रहे हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली नगर निगम को निर्देश जारी किए गए हैं कि सड़कों, गलियों, बाजारों, कॉलोनियों आदि की लगातार सफाई होती रहनी चाहिए। इसके अलावा जहां भी कूड़ा है, उसे तुरंत हटाया जाए।

उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर विभिन्न टीमें लगातार निगरानी करेंगी। मुख्यमंत्री का कहना है कि हमारी सरकार आगामी दिनों मे भी प्रदूषण रोकने के लिए लगातार तैयारी कर रही है। सर्दियों के दौरान अगर प्रदूषण की स्थिति गंभीर होगी तो रात को विभिन्न कॉलोनियों व बाजारों की सुरक्षा में लगे चौकीदारों को हीटर देने पर भी विचार किया जाएगा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का कहना है कि हमारी सरकार राजधानी के अन्य निकायों के साथ मिलकर प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी उपाय कर रही है। इसके लिए लगातार उपाय व निर्देश जाए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि दिल्ली नगर निगम को निर्देश जारी किए गए हैं कि वाटर स्प्रिंकलर की ड्यूटी डबल कर दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि धूल नियंत्रण हमारी प्राथमिकता है। यह कार्य बेहद गंभीरता व प्रभावी तरीके से किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रित करन के लिए जितनी भी टीमों का गठन किया गया है, उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने काम में बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें। प्रदूषण नियंत्रण हमारी सरकार की प्राथमिकता है, जिसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## रंजिश में नाबालिग को अधमरा किया

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में एक नाबालिग को आपसी झगड़े में पीट पीटकर अधमरा कर दिया। जिसकी अस्पताल में हालत नाजूक बनी हुई है। पुलिस ने नाबालिग की बहन के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक 16 साल का घायल नाबालिग परिवार के साथ नरेला स्थित सेक्टर-ए6 इलाके में रहता है। नरेला पुलिस को सत्यवादी राजा हरिशचन्द्र अस्पताल से नाबालिग को उसकी बहन द्वारा भर्ती करवाने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद नाबालिग को लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में शिफ्ट कर दिया। नाबालिग की बहन से पता चला कि घर पर ही झगड़ा हुआ था। पुलिस शिकायतकर्ता के घर पर पहुंची। जहां पर मकान के छज्जे में काफी ज्यादा खून पड़ा था। छत पर सूखी लकड़ी,शराब की बोतलें, गिलास व ईंट के टूकड़े पड़े थे।

# मुख्यमंत्री करेंगी तीन दिन बिहार में प्रचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री श रेखा गुप्ता आज शाम से बिहार प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव का प्रचार करने जा रही है। मुख्यमंत्री तीन दिन तक राज्य में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगी। इस प्रचार में उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, सहयोगी दलों के नेताओं के अलावा, पार्टी प्रत्याशी व कार्यकर्ता भी होंगे। मुख्यमंत्री जनसभाओं के अलावा रोड शो में भी शामिल होंगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए तीसरी बार बिहार जा रही हैं। यह उनका तूफानी दौरा होगा। इन तीन दिनों में मुख्यमंत्री १२ से १५ विधानसभाओं को संबोधित करेंगी। जिन विधानसभाओं में वह रोड शो व जनसभाओं को संबोधित करेंगी, उनमें ६ नवंबर के अलावा ११ नवंबर को भी मतदान होगा। मुख्यमंत्री सोमवार शाम को ही पटना पहुंच जाएंगी, जहां व रात को बंकिपुर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करेंगी।

इन तीन दिनों में मुख्यमंत्री जिन विधानसभाओं में चुनाव प्रचार, जनसभाएं व रोड शो करेंगी उनमें चार नवंबर को सिवान, बड़हरिया, बैकुंठपुर व अन्य विधानसभा शामिल है। पांच नवंबर को मुख्यमंत्री का प्रचार गौराबोड़ाम, अरवल, गयाजी शहर, औरंगाबाद विधानसभाओं में होगा। आगामी छह नवंबर को मुख्यमंत्री भागलपुर, वारसलीगंज, हिसुआ, दिनारा विधानसभाओं को संबोधित करेंगी। छह नवंबर को रात को ही मुख्यमंत्री के नई दिल्ली पहुं. चने की संभावना है।

## जेएनयू प्रेसिडेंशियल डिबेट में एबीवीपी प्रत्याशी के बोलते ही मचा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रात १२ बजे के बाद शुरू हुई जेएनयू छात्र संघ प्रेसिडेंशियल डिबेट में राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को उठाया गया। कैंपस परिसर वंदे मातरम, कैंपस लाल है भाई लाल है, जय भीम के नारों से गूंज उठा। डिबेट की शुरुआत एनएसयूआई उम्मीदवार विकास से हुई। उन्होंने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को लेकर विरोध दर्ज कराया। पंजाब और हिमाचल प्रदेश में बाढ़ आने पर केंद्र सरकार द्वारा मदद न किए जाने पर सरकार को घेरा। सुप्रीम कोर्ट के जज पर जूता फेंकने को लेकर विरोध दर्ज कराया। विकास ने सरकार को दलित और आदिवासी विरोधी बताया। पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने के मुद्दों को भी विकास ने जोरशोर से उठाया। सरकार द्वारा किसानों की जमीन को औद्योगिक घरानों को देने का आरोप भी लगाया। इसके अलावा गाजा, यूक्रेन के प्रति एकजुटता का आह्वान किया।

इसके अलावा कैंपस के मुद्दों पर उन्होंने जेएनयू की लाइब्रेरी में सुविधाओं के अभाव को लेकर चिंता जाहिर की। एबीवीपी से प्रेजिडेंट पोस्ट के उम्मीदवार विकास पटेल के बोलने पर एबीवीपी व वामपंथी छात्र संगठनों में तनातनी बढ़ गई। वापस जाओ के नारे लगे। प्रेसिडेंशियल डिबेट में डफली बजाकर छात्र उत्साह बढ़ाते दिखे। समर्थक हाथों में शहीद भगत सिंह सहित कई दूसरे क्रांतिकारियों की तस्वीर लेकर पहुंचे थे। चुनाव में प्रेजिडेंट पोस्ट पर सात उम्मीदवार मैदान में है। डिबेट में हर उम्मीदवार को १२ मिनट का समय दिया गया। सेंट्रल पैनल में प्रेजिडेंट, वाइस प्रेजिडेंट, सेक्रेटरी और ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर २० उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है।



राजधानी में प्रदूषण की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठक करते हुए।

# वायु प्रदूषण बरकरार ,वॉटर स्प्रिंकलर तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार चिंताजनक बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शहर के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई ३०० के पार जा चुका है, जिसे श्बहुत खराबश् श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए, प्रशासन ने प्रदूषण कम करने के उपाय के तौर पर कर्तव्य पथ के आसपास ट्रक-माउंटेड वॉटर स्प्रिंकलर तैनात किए हैं। दिल्ली के लोधी रोड पर ३१२, और आनंद विहार इलाके में ३७१ एक्यूआई दर्ज किया गया है, जो गंभीर प्रदूषण का संकेत है। दिल्ली के एक स्थानीय निवाली सैफ ने कहा कि यहां प्रदूषण बढ़ रहा है। आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ हो रही है। सरकार को इस बारे में कुछ करना चाहिए। राजधानी में हवा की गति सुस्त पड़ने और पारा गिरने से लोगों का सांसों पर संकट बरकरार है। ऐसे में प्रदूषण धीरे-धीरे गंभीर श्रेणी की ओर पहुंच रहा है।

दिल्ली में सर्दी की दस्तक के साथ ही वायु प्रदूषण का साया फिर गहरा गया है। ऐसे में रविवार को एक बार फिर हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई, जिससे लोगों को सांस लेने में तकलीफ हुई। दिनभर आसमान में हल्की स्मॉग की चादर देखने को मिली। इसके चलते सुबह के समय दृश्यता भी कम रही। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) ३६६ दर्ज किया गया, जिसमें शनिवार की तुलना में ६३ सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा, एनसीआर में दिल्ली के बाद गुरुग्राम की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई ३५७ दर्ज किया गया, यह बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में ३५१, नोएडा में ३४८ और ग्रेटर नोएडा में ३४० एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हाला सबसे साफ रही। यहां सूचक. ांक २१५ दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान बुधवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में बरक. रार रहेगी। इसके चलते सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, लोगों को आंखों में जलन जैसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

## वजीराबाद में हुए हत्या के प्रयास मामले में वांछित हुआ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने वजीराबाद क्षेत्र में हुए हत्या के प्रयास के मामले में वांछित फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।वह अपने पड़ोस के स्थानीय आपराधिक तत्वों के संपर्क में आया और धीरे-धीरे आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के साथ घनिष्ठ संबंध बना लिए, जिसके कारण वह गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल हो गया।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने बताया कि

०१ नवंबर को, टीम को एक गोपनीय स्रोत से समीर (२५) नामक एक आरोपी की गतिविधि के बारे में एक विशिष्ट सूचना मिली थी। इस सूचना पर एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार और मंजीत सिंह के नेतृत्व में टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी समीर को द्वारका से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी समीर ने वजीराबाद थाने के तहत हुए हत्या के प्रयास मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।पुलिस ने बताया कि आरोपी समीर १०वीं कक्षा तक शिक्षित है और अपने पिता के साथ आभूषणों के बक्से बनाने का काम करता था। किशोरावस्था के दौरान, वह अपने पड़ोस के स्थानीय आपराधिक तत्वों के संपर्क में आया और धीरे-धीरे आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के साथ घनिष्ठ संबंध बना लिए, जिसके कारण वह गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल हो गया।

# नवम्बर साबित हो रहा प्रदूषण का महीना

**▪ इस साल के नवम्बर में प्रदूषण का सबसे ज्यादा स्तर 453 रहा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पिछले तीन साल के आंकड़े भी इसके गवाह है कि नवंबर में सबसे ज्यादा प्रदूषण होता है। ऐसे में इस महीने में सबसे ज्यादा सावधानी की जरूरत है। पिछले दो दिनों में एक्यूआई में राहत के बाद रविवार को फिर से प्रदूषण के स्तर में उछाल आ गया। दिन में एक्यूआई का स्तर ३५० माइक्रोग्राम से ज्यादा दर्ज किया गया।

अगर बारिश होती है तो इस महीने में प्रदूषण से राहत मिल सकती है, अन्यथा इस पूरे महीने में प्रदूषण का स्तर हर बार की तरह इस साल भी ज्यादा ही रहने के आसार हैं।

आकंड़ों को देखें तो यह साफ पता चला है कि हर साल नवंबर में सबसे ज्यादा दिनों तक प्रदूषण रहता है। ३० में से २५ दिन तो ऐसे होते हैं जब हवा की स्थिति खराब या बेहद खराब स्थिति में रहती है। बाकी ५ दिनों में भी ज्यादा राहत नहीं रहती। प्रदूषण का लेवल भी किसी भी साल के इसी महीने में ही सबसे ज्यादा दर्ज किया जाता है।

इसके कई कारण हैं। ऐसे में जरूरत है तो एहतियात की। इस साल नवंबर में एक्यूआई का स्तर दो दिनों तक तो ४०० से ऊपर यानी बेहद खराब स्थिति में रहा। इनमें एक दिन हाई लेवल ४५२ दर्ज किया गया। तीन दिन ऐसे रहे जब एक्यूआई रेड कैटेगरी में ४०० के आसपास रहा। २० दिन ऐसे थे जब एक्यूआई का स्तर २५० से ३०० के बीच रहा। बाकी पांच दिन येलो कैटेगरी में एक्यूआई १५० से २०० के बीच रहा। इस साल में नवंबर के दो दिनों में तो एक्यूआई का स्तर ४०० माइक्रोग्राम से भी ज्यादा रहा। यह अति गंभीर श्रेणी होती है। जबकि २० दिन यह औसतन ३५० से ज्यादा रहा। पांच दिन ऐसे बीते जब यह ऑरेंज कैटेगरी में रहा। इन पांच दिनों में एक्यूआई का स्तर २५० से ३०० के बीच रहा। केवल तीन दिन ऐसे बीते जब एक्यूआई का स्तर २०० से नीचे यानी येलो कैटेगरी में रहा। मगर यह श्रेणी भी ज्यादा राहतकारी नहीं होती। ऐसे में ग्रीन कैटेगरी तो इस महीने में भूल ही जाइये। इस साल के नवंबर में प्रदूषण का सबसे ज्यादा स्तर ४५३ रहा। तीन दिन ऐसे रहे जब एक्यूआई का स्तर ४०० से ऊपर दर्ज किया। ११ दिन ऐसे बीते जब यह रेड कैटेगरी में यानी औसतन ३५० के आसपास रहा।

बाकी १६ दिन ऐसे बीते जब यह ऑरेंज कैटेगरी में रहा। यानी इस साल नवंबर में एक भी दिन प्रदूषण का स्तर ग्रीन कैटेगरी तो दूर येलो कैटेगरी में भी नहीं आया। नवंबर में प्रदूषण का स्तर हर साल बढ़ने के पीछे कई कारण माने जाते हैं। इसी महीने में पराली ज्यादा जलाई जाती है। हालांकि बहादुरगढ़ के आसपास में पराली जलाने की घटनाएं नहीं मिलती। दूसरा, मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस महीने में हवा की गति मंद हो जाती है।

# बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बिगड़ते वायु प्रदूषण के बीच सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में बंद पड़े वायु निगरानी स्टेशनों पर रिपोर्ट मांगी है। सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि ज्या दातर स्टेशन काम नहीं कर रहे हैं और सवाल किया गया कि महत्वपूर्ण आंकड़ों के अभाव में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ळताच) को प्रभावी ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है।

एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने अदालत से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए एहतियात उपाय करने के निर्देश जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ष्उन्हें स्थिति गंभीर होने से पहले ही कार्रवाई करनी होगी। ऐसी खबरें हैं कि निगरानी केंद्र काम नहीं कर रहे हैं। अगर केंद्र काम नहीं करेंगे, तो हमें नहीं पता होगा कि ग्रेप को कब लागू करना है। उन्हें स्थिति पर जवाब देने दीजिए।ष उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दीवाली के दौरान ३७ में से केवल ९ निगरानी केंद्र ही चालू थे। वकील ने पूछा, ष्यदि ऐसा है, तो हमें कैसे पता चलेगा कि ळताच को कब लागू करना है? भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने इसके जवाब में सीएक्यूएम और सीपीसीबी को वायु गुणवत्ता को और अधिक खराब होने से रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों का विवरण देते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# नायब सिंह सैनी ने की आर्य समाज की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय आर्य महा सम्मेलन 2025 का सफल समापन हुआ। चार दिवसीय इस वैश्विक सम्मेलन ने आर्य समाज की 150 वर्षों की गौरवशाली यात्रा और महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती का ऐतिहासिक उत्सव मनाया। "ज्ञान ज्योति पर्व" के अंतर्गत आयोजित इस आयोजन में 30 से अधिक देशों से आए प्रतिनिधियों सहित 2.5 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया। यह सम्मेलन आर्य समाज के मानवीय कल्याण, सुधार और शिक्षा के सतत प्रभाव का सशक्त प्रतीक रहा। अपने संबोधन में हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पिछले १५० वर्षों में भारत के सामाजिक और आध्यात्मिक विकास में आर्य समाज के असाधारण योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, आर्य समाज ने न केवल



भारत की चेतना को दिशा दी है, बल्कि उसके भविष्य की भी राह दिखाई है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने उस काल में जब समाज अंधविश्वास और असमानता में जकड़ा हुआ था, वेदों की ज्ञानधारा को पुन: मुख्यधारा में लाया। उन्होंने भारत को रूढ़ियों को चुनौती देने और ज्ञान पर आधारित न्यायपूर्ण समाज के निर्माण की दृष्टि दी। आर्य समाज की 150वीं वर्षगांठ पर हमें इसके 'विजन 2075' से प्रेरणा लेकर अगले 50 वर्षों के भारत की कल्पना करनी चाहिए।एक ऐसा भारत जो वैदिक मूल्यों में निहित हो और वैश्विक दृष्टिकोण रखता हो।" मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभा को 51 लाख रुपये का दान दिया।उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए आर्य समाज के शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुधार के अमूल्य कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा, "आर्य समाज सदैव सुधार, शिक्षा और समानता का अग्रदूत रहा है।

## 'आप' पर लगाया तर्कहीन बयानबाजी का आरोप

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि फरवरी 2025 में विधानसभा चुनाव हारने के बाद से दिल्ली से लापता आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया के साथ ही पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज को आज दिल्ली की प्रदूषण की स्थिती पर तर्कहीन ब्यानबाजी करते देख दिल्ली वाले स्तब्ध हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि निस्संदेह दिल्ली में प्रदूषण की स्थिती थोड़ी चिंताजनक हैपर साथ ही दिल्ली वाले भलीभांति जानते हैं कि प्रदूषण की स्थिती पिछले कुछ सालों से बेहतर है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि काश 'आप' के दिल्ली अध्यक्ष हमारी भाजपा की मुख्यमंत्री एवं एक दो मंत्रियों के बिहार चुनाव दौरे पर सवाल करने से पहले यह बताते की चुनाव हारने के बाद से दिल्ली के एक नान रेजिडेंट पूर्व उप मुख्यमंत्री को आज वह प्रेस ब्यान दिलवाने के लिए कहां से ढूंढ कर लाये हैं?

# शिक्षा को बढ़ावा देने को किया 'कावेरी' का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दीपक पब्लिशर्स के सौजन्य से शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'कावेरी' का शुभारंभ किया गया। इस कावेरी के माध्यम से दीपक पब्लिशर्स ने सामाजिक पहल की है। जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा प्राप्त करना हमारा अधिकार है, और शिक्षा का प्रसार-प्रसार करना हमारा कर्तव्य, दीपक के नए ब्रांड श्कावेरी श्का भव्य शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कलर एड इवेंट मैनेजमेंट के डायरेक्टर विशाल अग्रवाल व मार्केटिंग हेड संदीप सिंह ने कहा कि लेट्स डिजिटल मार्केटिंग का मुख्य उद्देश्य कावेरी की पहुंच को हर हाल में पढ़ने वाले छात्रों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कावेरी महज ब्रांड नहीं है। एक सामाजिक पहल है जिसका उद्देश्य वितरिक




वित्तीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना हर बच्चे को अच्छी से अच्छी शिक्षा सुलभ करना है।

दीपक पब्लिशर्स का मानना है कि शिक्षा कोई विशेष अधिकार नहीं है बल्कि मौलिक अधिकार है। एक ऐसी कुंजी है जो संभावना को उजागर करती है। राष्ट्र का निर्माण करती है। दीपक पब्लिशर्स के डायरेक्टर दीपक जैन का मानना है उन्होंने अपने देश में एक बड़ी-बड़ी चुनौती देखी है। जो शैक्षिक पुस्तकों को अच्छी कीमत पर बाधा उत्पन्न होती है। अक्सर योग्य छात्रों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली तक पहुंचने से रोकती है। ऐसे में कावेरी हर बाधा को दूर करने के लिए तैयार है। दीपक पब्लिशर्स प्रकाशन के डायरेक्टर सचिन जैन शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाना है। जिसके लिए वह प्रतिबद्ध है। हम समृद्धि और अच्छी तरह से शोध की गई सामग्री वाली अच्छी गुणवत्ता वाली पुस्तकों का उत्पादन और वितरण करेंगे। जो किसी अग्रणी प्रकाशक के माशनकों के अनुरूप हो, सबसे बड़ा अंतर हमारी पुस्तकों में बेहद चुनौतीपूर्ण कीमतों उपलब्ध होगी। कावेरी के डायरेक्टर सौरभ जैन है कहां की शिक्षा के क्षेत्र में किसी को पीछे नहीं रहना चाहिए।

# मार्केटिंग रिवायर्ड राउंड टेबल आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने नई दिल्ली में मार्केटिंग रिवायर्ड: एआई, इनोवेशन एंड इन्फ्लुएंस इन द डिजिटल एरा शीर्षक से एक विचा रोत्तेजक राउंड टेबल सम्मेलन का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उद्योग के वरिष्ठ विशेषज्ञों, विचार नेताओं और जयपुरिया के चारों परिसरो-लखनऊ, नोएडा, जयपुर और इंदौर के वरिष्ठ शिक्षाविदों ने भाग लिया। इस आयोजन ने एआई-संचालित मार्केटिंग के भविष्य और उद्योगख्शैक्षणिक सहयोग की बदलती गतिशीलता पर जीवंत विचार-विमर्श का मंच प्रदान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत श्रीवत्स जयपुरिया, उपाध्यक्ष, जयपुरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, के प्रेरक संबोधन से हुई। उन्होंने तकनीकी



नवाचार और शैक्षणिक कठोरता को जोड़ने वाले सहयोगात्मक शिक्षण मॉडलों के महत्व पर बल दिया।

उन्होंने कहा, जयपुरिया में हमारा मानना है कि शिक्षा केवल छात्रों को उद्योग के लिए तैयार करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसे उद्योग के भविष्य का सह-निर्माण करना चाहिए। यही इस राउंड टेबल की भावना है। डॉ. कविता पाठक, निदेशक, जयपुरिया लखनऊ, ने एआई के माध्यम से मार्केटिंग रणनीतियों में हो रहे बदलाव और उपभोक्ता अपेक्षाओं के पुनर्परिभाषण पर एक प्रभावशाली शैक्षणिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। नेहा जॉली साहनी, हेड- एडवरटाइजिंग सॉल्यूशन्स ने कहा, यह राउंड टेबल अकादमिक जगत और उद्योग के बीच मुक्त और ईमानदार संवाद के लिए एक ताजगीभरा मंच था। ऐसे संवाद दोनों क्षेत्रों को जोड़ने और साझा चुनौतियों के समाधान में बेहद महत्वपूर्ण हैं।

# आनंद विहार नमो भारत स्टेशन के पास नई पुलिस चौकी स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एनसीआरटीसी ने यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए आनंद विहार नमो भारत स्टेशन के पास नई पुलिस चौकी स्थापित की है। यह चौकी दिल्ली पुलिस को औपचारिक रूप से सौंप दी गई है।इसके माध्यम से यात्री अब आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त कर सकेंगे। यह चौकी आनंद विहार स्टेशन के गेट नंबर-२ के पास बनाई गई है और पड़पड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कार्य करेगी।

नमो भारत ट्रेन से रोजाना हजारों यात्री सफर करते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं। आनंद विहार स्टेशन नमो भारत कॉरिडोर के सबसे अधिक भीड़भाड़ वाले स्टेशनों में से एक है। पुलिस चौकी की स्थापना से यात्रियों की सुरक्षा और भी सुदृढ़ होगी और स्टेशन या ट्रेन से जुड़ी घटनाओं की शिकायतें दर्ज कराई जा सकेंगी।

एनसीआरटीसी ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के सभी नमो भारत स्टेशनों पर पुलिस चौकियां स्थापित करने की योजना बनाई है। न्यू अशोक नगर, गुलधर और दुहाई स्टेशनों पर निर्माण कार्य जारी है, जबकि साहिबाबाद गाजियाबाद स्टेशनों पर चौकियां पहले ही बनकर सुरक्षा एजेंसियों को सौंपी जा चुकी हैं।

# नाबालिग लड़की के साथ ब्लैक मेलिंग के आरोप में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नाबालिग लड़की के साथ हैकिंग, ब्लैकमेलिंग और जबरन वसूली के आरोप में एक वांछित को गिरफ्तार किया है।आरोपी ने फेसबुक पर एक फिशिंग लिंक के माध्यम से नाबालिग लड़की को बहकाया और उसे अश्लील तस्वीरें साझा करने के लिए मजबूर किया। उसे पहले गिरफ्तार किया गया था,लेकिन उसे जमानत मिल गई थी,और कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए वह बिहार में अपने पैतृक गाँव भाग गया था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया कि द्वारका दक्षिण थाने में एक शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को उसके पूर्व शिक्षक की हैक की गई आईडी से एक फेसबुक संदेश मिला था।

प्रेषक (वर्तमान आरोपी सुमित कुमार) (२८) ने झूठा दावा किया कि उसकी नग्न तस्वीरें ऑनलाइन उपलब्ध हैं और एक फिशिंग लिंक भेजकर उसके फेसबुक क्रेडेंशियल मांगे। लॉगिन करने पर, आरोपी ने उसका अकाउंट हैक कर लिया और पीड़िता को डर और धोखे में रखकर अश्लील तस्वीरें साझा करने के लिए मजबूर किया। उसने शिकायतकर्ता को छेड़छाड़ की हुई तस्वीरें भेजकर ब्लैकमेल भी किया और पैसे न देने पर उन्हें प्रसारित करने की धमकी दी। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।इसके बाद उक्त मामले में जमानत मिलने के बाद, आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुआ और २६.मार्च २०२४ को उसे पीओ घोषित कर दिया गया।इसके बाद एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर पंकज मलिक और रोहित कुमार के नेतृत्व में टीम ने प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर नोएडा के साहपुर गाँव स्थित एक शराब की दुकान से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान, सुमित कुमार ने अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि फरवरी २०२१ में जमानत मिलने के बाद, वह कानूनी प्रक्रिया से बचने के लिए अपने पैतृक गाँव भाग गया और उसके बाद कभी कोर्ट में पेश नहीं हुआ।

# कार्तिक पूर्णिमा मेले का एडीजी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेले के मद्देनज़र सोमवार को मेरठ जोन के एडीजी भानु भास्कर ने गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेले को सकुशल और शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर मेला स्थल और गंगा घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीजी भानू भास्कर ने मेला ड्यूटी में लगे पुलिस बल को चैक कर आवश्यक दिशा निर्देश।

एडीजी भानू भास्कर ने गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर मेला स्थल का निरीक्षण किया और मेला ड्यूटी में लगे पुलिस बल को चैक किया। निरीक्षण के दौरान एडीजी भानू भास्कर ने गंगा घाटों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान



संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एडीजी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्तिक पूर्णिमा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। कार्तिक पूर्णिमा मेले का मुख्य स्नान इस बार 5 नवंबर को होगा। 4 नंवबर की शाम को यहां पर दीपदान होगा। जिसकी तैयारी को समय रहते पूरा करने को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कसी हुई है।

कार्तिक पूर्णिमा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर लगातार पुलिस और प्रशास. निक अधिकारियों द्वारा मेला स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इसी क्रम में एडीजी ने कार्तिक पूर्णिमा मेला स्थल और घाटों का निरीक्षण किया और मेला ड्यूटी में लगे पुलिस बल को चैक कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए।

# दो पक्षों में हुए पथराव व मारपीट में संलिप्त तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव वैठ में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए पथराव और मारपीट की घटना में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव वैठ निवासी अकरम का भतीजा शादाब छत पर खड़ा था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले माजिद ने शादाब के छत पर खड़े होने का विरोध किया। जिसको लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव और मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की जांच शुरू कर दी। सम्बंधित मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों के खिलाफ मुक.



दमा दर्ज कर लिया था और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव वैठ में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए पथराव और मारपीट की घटना में संलिप्त तीन आरोपी माजिद पुत्र बाबू, शोएब पुत्र अकरम निवासी गांव वैठ थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ और शादाब पुत्र असलम निवासी नई बस्ती रेलवे रोड थाना पिलखुवा जनपद हापुड को गांव वैठ से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार कार, महिला व बच्चे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात एक तेज रफ़्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर हाइवे पर पलट गई। हादसे में कार में सवार एक महिला और बच्ची की मौत हो गई जबकि छह लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया और मृतकों के शव को कब्जे़ में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जाँच कर रही है।

जानकारी के अनुसार जनपद मेरठ के थाना सोहराब गेट निवासी अख्तर अपने परिवार व अन्य लोगों के साथ कार में सवार होकर हाफिजपुर थाना क्षेत्र के चितौली रोड पर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में



शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह हाफिजपुर थाना क्षेत्र के चितौली रोड पर बैंक्वेट हॉल के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर हाइवे पर पलट गई।

इस दौरान कार सवारों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने हाईवे पर पलटी कार से सभी घायलों को बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने कार सवार महिला साजिदा और तीन वर्षीय बच्चे अफान की मौत हो गई। जबकि काशिफा, फाइजा, अंजुम, सद्दाम, मुम्मताज, अख्तर, अरसान घायल हो गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को हाईवे से हटवाकर साइड करवाया और यातायात को सुचारू करवाया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि महिला और बच्चे के शव को लेकर और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से यूपी पुलिस के सिपाही की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र में तेज रफ़्तार का कहर देखने को मिला है। जहाँ एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने यूपी पुलिस में तैनात एक बाइक सवार सिपाही को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सिपाही की मौत हो गई। पुलिस ने सिपाही के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार बुलंदशहर के थाना जहांगीराबाद के किशनपुर के चंपत सैनी के पुत्र रुकम सिंह अपनी बाइक पर सवार होकर बुलंदशहर से मोदीनगर जा रहे थे। जैसे ही वह हाफ़िज़पुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-334 कुराना टोल प्लाजा के पास पहुंचे तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रवीण कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और घायल सिपाही को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिपाही की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि जनपद बुलंदशहर के थाना जहांगीराबाद के किशनपुर के चंपत सैनी के पुत्र रुकम सिंह वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह गाजियाबाद की पुलिस लाइन में तैनात थे। अधिका. रियों ने उनकी ड्यूटी मोदीनगर क्षेत्र स्थित बैंक सुरक्षा गार्ड के रूप में लगाई थी। जब अपनी बाइक पर



सवार होकर बुलंदशहर से मोदीनगर जा रहे थे इस दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि सिपाही के शव को कब्जे़ में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# डीआईजी ने ट्रैफिक डायवर्जन का लिया जायज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड/गढमुक्तेश्वर।** कार्तिक पूर्णिमा गढ़ गंगा मेला के मद्देनज़र डीआईजी रेंज मेरठ कला कला. निधि नैथानी ने गढ़ मेला ट्रैफिक प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के साथ पूरे क्षेत्र की ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था का मुआयना किया गया एवं ड्यूटीरत पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गढ़ गंगा मेला शुरू हो चुका है। विभिन्न इलाकों से आने वाले श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया है। मेले की सुरक्षा व्यवस्था जांचने के लिए डीआईजी मेरठ रेंज ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की नावों की तैनाती, घाटों पर सुरक्षा बढ़ाने, यातायात व्यवस्था



सुदृढ़ करने तथा महिला सुरक्षा एवं संदिग्धों पर कड़ी निगरानी रखने के सख्त निर्देश दिए। डीआईजी ने गहरे पानी वाले स्थलों पर लाल झंडे और चेतावनी बोर्ड लगाने, डबल बैरिकेटिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कंट्रोल रूम में फायर सर्विस, एम्बुलेंस चालक और नाविकों के संपर्क नंबर उपलब्ध रहें। इसके अतिरिक्त, हाईवे को जाम मुक्त रखने के लिए रूट डायवर्जन प्लान का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। डीआईजी रेंज मेरठ कला कलानिधि नैथानी ने गढ़ मेला ट्रैफिक प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के साथ पूरे क्षेत्र की ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था का मुआयना किया गया एवं ड्यूटीरत पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# नगरपालिका अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के सर्वांगीण विकास और जनसुविधाओं को सशक्त बनाने की दिशा में नगरपा. लिका अध्यक्ष पुष्पा देवी निरंतर सक्रिय हैं। सोमवार को उन्होंने हापुड़ नगरपालिका क्षेत्र के कई वार्डों में एक साथ कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का फीता काटकर शिलान्यास किया। इस दौरान क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

अध्यक्ष पुष्पा देवी ने सबसे पहले वार्ड नंबर 2 चमरी में स्थित शिव मंदिर के आसपास की गलियों एवं लज्जापुरी क्षेत्र में कश्यप प्याऊ वाली गली में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके पश्चात उन्होंने वार्ड 24 रामपुर रोड स्थित एसटीपीसी सेंटर के बाहर साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही वार्ड 40 त्रिलोकिपुरम में इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया गया। इन कार्यों के पूर्ण हो जाने से स्थानीय निवासियों को लंबे समय से हो रही आवागमन की समस्या से राहत मिलेगी तथा जलभराव की दिक्कतें भी समाप्त होंगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सभासद, क्षेत्रीय लोग, युवा वर्ग, बुजुर्ग नागरिक एवं महिला मंडल की सदस्याएं भारी संख्या में मौजूद रहीं।

स्थानीय निवासियों ने अध्यक्ष पुष्पा देवी का फूलमालाएं पहनाकर और मिठाई बांटकर जोरदार स्वागत किया। नागरिकों ने कहा कि नगरपालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं। इससे नगर की सूरत और सुविधाएं दोनों में बड़ा सुधार देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष पुष्पा देवी ने कहा कि नगरपालिका प्रशासन का लक्ष्य हापुड़ को एक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करना है। जनसुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। हर वार्ड में सड़कों, नालियों, प्रकाश व्यवस्था और सफाई की बेहतर व्यवस्था के लिए कार्य किए जा रहे हैं। वहीं सभासदों ने कहा कि यह शिलान्यास नगर के समग्र विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। नगरवासियों को अब बेहतर सुविधाओं का लाभ मिलेगा। शिलान्यास के बाद पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल रहा और स्थानीय लोगों ने विकास कार्यों के लिए नगरपालि. का टीम व सभी सभासदों का आभार व्यक्त किया।

# खेत में गिरा विशाल ड्रोन, हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के सरा. वनी बाड़ली गांव में सोमवार सुबह को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ड्रोन खेत में गिर गया। सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ड्रोन को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास घेराबंदी कर दी ताकि कोई छेड़छाड़ न हो सके। अधिकारियों ने ड्रोन के मॉडल, उसकी बनावट और उस पर लगे कैमरे व अन्य उपकरणों की बारीकी से जांच की।

जानकारी के मुताबिक गांव सरा. वनी बाड़ली में ग्रामीण अजहर के खेत में एक ड्रोन पड़ा हुआ था। ड्रोन मिलने की सूचना पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह ड्रोन किसी सरकारी एजेंसी, सुरक्षा बल या किसी निजी व्यक्ति का था। पुलिस ने ड्रोन को तकनीकी जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में बाबूगढ़ थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने जानक. ारी देते हुए बताया कि ड्रोन की उत्पत्ति और उसके उपयोग के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने बताया कि यदि जांच में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाई जाती है, तो संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध वस्तु की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की है।

# जेएमएस में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में आयोजित बहुप्रतीक्षित फ्रेशर पार्टी उमंग का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। बीसीए, बीबीए, बीए, बीएएलएलबी, बीकॉम, बीएससी बायोलॉजी, बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी बायोटेक, बीपीईएस, बीटेक, बीफार्म, डीफार्म, पॉलिटेक्निक, एलएलबी, एमबीए और एमसीए जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंघल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सचिव डा. रोहन सिंघल, डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर डा. सुभाष गौतम, प्राचार्य डा. धीरज सैनी, डीन ई. शीबा खालिद, डा. निधि मलिक प्राचार्या जेएमएस वर्ल्ड स्कूल, जेएमएस आईटी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रोफेसर डा. एके चौहान आदि ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। फ्रेशर पार्टी में छात्रों ने नृत्य, गायन, नाटक, फैशन शो और अन्य रंगारंग प्रस्तुतियों का लुत्फ़ उठाया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष अंकिता शर्मा ने निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणामों की घोषणा की। ग्रुप ए- सीसीएसयू से एलिश कसाना बीबीए प्रथम ईयर को मिस्टर फ्रेशर, इज़ाम अली बीबीए प्रथम ईयर को मिस फ्रेशर, प्रगति बीबीए प्रथम ईयर को बेस्ट कॉस्ट्यूम और वंशिका बीबीए प्रथम ईयर को बेस्ट पर्सनालिटी 2025 का खिताब मिला। निर्णायक मंडल में मिस सुमैरा अंसारी, एग्जामिनेशन इंचार्ज, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ और मिस शीतल शर्मा, डायरेक्टर देवा डांस अकेडमी ने निष्पक्ष निर्णय देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्थान के प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ के लिए स्वादिष्ट भोज की व्यवस्था की गई। साथ ही सभी फ्रेशर छात्रों को बहुमूल्य उपहार भी भेंट किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्ष, प्रवेश प्रभारी, कैंपस मैनेजर, प्रशासनिक अधिकारी, लेखा अधिकारी, रजिस्ट्रार तथा सभी प्राध्यापकगण, अनुशासन समिति और स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन बीकॉम की प्राध्यापिका तान्या शर्मा, बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा श्वेता और बीफार्म द्वितीय वर्ष का छात्र अमान ने अत्यंत कुशलता से किया, जिससे कार्यक्रम में निरंतर ऊर्जा और उत्साह बना रहा।

# एसपी ने कार्तिक पूर्णिमा मेले के कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को एसपी ने गमुक्तेश्वर में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जहां कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर एसपी ने व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह गमुक्तेश्वर में लगने वाले ऐतिहा. सिक कार्तिक पूर्णिमा मेले का निरिक्षण करने पहुंचे। जहाँ उन्होंने मेले के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान एसपी ने व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा, यातायात, और श्रद्धालुओं की



सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी के साथ असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने मेले के दौरान यातायात को सुगम बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि गंगा घाटों की सुरक्षा और श्रद्धालुओं को स्नान में कोई असुविधा न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। एसपी ने कार्तिक पूर्णिमा मेले को शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनज़र कोई भी अधिक. ारी और कर्मचारि किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरते। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिला विद्यालय निरीक्षक की कार में बस ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र में एक बस ने जिला विद्यालय निरीक्षक की कार को टक्कर मार दी। हादसे से जिला विद्यालय निरीक्षक बाल-बाल बच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार देहात क्षेत्र के गढ़ रोड फ्लाईओवर के पास जिला विद्यालय निरीक्षक श्वेता पूठिया विभाग में तैनात सड़क हादसे में घायल हुए बाबू को अस्पताल से देखकर अपने कार्यालय वापस जा रही थी। जैसे ही वह गढ़ रोड फ्लाईओवर के पास पहुंची तभी पीछे से आ रही एक प्राइवेट बस ने उनकी सरकारी गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में जिला विद्यालय निरीक्षक श्वेता पुठिया बाल बाल बच गई। गनीमत



रही कि इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक और उनके चालक को कोई चोट नहीं आई। इस दौरान यातायात भी बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### पुलिस ने दो बारंटी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** कोतवाली पुलिस द्वारा आज दो वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक जनपद रामपुर के कुशल नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज दो वारण्टी अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।

रूपसिंह पुत्र ठाकुरदास निवासी ग्राम पुरैनिया कला थाना मिलक जनपद रामपुर धारा 125(3) दं.प्र.सं. न्यायलय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रामपुर और पप्पू उर्फ चन्द्रपाल पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम सिहारी थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित धारा 60(1) आबकारी अधि. मा. न्यायालय एसीजे एस.डी. 2 रामपुर को मस्कन से गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय रामपुर भेजा गया।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य 6 नवम्बर को विकास भवन में करेंगी जनसुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी 06 नवम्बर, 2025 को विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई करेंगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी 06 नवम्बर को पूर्वान्ह 11:00 बजे से आयोजित महिला जनसुनवाई के दौरान महिलाओं की विभिन्न प्रकार की उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों एवं समस्याओं को सुनेंगी, इसके बाद महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित जनपद के विभिन्न संस्थान जैसे सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और बालिका/महिला गृह व आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण भी करेंगी।

राज्य महिला आयोग के स्तर से जनसुनवाई एवं महिलाओं व बालिकाओं से जुड़े संस्थाओं के निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यही है कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों पर प्रभावी रोकथाम हो और दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

### स्कूल जा रहे बच्चों की स्कूटी में वैन ने टक्कर मारी बच्चे घायल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार कोतवाली क्षेत्र के पीपलसाना गांव निवासी भारतीय किसान यूनियन के जिला सलाहकार सलामत जान के दो बेटे मेराज अली और अली अहद सोमवार की सुबह लगभग आठ बजे स्कूटी से स्वार स्थित स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान ब्लॉक कार्यालय के सामने एक वैन चालक ने ओवरटेक करते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से दोनों बच्चे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल उनकी मदद की और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों बच्चों को निजी डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले गए।

हादसे में स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। फिलहाल इस घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

### गाली गलौज मारपीट धमकी देने में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** घर में घुसकर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा निवासिनी यादवती ने कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें आरोप है कि नरेश अरविंद परविंदर मेरे घर में घुसकर गाली गलौज कर रहे थे मेरे पति तेजेंद्र ने जब इसका विरोध किया तो इन तीनों लोगों ने मेरे तथा मेरे पति के साथ मारपीट गाली गलौज देना शुरू कर दिया। पड़ोस के लोगों को आता देख यह तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गई। महिला यादवती की तहरीर पर इन तीनों के खिलाफ हुई रिपोर्ट दर्ज पुलिस जांच पड़ताल में जुटी।

### सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी करने वाले दो गिरफ्तार

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सोशल माड़िया पर धार्मिक टिप्पणी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान तैय्यब पुत्र ताज मौहम्मद निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ और साहिल पुत्र हारून निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

# सेफ्टी टैंक में गिरने से दो की मौत

## बड़े भाई को बचाने के लिए कूदा था छोटा भाई, फर्श काटकर निकाला गया बाहर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर 63 की चोटपुर कालोनी में दो व्यक्ति सेफ्टी टैंक में गिर गए। दोनों की मौत हो गई। जबकि बचाव के लिए उतरा पड़ोसी भी बेहोश हो गया। अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। वह स्वस्थ्य है। मृतकों की पहचान चंद्र भान 40 साल और राजू 26 साल है। दोनों सगे भाई है। पुलिस ने बताया कि डायल-112 पर सूचना मिली थी कि दो चोटपुर कालोनी के दो व्यक्ति अपने घर के सेफ्टी टैंक में गिर गए है। दोनों व्यक्ति बुलंशहर के निवासी है।

इन लोगों ने चोटपुर कालोनी में मकान लिया था। दोनों ही खोड़ा में कारपेंटर का काम करते थे। सोमवार को चंद्रभान सेफ्टी टैंक पर खड़ा था। अचानक टैंक की पटिया टूट गई। जिससे वो नीचे गिर गया। उसका छोटा भाई चंद्र भान को बचाने के लिए नीचे कूदा तो दोनों ही बेहोश हो गए।

दम घुटने के कारण सेफ्टी टैंक से निकल नहीं पाया।बाद में उन्हें बचाने के लिए एक पड़ोसी हेमंत निवासी बुलंदशहर नीचे जाने लगे। गैस का फ्लो ज्यादा होने के कारण वो बाहर आ गए।

बेहोशी आने से उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों भाइयों को कटर की सहायता से फर्श काटा गया। जिसके बाद दोनों को बाहर निकाला गया। अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने चंद्रभान उम्र करीब 40 वर्ष और राजू उम्र 26 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया है। मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### यीडा की बोर्ड बैठक सात नवंबर को होगी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) की बोर्ड बैठक सात नवंबर को होगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। इस बार बोर्ड बैठक में नोएडा एयरपोर्ट तक हाइड्रोजन बसों के संचालन, हेरिटेज सिटी समेत आवासीय भूखंड योजना समेत कई प्रस्ताव पारित होंगे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को अधिकारी प्रस्ताव तैयार करने में जुटे रहे। इस बार बोर्ड बैठक में सबसे अहम प्रस्ताव हाइड्रोजन बस संच.ालन का है। इसी माह नवंबर मध्य तक बसों का संचालन होना है। नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) की ओर से यमुना सिटी में हाइड्रोजन बसें चलाने का प्रस्ताव आया है। इससे शहर को ग्रीन ट्रांसपोर्ट के रूप में भी नई पहचान मिलेगी। एनटीपीसी शुरू में चार लग्जरी एसी बसें लगाएगी, जिनमें 45 सीटें होंगी। यह बसें एक बार हाइड्रोजन भरने पर करीब 600 किलोमीटर तक चल सकेंगी।

# सेक्टर-12 में चोरी की घटना नकदी और जेवरात ले उड़े चोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-12 में चोरों की नजर लोगों के घरों पर लग गई है। यहां आये दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। चोरी का एक और नया मामला सामने आया है।

थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-12 में रहने वाले एक व्यक्ति के घर का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने घर में रखी हुई करीब 60 हजार रुपए की नकदी, लाखों रुपए कीमत के जेवरात आदि चोरी कर लिया। चोर चोरी करते हुए घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। इसके आधार पर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार ने बताया कि भानु प्रकाश पुत्र किशन चंद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर-12 में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार वह अपने घर का ताला बंद करके ऑफिस गए थे। जब वह वापस लौट कर आए तो उन्होंने देखा कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर घर में रखी हुई 60 हजार रुपए की नकदी, लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है। पीड़ित के अनुसार चोर उसके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खाना बनाते समय किचन में फिसला युवक, मौत

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेस-दो क्षेत्र के कुंडा कॉलोनी में रहने वाला एक युवक अपने घर की किचन में खाना बना रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया। जिससे उसका सिर किचन के स्लैप में जा लगा, इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना फेस-दो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना फेस-दो के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि भंगेल गांव के कुंडा कॉलोनी में रहने वाले नितिन मिश्रा पुत्र दीनानाथ मिश्र उम्र 23 वर्ष एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। रविवार रात को वह अपने घर पर किचन में खाना बना रहा था। इसी बीच वह असंतुलित होकर नीचे गिरा, जिससे उनका सिर किचन के स्लैप में जा लगा।

# सांसद-विधायक खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के जेवर विधानसभा क्षेत्र के रबूपुरा स्थित रामोत्सव ग्राउंड में में सोमवार को सांसद-विधायक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिनमें मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा रहे। इस दौरान ग्रामीण प्रवेश से संबंधित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न खेलों में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सांसद-विधायक खेल महोत्सव का शुभारंभ सांसद डॉ. महेश शर्मा और जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना का प्रतीक हैं। आज के इस आयोजन में युवाओं का जोश देखकर स्पष्ट है कि जेवर की धरती न केवल विकास की मिसाल बन रही है, बल्कि खेलों के क्षेत्र में भी नई पहचान गढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जेवर क्षेत्र तीव्र गति से प्रगति की राह पर अग्रसर है। चाहे वह नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हो, फिल्म सिटी, लॉजिस्टिक हब या अब खेल के क्षेत्र में बढ़ते अवसर, हर दिशा में जेवर उत्तर प्रदेश का सबसे तेजी से विकसित होता क्षेत्र बन चुका है। खेल महोत्सव में सांसद डा. महेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना है कि भारत खेलों की महाशक्ति बने। आज जेवर की धरती पर जो परिवर्तन दिख रहा है, वह केवल उद्योग या इंफ्रास्ट्रक्चर तक सीमित नहीं, बल्कि खेल,संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में भी नई दिशा तय कर रहा है। उन्होंने कहा कि रबूपुरा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर मिलता है और यह दिखाता है कि नए भारत का आत्मविश्वास गांव-गांव तक पहुँच चुका है। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष राज नागर, मंडल अध्यक्ष जेवर संजय रावत, मंडल अध्यक्ष रबूपुरा सुनील कुमार, मंडल अध्यक्ष दनकौर गजेंद्र वाल्मीकि, ब्लॉक प्रमुख जेवर मुन्नी देवी पहाड़िया, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### प्राधिकरण की भूमि पर कब्जे की कोशिश नाकाम, एक करोड़ों की जमीन बचाई

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा विकास प्राधिकरण की टीम ने ग्राम रोहिल्लापुर में प्राधिकरण की करीब 1800 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश को नाकाम कर दिया। जानकारी के अनुसार, यह भूमि खसरा संख्या 167 व 168 का हिस्सा है। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों द्वारा दिन-दहाड़े और रात के समय ग्राम शाहपुर की ओर से खसरा संख्या 507 व 508 में दीवार खड़ी कर कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी।

सूचना मिलने पर प्राधिकरण के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान कुछ लोगों ने प्राधिकरण कर्मियों को धमकाने की भी कोशिश की, जिस पर पुलिस को बुलाना पड़ा। थाना सेक्टर-126 पुलिस के सहयोग से कार्रवाई करते हुए दीवारें हटाई गईं और कब्जे का प्रयास विफल किया गया। प्राधिकरण के अनुसार, यह भूमि करोड़ों रुपये मूल्य की है। अधिकारियों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई न होती तो करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि पर अवैध कब्जा हो सकता था।प्राधिकरण की ओर से संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### 267 गज के प्लॉट पर फर्जीवाड़े से कब्जा

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति की जमीन फर्जी कागजात तैयार कर हड़पने का मामला सामने आया है। मकनपुर खादर गांव निवासी जय भगवान की शिकायत पर सोमवार को कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**ताऊ और चाचा के फर्जी हस्ताक्षर कर बेची जमीन:** पीड़ित जय भगवान ने बताया कि गांव में उनकी और उनके परिवार की करीब पांच बीघा जमीन है। आरोप है कि वर्ष 2023 में गांव के ही सुखदेव, नकुल, सहदेव, प्रेमपाल और जयप्रकाश ने उनके ताऊ और चाचा के फर्जी हस्ताक्षर कर 267 गज के प्लॉट का फर्जी विक्रय पत्र तैयार कर लिया। कुछ समय बाद जब जय भगवान को इस धोखाधड़ी की जानकारी हुई, तो उन्होंने आरोपियों से विरोध किया। इस पर आरो.पियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

**पुलिस से नहीं मिली मदद, कोर्ट पहुंचे पीड़ित:** जय भगवान का कहना है कि उन्होंने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस और फिर पुलिस के उच्च अधिकारियों से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया, जिसके आदेश पर अब मुकदमा दर्ज हुआ है।

**पुलिस ने शुरू की जांच:** दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस मामले की गहन जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि साक्ष्य जुटाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कार पार्किंग के विवाद में दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-70 स्थित बसई गांव में रविवार रात कार पार्किंग को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के चार-चार लोग घायल हो गए। फेज-तीन थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर चार-चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बसई गांव निवासी श्याम सुंदर ने पुलिस को बताया कि दो नवंबर की रात 10 बजे भांजा नितिन एक शादी समारोह में शामिल होकर घर आ रहा था। घर के निकट निकट गली में सड़क किनारे कार खड़ी करने लगा। पड़ोस में शटरिंग का काम करने वाले आदिल, अलताफ, सद्दमाम और गुलफाम मोरना गांव के रहने वाले हैं। तभी चारों मिलकर नितिन से कार खड़ा करने के लिए मना किया। भांजे ने कुछ देर बाद कार हटाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने नितिन के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। उसे बचाने पहुंचे अमित, कुलदीप और रोि.हत के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। चोरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, मोरना निवासी हमीद खान ने पुलिस को बताया कि रात करीब 10 बजे शटरिंग की दुकान में नितिन कार खड़ी करके जाने लगा। उससे कार थोड़ा आगे खड़ा करने के लिए कहा तो नितिन ने अभद्रता शुरू कर दी। विरोध किया तो नितिन के साथी कुलदीप अमित और रोहित कश्यप आ धमके। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। इसके चलते अलताफ, सद्दाम, गुलफाम और आदिल को गंभीर चोट आई है।

### गैंगस्टर एक्ट में तीनों आरोपी बरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय संजय कुमार सिंह की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में तीनों लोगों को बरी कर दिया है। अदालत ने मुजफ्फरनगर के नीरज, अंजय उर्फ अजय और इटावा के जयराम उर्फ भोला उर्फ आशीष को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार नीरज, अजय और जयराम एक संगठित गिरोह बनाकर वाहन चोरी जैसी घटनाओं में लिप्त हैं। इनके खिलाफ गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज थे। मामले में अधिवक्ता नहीं होने पर तीनों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधीन आने वाले लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम (एलएडीसीएस) से निशुल्क कानूनी परामर्श के लिए गुहार लगाई थी। डिप्टी चीफ जितेंद्र कुमार बैसोया ने तीनों की पैरवी की।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद विशेष अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि मात्र गैंगचार्ट में दर्ज मुक.दमों के आधार पर दोषसिद्धि नहीं किया जा सकता। अभियोजन को यह साबित करना आवश्यक है कि तीनों ने लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने या अपने आर्थिक अथवा भौतिक लाभ के लिए संगठित अपराध किया हो। गैंगचार्ट में जिन मुकदमों का उल्लेख है। उनमें से किसी में भी दोषसिद्धि नहीं हुई है। यह प्रमाण नहीं है कि तीनों ने वास्तव में लोक व्यवस्था भंग करने हेतु संगठित गिरोह बनाया। इस आधार पर न्यायालय ने तीनों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

### साइबर अपराधियों ने ठगे 22 लाख

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने शेयर ट्रेडिंग कर भारी मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक फर्नीचर कारोबारी के साथ 22 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों के कहने पर पीड़ित ने 15 बार में रकम विभिन्न खातों में ट्रांसफर की। कारोबारी की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने एक कथित महिला के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी ऐक्ट की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अपर पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में धीरपाल सिंह ने बताया कि आठ अगस्त को उसके व्हाट्सऐप पर सलोनी नाम की महिला ने मैसेज किया। उसने कारोबार की बात करते हुए फर्नीचर के अलावा आय के अन्य विकल्प तलाशने को कहा।

# अस्पताल की ऑक्सीजन लाइन में दोबारा ब्लास्ट, लाइसेंस कैंसिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेस तीन थाना क्षेत्र के सेक्टर 66 स्थित मार्क अस्पताल में करीब 15 घंटे बाद सोमवार शाम दोबारा आक्सीजन लाइन में ब्लास्ट हो गया। सूचना पर दौड़े स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने तुरंत मरीज को कैलाश और पास के ओम अस्पताल में शिफ्ट कराया। सीएमओ के नेतृत्व में अधिकारियों ने प्रबंधन की लाप.रवाही मानकर अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर बिल्डिंग को सील कर दिया है। अधिकारियों ने प्रबंधन को आक्सीजन और फायर आडिट कराने के निर्देश दिए हैं।

सेक्टर 66 में 49 बेड का तीन मंजिला मार्क अस्पताल बना हुआ है। रविवार दोपहर करीब 12:00 भूतल में आइसीयू कक्ष के पास फाल्स सीलिंग में शार्ट सर्किट हो गया था। इसके बाद आक्सीजन लाइन में भी लीकेज से लाइन ब्लास्ट हो गई। गनीमत रही कि घटना में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। सोमवार शाम दोबारा आक्सीजन लाइन में ब्लास्ट हो गया।

सूचना पर पहुंचे सीएमओ डा. नरेंद्र कुमार, उप मुख्य चिकित्सक डा. चंदन सोनी, स्वास्थ्य विभाग में सलाहकार स्वेता खुराना समेत अन्य अधिकारी पहुंचे। उन्होंने कई मरीजों को पास के कैलाश अस्पताल और ओम अस्पताल में शिफ्ट कराया। इनमें एक मरीज आइसीयू में एडमिट है जबकि दो दिल्ली रेफर हो गए हैं। अन्य मरीजों की अधिकारी जानकारी कर रहे हैं।

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ चंदन सोनी ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को मानते हुए बिल्डिंग को सील कर लाइसेंस निलंबित कर दिया है। प्रबंधन को फायर और ऑक्सीजन का ऑडिट करने के निर्देश दिए हैं।

# जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्धनगर के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने तथा उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने जनपद के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित उद्यमियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने सभी विषयों का गहन अनुश्रवण करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर तय समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में उद्यमियों द्वारा जलभराव, विद्युत कटौती, कनेक्शन में विलंब, ट्रैफिक जाम, सड़कों की खराब स्थिति, अतिक्रमण, पार्किंग की कमी, तथा औद्योगिक क्षेत्रों में जल निकासी संबंधी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए समन्वित कार्यवाही की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक विकास तभी संभव है जब प्रशासन और उद्योग एक साझी भावना से कार्य करें। उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा संचालित उद्यमी हितैषी योजनाओं की जानकारी और उनके लाभ शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक उद्यमी तक पहुँचाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएँ।

बैठक में जनपद के प्रमुख व्यापारी बंधु एवं व्यापारिक संगठनों के प्रति.निधि भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने व्यापारिक वर्ग की विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उद्योग और व्यापार, दोनों ही विकास के आधार स्तंभ हैं। अतः इनके हितों की सुरक्षा और सुविधाओं का विस्तार प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

बैठक में ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीलक्ष्मी, सुमित, ओएसडी गुंजा सिंह, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार सहित प्राधिकरण, श्रम, सिंचाई, विद्युत, पुलिस विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ट्रक से 120 बोरी डीएपी चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक खाद व्यापारी ने ट्रक मालिक पर डीएपी खाद के 120 बोरे चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जेवर निवासी खाद व्यापारी नरेंद्र कुमार अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अलीगढ़ के एक ट्रांसपोर्ट के ट्रक से लगभग 600 डीएपी के बोरे दनकौर और बिलासपुर के व्यापारियों को बेचने के लिए भेजे थे। आरोप है कि ट्रक मालिक ने इस खेप में से करीब 120 बोरे चुरा लिए। इन बोरों की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 80 हजार रुपये है। जब पीड़ित को इस मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने ट्रक मालिक मनीष गुप्ता, निवासी अलीगढ़, से संपर्क किया। हालांकि, ट्रक मालिक ने बोरों के गायब होने के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। इसके बाद अग्रवाल ने सोमवार को आरोपी ट्रक मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जल्द ही जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेनो वेस्ट में गोवंश में लंपी वायरस फैलने की सूचना पर सर्वे शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर विकास विकास समिति के एक्स हैंडल से ग्रेटर नोएडा वेस्ट में लगातार गोवंश में लंपी वायरस फैलने को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, दादरी विधायक तेजपाल नागर, पशुपालन विभाग समेत अधिकारियों से शिकायत की गई है। शिकायत के बाद पशुपालन विभाग ने हरकत में आकर समिति के पदाधिकारियों से संपर्क साधने में लगे है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गोवंश के लंपी बीमारी की सूचना पर सर्वे शुरू कर दिया है। हालांकि अभी तक विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

समिति की और से नोएडा एक्सटेंशन के गोवंश में लंपी वायरस फैलने की सूचना के साथ ही कुछ फोटो भी वायरल किए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास अब तक कोई आइसोलेशन सेंटर नहीं है, की जानकारी दी गई है। संक्रमण तेजी से फैलने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की गई है। शिकायत की जानकारी मिलने के साथ ही पशुपालन विभाग के चिकित्सकों ने एक टीम को ग्रेटर नोएडा भेजकर जांच शुरू कर दी गई है। एक्सटेंशन में गोवंश की जांच कराई जा रही है। जिस स्थान के फोटो वायरल किए गए है। उनको तलाश किया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी अरुण कुमार सचान का कहना है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में पशु चिकित्सकों की टीम जांच करने में लगी है। साथ ही जिले के 15 पशु चिकित्सा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में गोवंश में सर्वे करके लंपी के बारे में जांच करने के निर्देश दिए है।

### 22 दिसम्बर को जीरो प्वाइंट पर टिकैत करेंगे महापंचायत

**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैट) यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के प्रभावित किसानों के मांगों को लेकर 22 बर दिसंको ग्रेटर नोएडा के जीरो प्वाइंट पर महापंचायत का आयोजन करेगा। इस महापंचायत में न केवल स्थानीय किसान बल्कि नोएडा से आगरा तक के किसान एकजुट होकर अपनी मांगों को मजबूती से उठाएंगे।

इस सिलसिले में सोमवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा के बिरौंडी गांव स्थित संगठन के कार्यालय पर पदाधिकारियों के साथ बैठक की व 22 दिसंबर को होने वाली महापंचायत की रूपरेखा तैयार की। इसके उपरांत प्रेस वार्ता कर अपनी रणनीति को सार्वजनिक किया।

# गुस्साएं किसानों की प्राधिकरण में घुसने की कोशिश

**बोले- सीईओ से मिलकर रहेंगे, मांगें पूरी हों, नहीं तो जारी रहेगा प्रदर्शन**



आक्रोशित किसानों ने प्राधिकरण के गेट से जबरन घुसने की कोशिश की।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन का पांचवें दिन भी धरना जारी है। 81 गांवों के किसान सोमवार को प्राधिकरण पहुंचे। दो बार वार्ता विफल होने के बाद आज फिर पंचायत शुरू हुई। किसानों ने प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ लगभग तीन घंटे तक बातचीत हुई। लेकिन किसानों की मांग को लेकर प्राधिकरण में सहमति नहीं बन पाई है। इसके बीच प्रदर्शन कर रहे किसानों की पुलिस से झड़प और धक्का-मुक्की भी हुई। जिससे

इस पर भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने कहा- नोएडा प्राधिकरण किसानों को हल्के में लेने की भूल नहीं करें। प्राधिकरण से इस बार किसान अपना हक लेकर ही वापस जाएंगे। इस बार किसान आश्वासनों पर धरना खत्म नहीं करेगा। चाहे धरना कितना भी लंबा क्यों ना चलाना पड़े। किसान पीछे नहीं हटेंगे और किसानों ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि आज सोमवार को नोएडा प्राधिकरण पर पंचायत होगी और इसमें निर्णय लिया जाएगा की आगे धरने को किस प्रकार चलाया जाए।

फिलहाल पुलिस ने किसानों को समझाया है। जिसके बाद किसान दल शांत होकर फिर से धरने पर बैठ गया है। सब कहना है कि हमें सीईओ से ही मिलना है। जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी, धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

साथ ही चेयरमैन से मिलने का समय दिया जाए। धक्का-मुक्की के बाद शांति से किसान पंडाल में बैठ गए है। धरना स्थल पर ही प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर, अरविंद कुमार, डीजीएम विजय रावल मौके पर मौजूद हैं।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# कृषक समृद्धि के मार्ग पर बढ़ रहा बागपत

## बागपत बना चीनी उद्योग का भरोसेमंद नाम, मिल की रिकवरी दर में प्रदेश में मिला दूसरे स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गन्ना किसानों के लिए ऐतिहासिक दिवस पर बागपत की दी कोऑपरेटिव शुगर मिल्स लिमिटेड में पेराई सत्र 2025-26 का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लक्ष्मी नारायण चौधरी, कैबिनेट मंत्री (गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, उत्तर प्रदेश सरकार), ने पूजा-अर्चना के साथ पेराई सत्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में केपी मलिक, राज्य मंत्री (वन, पर्यावरण एवं जंतु उद्यान), विधायक योगेश धामा तथा जिला. धिकारी अस्मिता लाल सहित बड़ी संख्या में किसान, अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन यज्ञ के साथ हुआ, जिसमें सभी ने प्रदेश की समृद्धि और किसानों की खुशहाली की कामना की।

गन्ना मंत्री ने कहा बागपत के गन्ना किसानों की मेहनत और योगदान की सराहना करते हुए घोषणा की कि अब बागपत शुगर मिल को एक नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों की दीर्घकालिक मांग को स्वीकार करते हुए मिल की उत्पादन क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया है। वर्तमान मिल का विस्तार किया जाएगा और साथ ही नई शुगर मिल परिसर की स्थापना 50 हजार टीसीडी (टन क्रशिंग पर डे) क्षमता के साथ की जाएगी। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि बागपत की इस ऐतिहासिक शुगर मिल का नाम अब श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह कोऑपरेटिव शुगर मिल्स लिमिटेड, बागपत के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने मिल प्रशासन को तत्काल इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसान नेता और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के प्रति श्रद्धांजलि है, जिन्होंने किसानों की आवाज को देश के सर्वोच्च स्तर तक पहुँचाया था। किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णयों की जानकारी देते हुए गन्ना मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य में 30 प्रति क्विंटल की अभूतपूर्व वृद्धि की है। अगेती किस्मों के लिए 400 प्रति क्विंटल तथा सामान्य प्रजातियों के लिए 390 प्रति क्विंटल का भाव तय किया गया है, जो प्रदेश में अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गन्ना माफिया और घाटोली जैसी समस्याओं को समाप्त कर प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। अब तक 95प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान सीधे किसानों के खातों में किया जा चुका है, जो अव तक 2 लाख 92 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि है। 2007 से 2017 तक 137000 करोड़ का भुगतान किया गया था। गन्ना मंत्री ने कहा कि बागपत की धरती कृषि ज्ञान की पाठशाला है। उन्होंने कहा, यदि कोई गन्ने की असली समझ पाना चाहता है, तो उसे बागपत जरूर आना चाहिए। राज्य मंत्री केपी मलिक ने भी किसानों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बागपत की शुगर मिल प्रदेश की सबसे भरोसेमंद मिलों में से एक है, जिसने अपनी रिकवरी दर 10.58 किलोग्राम के आधार पर उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में जब नई फैक्ट्री आरंभ होगी, तब यह जनपद न केवल गन्ना उत्पादन बल्कि औद्योगिक विकास में भी एक नई पहचान बनाएगा। उन्होंने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 30 प्रति क्विंटल मूल्य वृद्धि से किसानों के जीवन में समृद्धि और सरकार के प्रति विश्वास दोनों में वृद्धि हुई है अब किसान को 400 रुपए प्रति कुंतल भाव मिलेंगे। कार्यक्रम के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि बागपत कोऑपरेटिव शुगर मिल के अधीन वर्तमान में 31 गन्ना क्रय केंद्र संचा.



लित हैं, जिनके माध्यम से इस सत्र में 50 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा एमएसपी के आधार पर फसलों की बुवाई से पहले ही फसलों की दर निर्धारित करने का कार्य उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा। बागपत शुगर मिल में पहली पर्ची का गन्ना लेकर आए किसान को सम्मानित किया । इस अवसर अपर जिलाधिकारी विनीत कुमार उपाध्याय उपाध्यक्ष बागपत चीनी मिल कृष्ण पाल भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सूरजपाल गुर्जर जयप्रकाश धामा, बागपत मिल प्रबंधन जिला गन्ना अधिकारी अमर प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिक. ारी किसान बंधु मिल प्रबंधन से जुड़े अधिकारीगण एवं समिति सदस्य आदि मौजूद रहे।





## वाहन को बचाने के चक्कर में पलटा टेंपो, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर सिसाना गांव के पास एक टेंपो पलट गया। इस हादसे में टेंपो चालक घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त टेंपो को सड़क किनारे किया और घायल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए डाक्टर के क्लिनिक भेजा।

टेंपो चालक ने बताया कि वह बागपत से बड़ौत की ओर जा रहा था। वह मध्यम गति पर अपनी लेन में वाहन चला रहा था। अचानक एक अन्य वाहन चालक ने रॉन्ग साइड से यू-टर्न लेने का प्रयास किया। उसे बचाने के प्रयास में टेंपो चालक ने ब्रेक लगाए, जिससे टेंपो अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। गनीमत रही कि अन्य वाहन चालक समय रहते सड़क किनारे हो गए, जिससे कोई बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने यातायात व्यवस्था को सुचारु करने में भी मदद की।

## एपीके फाइल भेजकर ठगी करने वाले गिरोह के 5 आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने एक बड़े साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये ठग व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर लोगों के मोबाइल फोन हैक करते थे और फिर उनके बैंक खातों से पैसे निकाल लेते थे।

पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि ये अपराधी व्हाट्सएप पर आकर्षक ऋण योजनाओं या अन्य लुभावने प्रस्तावों के नाम पर एपीके फाइलें भेजते थे। जैसे ही कोई व्यक्ति इन फाइलों को खोलता था, ठग उसके फोन का एक्सेस हासिल कर लेते थे और फिर बैंक खातों को खाली कर देते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शिवा निवासी जीवाना, रमाला, वंश निवासी बड़ौत, विजय निवासी गाजियाबाद, नीरज निवासी गाजियाबाद और पुष्पेंद्र निवासी रंछाड़ शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 8 आईफोन, 9 एंड्रॉयड फोन, 7 डेबिट कार्ड, 30 हजार रुपये नकद, एक कैंटीन स्मार्ट कार्ड और दो वाहन बरामद किए हैं। ये ठग बागपत और आसपास के जिलों में सक्रिय थे।

बीते 14 अक्टूबर को बड़ौत निवासी कमलकांत भारद्वाज के व्हाट्सएप पर भी ठगों ने एपीके फाइल भेजकर उनके खाते से करीब ढाई लाख रुपये निकाल लिए थे। इस शिकायत के बाद साइबर क्राइम पुलिस इन ठगों की तलाश में जुटी थी। एसपी बागपत ने बताया कि इन ठगों ने विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 50 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया है और इनके खिलाफ छह शिकायतें दर्ज की गई थीं। इन पर पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। एसपी सूरज कुमार राय ने इस घटना का खुलासा करने वाली साइबर पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी अनजान नंबर से आने वाली पीडीएफ या एपीके फाइल को न खोलें। यदि किसी कारणवश ठगी हो जाती है, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर इसकी सूचना दें।

## ट्रांसफॉर्मर्स की आकर्षक एवं व्यवस्थित बैरिकेडिंग से शहर बनेगा सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में विद्युत उपकरणों से जुड़ी घटनाओं से बचाव और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में नगर निकायों में सड़क किनारे स्थित सभी ट्रांसफॉर्मरों की बैरिकेडिंग का कार्य शुरू किया गया है।

यह बैरिकेडिंग कई दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, यह ट्रांसफॉर्मरों को यांत्रिक क्षति, चोरी और वैंडलिज्म से बचाएगी। इसके साथ ही धूल, मलबा और पालतू या वन्य जानवरों से उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। आग या विस्फोट जैसी आपात स्थितियों में यह फैलाव को नियंत्रित कर आसपास के उपकरणों और नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी। बैरिकेडिंग का डिजाइन आकर्षक और सुरक्षित है, जिससे




शहर की सुंदरता बनी रहे और पैदल मार्गों, आवासीय क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा बढ़े। इसके माध्यम से विद्युत कर्मियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। बैरिकेडिंग पर हविकसित भारत, विकसित नगर निकार्यी संद. ेश अंकित है, जो जागरूकता फैलाने में मदद करेगा। विद्युत विभाग एवं संबंधित नगर निकाय की टीम इस कार्य की नियमित निगरानी कर रही है और इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल से बागपत जिले में जनहित, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और सुरक्षित शहरी विकास की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ा है।

## गन्ना भुगतान व अन्य समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस का प्रर्दशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं और पदा. धिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने किसानों के गन्ना भुगतान, मूल्य वृद्धि और खाद की कमी सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष का गन्ने का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है, जिससे किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, गन्ना मिलों का पेराई सत्र देरी से शुरू होने के कारण भी किसानों को आगामी फसलों की बुवाई में कठिनाई हो रही है। किसानों को समय पर खाद भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन, केंद्र और प्रदेश सरकार की होगी। यह धरना प्रदर्शन किसान कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गौरव ढाका के नेतृत्व में हुआ। इसमें दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।



## ग्रामिणों ने लगाया गांव के रास्ते पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत तहसील क्षेत्र में ग्रामीणों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर डीएम कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के तालाब के पास स्थित मुख्य रास्ते पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे उनकी आवाजाही बाधित हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता कई वर्षों से सार्वजनिक उपयोग में था। जब उन्होंने रास्ता बंद करने का विरोध किया, तो कथित कब्जाधारियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और धमकी भी दी। इस घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। शिकायतकर्ताओं में महिलाएं और बुजुर्ग ग्रामीण भी शामिल थे।



उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर रास्ता खुलवाने और अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक रूप से धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल ने ग्रामीणों की शिकायत प्राप्त कर ली है। उन्होंने मामले की जांच कराने का आश्वा. सन दिया और कहा कि जांच के बाद नियमानुसार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, ताकि ग्रामीणों की आवाजाही सुचारु रूप से जारी रह सके।

## प्रतिबंधित पशु व हथियार के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली पुलिस ने गोवध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान निशु उर्फ सोनू निवासी निवाड़ा, बागपत और वकील निवासी कुर्मीली के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक प्रतिबंधित पशु, तीन रस्सियां, एक छुरी और एक गंडासा बरामद किया है।



पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग प्रतिबंधित पशु का गोवध करने की तैयारी में हैं। इस पर कोतवाली पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, कुछ अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने बरामद पशु को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया गया है। फरार हुए अन्य आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। बागपत के एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि पुलिस गोवध जैसे अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे क्षेत्र में किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर सख्त कार्रवाई की जा सके और सामाजिक सौहार्द बना।

## जिला जाट महासभा के जिलाध्यक्ष बने सोमेन्द्र ढाका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जाट महासभा का जिला अध्यक्ष बनने पर एडवोकेट सोमेन्द्र ढाका का ढिकोली गांव में स्वागत किया गया। ग्रामीणों और समाज के लोगों ने इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लिया। स्वागत समारोह में एडवोकेट सोमेन्द्र ढाका ने कहा कि उन्हें मिली जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने समाज के उत्थान और उसमें फैली बुराइयों को समाप्त करने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

ढाका ने नशा मुक्त समाज बनाने की दिशा में भी काम करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि नशा परिवारों को बर्बाद करता है, इसलिए जाट महासभा के माध्यम से नशा विरोधी अभियान चलाया जाएगा, ताकि युवाओं को सही दिशा मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुन्दर सिंह ने की, जबकि इसका संचालन रामबीर ढाका ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान जयकुमार, अशोक प्रधान ललियाना, अजय कुमार, तरुण कुमार, ओमबीर और वीरेन्द्र सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## वक्फ उम्मीद पोर्टल पंजीकरण बैठक का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर मे केन्द्र सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय द्वारा देश भर की वक्फ संपत्तियों को वक्फ उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने के लिए निर्देश दिया हैं। केन्द्र सरकार के निर्देश पर वक्फ की संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन जारी है। जनपद के बड़ौत नगर की वक्फ फूंस वाली मस्जिद मरकज में वक्फ उम्मीद पोर्टल पंजीकरण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिले के वक्फ औकाफ के अधिकतर प्रबंधकों ने भाग लिया।

वक्फ उम्मीद पोर्टल पंजीकरण बैठक में मुख्य अतिथि कैलाश तिवारी जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने कहा हैं कि मुतव्वलियों को रजिस्ट्रेशन के दौरान आवाश्यक 8 अभिलेख जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज वक्फ सम्पत्ति के विवरण के साथ ही मुतव्वलियों को अपने अभिलेख सबमिट करने होंगे। मुतव्वलियों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराते समय कौन कौन से अभिलेख की आवश्यकता होगी, इसकी सूची मंत्रालय की ओर से जारी की गई है। उम्मीद पोर्टल पर वक्फ पंजीकरण के समय मुतव्वलियों को रजिस्ट्रेशन के समय अधिकारिक पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड या पैन कार्ड का प्रयोग करना होगा। इसके साथ ही नियुक्त प्रत्र, वक्फ बोर्ड का आदेश मुतव्वली के पदम पर नियुक्ति प्रमाण पत्र के रूप में अपलोड करना होगा। इसके अलावा शैक्षित योग्यता, वर्तमान रोजगार, मोबइल नम्बर, ईमेल आईडी, स्थायी पता, वर्तमान पता जैसे कॉलम भी भरने होंगे। वक्फ सम्पत्तियों का



रजिस्ट्रेशन उम्मीद पोर्टल पर पांच दिसम्बर तक करना है। उम्मीद पोर्टल पंजीकरण के कॉर्डिनेटर व फूंस वाली मस्जिद के प्रबंधक चौधरी जावेद अली ने कहा है जिले वक्फ संपत्तियों के प्रबंधक 5 दिसम्बर तक पोर्टल स्वयं दर्ज करा लीजिए या मस्जिद के कार्यालय में अपने दस्तावेज़ लाकर दर्ज करा दिया जायेगा। केन्द्र सरकार से मांग की हैं कि उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण की तिथि कम से कम दो वर्ष के लिए विस्तारित करने की अपील की है। इस मौके पर बैठक में मौलाना यामीन अध्यक्ष जमीयत उलेमा ए हिंद, फारुख मिर्जा, अंसार लुहारा, मौलाना कासिम महासचिव जमीयत उलेमा ए हिंद , शहर ईमाम मुफ्ती खालिद कासमी, रहीस प्रधान कोतना, दिलनवाज प्रधान टांडा, शान मुहम्मद कुरैशी आदि जनपद के अधिकार वक के प्रबन्धक मौजूद रहें।

## एक नजर

### बीजेपी जिलाध्यक्ष व भाकियू नेताओं के बीच टकराव, कार्यकर्ताओं में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन भाकियू और भाजपा के जिला अध्यक्ष के बीच विवाद गहरा गया है। यह खींचतान एक महिला द्वारा यौन शोषण और धर्म परिवर्तन के आरोपों से जुड़े मामले को लेकर शुरू हुई है। महिला ने भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष से मदद मांगी थी। पीड़ित महिला ने भाकियू नेता सहित कुछ अन्य लोगों पर यौन शोषण, धर्म परिवर्तन और अस्मत का सौदा करने तथा फैसले का दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष ने महिला को न्याय दिलाने और मुख्यमंत्री तक मामला ले जाने का आश्वासन दिया था। जैसे ही भाकियू नेताओं पर ये आरोप लगे, यूनियन के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष पर इस पूरे मामले को राजनीतिक रंग देने और उन्हें फंसाने का आरोप लगाया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। इस संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने बताया कि एक जिला अध्यक्ष के तौर पर उनका कर्तव्य है कि वे प्रत्येक पीड़ित को न्याय दिलाएं और जरूरतमंदों की सहायता करें। उन्होंने कहा कि महिला के कार्यालय आने पर उन्होंने उसे हर प्रकार से सहायता का आश्वासन दिया था। उपाध्याय ने भाजपा कार्यालय पर ताला लगाने की कथित धमकी पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह कोई बिजली घर नहीं है कि कोई भी आकर ताला लगा देगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार है, जहां सभी को न्याय मिलता है और अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### करंट लगने से युवक की मौत, ट्रक धोते समय अचानक हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** डोला गांव में ट्रक धोते समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। टटीरी निवासी 33 वर्षीय विपिन पुत्र समन्दर सोमवार दोपहर डोला गांव में अपने डग पर ट्रक धो रहा था। डग के पास स्थित हॉस्पिटल के बाहर लगे टीन शेड के लोहे के पाइप से विपिन का हाथ टकरा गया, जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था।

करंट लगते ही विपिन मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन विपिन को बालेनी के एक निजी नर्सिंग होम लेकर गए, जहां से उन्हें अन्य अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इसके बाद विपिन को टटीरी के सर्वोदय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है हॉस्पिटल की लापरवाही और विद्युत विभाग की अनदेखी के कारण यह हादसा हुआ। मृतक के भाई मनीष ने थाना सिंघावली अहीर में तहरीर देकर दोनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जांच अधिकारी प्रियवृत आर्य ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक विपिन अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी शादी डोला गांव में करीब 11 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके पीछे दो बेटियां और एक बेटा है।

### प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री केपी मलिक के भाई का हुआ निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री केपी मलिक के भाई रविंद्र मलिक का बीमारी के चलते आज निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार आज शाम 6:00 बजे नगर की बावली चुंगी शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार में हजारों की संख्या में नगर के सम्मानित लोग व समाजसेवी राजनेता प्रशासनिक अधिकारी बागपत जनपद के लोगों का भारी संख्या में जन सैलाब उमड़ पड़ा। उनका आज शाम अंतिम संस्कार किया गया अंतिम संस्कार के समय राज्य मंत्री के भी मालिक बड़े भावुक नजर आए।

### उधोग एवं व्यापारी एकता विकास के मंडल अध्यक्ष नए थाना प्रभारी को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** सोमवार को उत्तर प्रदेश उधोग एवं व्यापारी एकता विकास मंडल मेरठ के मंडल अध्यक्ष अभिषेक जैन ने अपनी टीम के पदाधिका. रियों सहित कस्बा छपरौली के नए थाना प्रभारी केवल सिंह को सम्मानित किया जिसमें राहुल जैन मंडल सचिव, संजीव जैन मंडल उपाध्यक्ष, विकास गुप्ता मंडल महामंत्री व प्रिंस जैन मंडल महासचिव मौजूद रहे। कस्बा छपरौली के थाना प्रभारी को माला व पटका पहनाकर और गुलदस्ता भेंट किया। उत्तर प्रदेश उधोग एवं व्यापारी एकता विकास मंडल मेरठ के अभिषेक जैन द्वारा छपरौली में अपने व्यापार मंडल की एक नई पहचान बनाने के लिए अपने पदाधिकारियों के साथ छपरौली में व्यापारियों को जोडने का काम किया और आज से अपने व्यापार मंडल को मजबूत बनाने के लिए शुरुआत की। इसी अवसर पर सोनू जैन, राकेश जैन, मनोज जैन, संदीप जिंदल, संदीप मलिक आदि सभी व्यापारी साथी मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम ASUTOSH व मेरा नाम PARTEBHA गलत दर्ज है, हमारे सही नाम ASHUTOSH SINGH व PRATIBHA है व मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम AYUSHI गलत दर्ज है, जबकि सही नाम AAYUSHI SINGH है।

प्रतिभा पत्नी ओमकार सिंह निवासी कस्बा अग्रवाल मण्डी टटीरी बागपत।

# नाराज किसानों ने मेडा कार्यालय में जड़ा ताला

## मुआवजे की मांग को लेकर 67 दिनों से दे रहे हैं धरना, अधिकारियों में मची खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जमीन के बड़े प्रतिकार और मुआवजे की मांग को लेकर पिछले 67 दिन से वेदव्यासपुरी में धरना दे रहे, किसानों का सोमवार को सब्र जवाब दे गया। नाराज किसान मेरठ विकास प्राधिकरण पहुंचे और वहां धरना देकर मुख्य दरवाजे पर ताला डाल दिया। किसानों ने रास्ता बंद करने के लिए मुख्य दरवाजे पर ट्रैक्टर ट्रॉली लगा दी, जिस कारण लोगों से उनकी काफी नोकझोंक भी हुई।

किसानों का यह आंदोलन वर्ष 2015 में हुए वेदव्यासपुरी योजना के एक समझौते से जुड़ा है, जिसमें अफसर ने तय किया था कि छोटे किसानों को बढ़े प्रतिकर का चेक और बड़े किसानों को प्लाट दिया जाएगा। मेरठ विकास प्राधिकरण की तरफ से चेक वितरण भी हो गए लेकिन कोरोना काल का हवाला देकर उनका पेमेंट रोक दिया गया। कोरोना काल के बाद से किसान लगातार अपने बढ़े प्रतिकर और मुआवजे की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा है। वेदव्यासपुरी के यह किसान पिछले 67 दिन से धरना देकर बैठे हैं। कुछ दिन पहले मेडा के अफसर और ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर किसानों के बीच पहुंचे थे और एक सप्ताह के भीतर उनकी समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया था। उस आश्वासन को भी काफी दिन बीत चुके हैं लेकिन मेडा के किसी भी अफसर ने सुध नहीं ली।



किसान सोमवार को मेडा दफ्तर पहुंच कर वहां मुख्य दरवाजे पर ताला डाल दिया। मेडा के परिसर में धरना देकर बैठे किसानों ने काफी देर नारेबाजी की लेकिन जब मेडा की तरफ से संज्ञान नहीं लिया गया तो किसानों ने मुख्य दरवाजा बंद कर उसके सामने ट्रैक्टर ट्रॉली अड़ा दी। मेडा अधिकारी व कर्मचारी जब दफ्तर पहुंचे तो उन्होंने दरवाजा खुलवाने की कोशिश की तो किसानों से उनकी नोकझोंक हो गई। किसानों ने स्पष्ट कर दिया कि वह समस्या का समाधान जब तक नहीं हो जाता तब तक गेट नहीं खुलने देंगे। 35 साल से यह मुआवजा रुका हुआ है। अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# गो-माता को राज्य माता घोषित करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हिंदू राष्ट्र सेवा संघ के महानगर अध्यक्ष रोहित गुप्ता के नेतृत्व में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिसमें उनका कहना था कि गौशालाओं के हालात कुछ ज्यादा अच्छे नहीं है किसी न किसी कारण वश उनकी सुविधाओं पर सवाल बना रहता है। गौशाला में हर साल किसी न किसी बीमारी के चलते बहुत सी गाय मरती हैं उनका सुचारू रूप से इलाज नहीं हो पता उनकी देखरेख भी ठीक नहीं है। कई गौशालाओं में तो गायों को भुखमरी के कारण मरते हुए देखा गया है। देश में ऐसी घटनाओं को देखते हुए कुछ राज्यों ने गायों को राज्य माता का दर्जा दे दिया है पिछले साल महाराष्ट्र सरकार ने और इस साल छत्तीसगढ़ सरकार ने गाय को सम्मान में यह फैसला लिया है उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि उत्तर प्रदेश में भी गायों को राज्य माता का दर्जा दिया जाए जिससे गौ माता के ऊपर हो रहे अत्याचार को रोका जा सके। इस दौरान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार की रिश्वत लेते लेखपाल को रंगेहाथ दबोचा

## दाखिल-खारिज के नाम पर मांग रहा था रिश्वत, पीड़ित ने परेशान होकर कराई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सदर तहसील में सोमवार को ऑफिस खुलते ही एंटी करप्शन टीम ने एक लेखपाल को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि लेखपाल जमीन के दाखिल-खारिज की रिपोर्ट के नाम पर पांच हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था।

परतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम गेझा निवासी महिला पूनम ने करीब एक माह पहले डेढ़ बीघा जमीन खरीदी थी। इस जमीन पर विक्रेता का नाम हटवाकर अपने नाम करवाने के लिए वह करीब बीस दिन पहले तहसील आई थी, लेकिन लगातार चक्कर काटने के बाद भी उसका काम नहीं हो रहा था। पूनम ने बताया कि पिछले सप्ताह उसके हलका लेखपाल ऋषभ चौहान ने दाखिल खारिज की रिपोर्ट देने के लिए पांच हजार रुपये की मांग की। जब उसने रुपये ज्यादा मांगने की बात कही तो ऋषभ चौहान ने इससे कम कीमत में दाखिल खारिज के प्रार्थना पर रिपोर्ट लगाने से इंकार कर दिया। इसके बाद पूनम फिलहाल रुपये न होने और बाद में देने की बात कहकर चली गई। इसके बाद पूनम ने एंटी करप्शन विभाग में संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद एंटी करप्शन की टीम के प्लान के तहत पूनम ने फोन करके सोमवार सुबह रुपये देने की बात तय हुई। पूनम सोमवार सुबह तहसील पहुंची और एंटी करप्शन द्वारा दिए गए पांच हजार रुपये के नोटों को लेखपाल ऋषभ को पकड़ा दिया, जैसे ही ऋषभ ने पूनम के हाथ से रुपये लिए, तभी एंटी करप्शन की टीम ने उसे धर दबोचा। टीम लेखपाल ऋषभ चौहान को पकड़कर सदर थाना ले गई। जहां उस पर कार्रवाई की प्रकिया की गई। घटना के बाद तहसील में भय का माहौल था।



# जंगल राज बन गए हैं भाजपा शासित राज्यः अपनी जनता पार्टी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश उपेंद्र कुमार गौतम एडवोकेट ने एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सौंपा है।

जिसमें उनका कहना था कि पूरे देश में दलितों आदिवासियों पिछड़ों व अल्पसंख्याओं को जुल्म हो रहे हैं अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने भाजपा शासित राज्य को जंगल राज भी कहा उनका कहना था की उत्तर प्रदेश अब अपराधियों का चरागाह बन गया है उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है यहां तक की पूरे देश में अपहरण, हत्या, दहेज, महिला उत्पीड़न व दलित पिछड़ो का उत्पीड़न लगातार हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि सीजेआई इंडिया पर जूता फेंकने की घिनौनी हरकत करने वाले की तत्काल गिरफ्तारी की जाए एससी/एसटी, ओबीसी, मुस्लिम समाज के नौजवानों की हो रही हत्याओं पर अंकुश लगे। एससी एसटी व मुस्लिम समाज की जाति व धर्म के आधार पर हो रहे भेदभाव पूर्ण कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और इन समाजों की बहन बेटियों के साथ हो रहे गैंगरेप बलात्कार दुराचार तथा हत्या की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। इस दौरान नरेश, कपिल, विनेश विद्यार्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# टिकौला शुगर मिल में हवन पूजन के साथ पेराई सत्र का हुआ शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** टिकोला शुगर मिल में रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण और हवन-पूजन के साथ नए पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ समारोह में धार्मिक अनुष्ठान के बाद स्वामी ओमानंद महाराज व पूरण दास महाराज, मिल स्वामी सुधीश

■ **किसानों को शॉल भेंट कर लड्डू खिलाकर कराया मुंह मीठा**

प्रकाश, कंदर्प स्वरूप तथा जीएम हिमांशु कुमार मंगलम ने गन्ने से भरी बोगी में जुड़े बैलों की जोड़ी का तिलक कर उनका पूजन किया। इसके उपरांत किसानों का शाल उढ़ाकर सम्मान किया गया और बैलों की जोड़ी को व किसान को लड्डू खिलाए गए। परंपरानुसार कांटे तौल केंद्र का पूजन कर चेन में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया। जीएम हिमांशु कुमार मंगलम ने बताया कि इस वर्ष टिकोला शुगर मिल का लक्ष्य दो करोड़ कुंतल गन्ना पेराई का रखा गया है। उन्होंने कहा कि मिल प्रशासन ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और गन्ना खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक सुनील दत्त, उप महाप्रबंधक अविनाश सिंह, ऋषिपाल धामा, राजेंद्र राणा, गन्ना प्रबंधक अनुपम देओल, संजीव कुमार, अरविंद शर्मा, सरदार हाकम सिंह, दिनेश कुमार, रूप कुमार व नवनीत सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# नकली दवाई नहीं बिकने देंगे और न ही दवा कंपनियों का अत्याचार सहेंगे : गोपाल अग्रवाल

## 15 दिसम्बर को प्रदेशभर के केमिस्ट करेंगे सम्मेलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश डिटेल केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने सोमवार को एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया।

जिसमें उन्होंने 15 दिसंबर को मेरठ में प्रदेश भर के केमिस्ट प्रति. निधियों का भव्य सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की है। उनका कहना था कि इस सम्मेलन में मुख्य जेंडर नकली दावों पर सख्त कार्रवाई और बड़ी दवा कंपनियों के बढ़ते मन माने रवैये पर अंकुश लगाने पर मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नकली दवा बाजार में न बिक सके इसके लिए संगठन हर संभव सहयोग के लिए तैयार है। इस दौरान अतुल शर्मा, रविंद्र दुग्गल, अरुण शर्मा, राम अवतार आदि मौजूद रहे।

# उत्तम पब्लिक स्कूल रहावती में नमामि गंगे कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** उत्तम पब्लिक स्कूल में जिला गंगा समिति मेरठ की ओर से नमामि गंगे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, रंगोली, स्लोगन लेखन, प्रश्नोत्तरी और स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रोजेक्ट ऑफिसर तुषार गुप्ता ने बच्चों को गंगा नदी के महत्व और संरक्षण के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गंगा नदी भारत की सबसे पवित्र नदियों में से एक है और इसका संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बच्चों को गंगा नदी को साफ रखने के लिए प्लास्टिक का उपयोग न करने, कूड़ा नदी में न फेंकने और जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। साथ ही गंगा को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई। नमामि गंगे के स्पेयर हेड इंद्रजीत चौधरी ने भी अपने विचार रखे और बच्चों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता और साफ-सफाई हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमें अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए।

चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार स्वर्ण पोसवाल कक्षा 6 द्वितीय पुरस्कार कंदर्प सैनी कक्षा 7 तथा तृतीय पुरस्कार गुरमनकौर कक्षा 7 ने जीता। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के विजेता प्रियांशी शर्मा कक्षा 9 द्वितीय पुरस्कार तेजस नागर कक्षा 7 तथा तृतीय पुरस्कार प्रत्यक्ष नलवा कक्षा 7 को प्राप्त हुआ। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें तत्काल उत्तर देने पर वासुदेव शर्मा, अंशिका चौधरी, नियति जंगवाल, प्रत्यक्ष नलवा, वैशाली शर्मा, शांतनु हुड्डा आदि ने मेडल प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कक्षा 10 की छात्राएं परी ढिल्लन, अवनी चौधरी, आराध्या पंवार, लक्ष्मी पंवार ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय पुरस्कार कक्षा 9 की छात्र छवी शर्मा, आयुषी बुटार, परी पोसवाल, अंशिका जाखड़ तथा आर्या नलवा ने प्राप्त किया। इस में प्रबंधक सी.एस. चौधरी, प्रधानाचार्या ममता चौधरी, कोऑर्डिनेट करने में ज्योति रस्तोगी, निशि सैनी, सचिन चौधरी, सोहनवीर सिंह, नौशाबा प्रवीण ने किया। पूजा गुप्ता, रुचि वर्मा, निधि भड़ाना, हिमांशु सिंघल, अरविंद चौधरी, रवि सहगल, उपासना शर्मा, रवि राणा आदि ने अपने विचार रखें।

# खेत में पानी दे रहे भाइयों पर धारदार हथियारों से हमला, तीन घायल

■ **वीडियों में कैद हुई हथियारों की वारदात, पुलिस ने की जांच शुरू**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर थाना क्षेत्र के ग्राम बड्ढा में सोमवार की सुबह खेत में पानी दे रहे दो सगे भाइयों पर गांव के ही कुछ लोगों ने धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पूरा घटनाक्रम मौके पर मौजूद लोगों ने मोबाइल में कैद कर लिया, वीडियो में आरोपी लाठी डंडे लिये साफ दिखाई दे रहे हैं। ग्राम बड्ढा निवासी जीशान पुत्र यूनुस अपने भाई नईम पुत्र यूनुस के साथ गांव से करीब 300 मीटर आगे खेत पर पानी दे रहा था। इसी दौरान गांव के ही मोईन पुत्र नईम, नईम पुत्र रुस्तम, मनव्वर पुत्र रुस्तम और आमिर पुत्र रुस्तम हथियारों और लाठी-डंडों से लैस होकर वहां पहुंचे। आरोप है कि सभी ने एक राय होकर दोनों भाइयों पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। मारपीट में जीशान का सिर फट गया और नईम को गंभीर रूप चोट आई है।

### बीच-बचाव करने पहुंचे तीसरे भाई को भी पीटा

शोर सुनकर जब उनका तीसरा भाई मेहराज पुत्र यूनुस खेत पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर सभी को छुड़ाया।

### थाने में दी तहरीर, वीडियो पुलिस को सौंपा

घायल पक्ष ने थाना किठौर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जीशान ने बताया कि घटना की वीडियो उनके आ गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महिला क्रिकेट विश्वकप में भारत की ऐतिहासिक जीत पर नगर में मना जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** महिला क्रिकेट विश्व. कप के फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। टीम इंडिया की इस ऐतिहासिक जीत से पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी कड़ी में सरधना में भी लोगों ने जीत का जश्न धूमधाम से मनाया। नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारों के साथ इस गौरवपूर्ण क्षण का स्वागत किया। सभी ने भारतीय महिला खिलाड़ियों की मेहनत, संघर्ष और जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। चेयरपर्सन पुत्र शाहवेज अंसारी ने कहा कि महिला क्रिकेट टीम ने साबित कर दिया है कि भारतीय बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्होंने देश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। इस जीत ने हर भारतीय के दिल में उत्साह और गर्व की भावना भर दी है। इस मौके पर सपा नगर अध्यक्ष अशरफ राणा, शाहवेज अंसारी, ललित गुज्जर, सलीम अंसारी, हाजी तय्यब, विष्णु सोम, अभिषेक सोम, विवेक धामा, उमंग कौशिक, परवेज राणा, जावेद सईद, आशु सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर महिला टीम की उपलब्धि पर एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाई बांटी।

# खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। इसे मौसम का बदलना कहे या प्रदुषण की मार आजकल सभी लोग गले में दर्द और खांसी से पीड़ित है। जिला अस्पताल में इस रोग से परेशान लोग लंबी कतारे लगे खड़े है। डाक्टरों का कहना है कि खांसी का मुख्य कारण प्रदुषण है। जहरीली हवा सांस के रास्ते शरीर में प्रवेश कर रही है। जिससे गले में दर्द व खांसी के मरीज अधिक बढ़ रहे है।

# समाधान दिवस में 56 शिकायती पत्रों में से मात्र दो का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसील सरधना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समयसीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 56 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से दो का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।



तहसील सरधना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकबंदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 56 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से दो का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करायी जायेगी। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ नूपुर गोयल, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, एसडीएम सरधना उदित नारायण सेंगर सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

# जिन स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर बना द्वार उन्हीं के परिवार से भाजपाइयों ने बनाई दूरी

## स्वतंत्रता सेनानी बी.डी. लंदन तोड़ भाजपाइयों के होर्डिंग से भी गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मेरठ के बड़े स्वतंत्रता सेनानी रहे बी.डी. लंदन तोड़ एवं बिशम्बर दत्त शर्मा को सम्मान देने के लिए भोला झाल गंग नहर पर जिला पंचायत द्वारा एक द्वार बनाया गया है। इसके उद्घाटन के अवसर पर कई बड़े भाजपा नेता मौजूद रहे। स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देने लिए और उनके परिवार को गौरवान्वित करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया लेकिन यह कार्यक्रम उस समय विवादित दिखाई दिया जब स्वतंत्रता सेनानी के परिवार को ही कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया। स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र प्रवीण शर्मा ने एक वीडियो जारी करते हुए एतराज जताया और कहा कि उसके परिवार



प्रवीण शर्मा

को कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया। साथ ही साथ जो होर्डिंग भाजपा द्वारा लगाए गए हैं उसमें स्वतंत्रता सेनानी उनके दादा का फोटो ही नहीं है। प्रवीण शर्मा ने कहा कि यह कार्य




भाजपा नेताओं के चाल चरित्र और व्यवहार को बताता है। प्रवीण शर्मा ने कहा कि उनके आधे अधूरे परिवार को बुलाया गया। भाजपा नेताओं का परिवार को तोड़ने का प्रयास सफल हुआ। जिसने उनके दादा जी बी.डी. लंदन तोड़ जी की आत्मा को झकझोर दिया। उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि आजादी मिलने के बाद देश की भाजपा सरकार ऐसा काम करेगी कि परिवार तोड़कर राजनीति के अनुसार उनके परिवार को उस प्रोग्राम से दूर रखेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों को बहुत बहुत बधाई जिन्होंने बी.डी. लन्दन तोड़ की आत्मा के टुकड़े कर दिए और विशेषकर उनके समाज के ब्राह्मण जनप्रतिनिधि का। प्रवीण शर्मा ने बताया कि वह अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला उपाध्यक्ष भी हैं। भाजपा के इस कार्य ने उनके समाज का भी अपमान किया है। वहीं जब इस मामले में मेरठ जिला पंचायत अध्यक्ष से बात करनी चाही तो उनका नंबर स्विच ऑफ आता रहा।

# रहेगा सबसे ऊपर तिरंगा, हम हैं टीम इंडिया

**मुंबई, वार्ता।** विश्व कप जीत के बाद ड्रेसिंग रूम में माहौल जश्न में डूबा हुआ रहा। जीत की खुशी, आंखों में चमक और हाथों में तिरंगा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तस्वीरें हर भारतीय के दिल को गर्व से भर देने वाली हैं।

खिलाड़ियों ने रहेगा सबसे ऊपर हमारा तिरंगा, हम हैं टीम इंडिया, गाना गाते हुए मैदान से लेकर लाकर रूम तक जीत का जश्न मनाया। हरमनप्रीत कौर, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा राड्रिग्स और पूरी टीम के चेहरों पर वही मुस्कान थी, जो बरसों के संघर्ष और सपनों की पूर्ति का प्रतीक बन गई। अब बीसीसीआई ने इसका वीडियो जारी किया है। वीडियो में जेमिमा कहती हैं कि हमने चार साल पहले यह तय किया था कि हम अपनी टीम सान्ग को तब उजागर करेंगे जब हम विश्व कप

**● विश्व चैंपियन बेटियों ने गाना गाकर मैदान से लेकर लॉकर रूम तक जीत का जश्न मनाया**

जीत जाएंगे। वह समय अब आ चुका है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर एक और वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान वोल्वार्ट और भारत की जेमिमा राड्रिग्स साथ में गाना गाती दिख रही हैं।

जेमिमा गिटार बजा रही हैं, जबकि वोल्वार्ट गाना गा रही हैं। फैंस का कहना है कि इस गाने का नाम 'फालिंग इन लव अगेन' है और यह गाना वोल्वार्ट ने 11 साल पहले कम्पोज किया था। यह वीडियो इंग्लैंड के 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट के दौरान का बताया जा रहा है, क्योंकि वोल्वार्ट और जेमिमा, दोनों ने सुपर चार्जर्स



टीम की जर्सी पहन रखी है। दोनों एक साथ इस टीम के लिए खेल चुकी हैं। वोल्वार्ट को रविवार को निराशा झेलनी पड़ी, क्योंकि उनकी टीम भारत से फाइनल हार गई। वोल्वार्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शतक जमाया, लेकिन यह काफी नहीं था। वह टूर्नामेंट की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। मैच की बात करें तो भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे।







## संक्षिप्त खेल समाचार

### सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी आज से

**कोहिमा, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी 2025 के मंगलवार से यहां शुरु हो रहे तीसरे संसकरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। चार से 14 नवम्बर तक नागालैंड में होने वाले इस टूर्नामेंट में इस बार नॉर्थ जोन, साउथ जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन, सेंट्रल जोन और नॉर्थ-ईस्ट जोन की महिला टीमें हिस्सा लेंगी। यह घरेलू महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा एडिशन है। इस टूर्नामेंट का 2022 में पहली बार आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट की शुरुआत में छह टीम राउंड रॉबिन प्रारुप में भिडेंगी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 14 नवम्बर को खेला जायेगा।

### यूपी कबड्डी लीग सीजन-2 की नीलामी में बेहतर खिलाड़ियों की लगी बोली

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम के इनडोर पवेलियन में आगामी माह 25 दिसंबर से शुरु होने वाली उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग खेल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया आज यहां अपरान्ह संपन्न हुई।

उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के आयोजकों ने सोमवार को कबड्डी प्रतियोगिता और आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के सीजन 2 के लिए कबड्डी खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है इसके पश्चात ऑक्शन में खिलाड़ियों को उनके अनुभव और प्रदर्शन के आधार पर चार वर्गो में विभाजित गया है। खिलाड़ियों की नीलामी ओपन बिड, लाइव फॉर्मेट में फ्रेंचाइजी मालिकों, टीम अधिकारियों और लीग प्रतिनिधियों की मौजूदगी में दोपहर अंत में संपन्न हुई।

# 2025 ने क्रिकेट को दिए नए चैंपियंस

**मुंबई, वार्ता।** वर्ष 2025 क्रिकेट की दुनिया में उस रीसेट बटन की तरह रहा, जिसने कई टीमों की किस्मत पलट दी। लंबे इंतजार और अधूरे सपनों के सिलसिले को खत्म करते हुए इस साल चार अलग-अलग टूर्नामेंट्स में नए चैंपियन्स उभरे।

बिग बैश लीग में हाबार्ट हरिकेन्स (बीबीएल), आईपीएल में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर (आईपीएल), विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में दक्षिण अफ्रीका (डब्ल्यू टीसी) और महिला वनडे विश्व कप में भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया और पहली बार खिताब जीता। यह वो साल रहा जब मेहनत, उम्मीद और इतिहास, सबने मिलकर नए चैंपियन्स का अध्याय लिखा। बिग बैश लीग (बीबीएल) में हाबार्ट हरिकेन्स ने वर्षों की निराशा खत्म की। 2013-14 और 2017-18 में फाइनल हारने वाली टीम ने आखिरकार 2025 में जीत का स्वाद चखा। टिम डेविड और मिचेल ओवेन की जोड़ी ने बल्लेबाजी ने कमाल दिखाया, जबकि कप्तान नाथन एलिस ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया। वहीं, मैथ्यू वेड ने अनुभव से इतिहास रच दिया। आईपीएल

**● अधूरे सपनों के सिलसिले को खत्म करते हुए इस साल में बीबीएल में हाबार्ट हरिकेन्स, आईपीएल में आरसीबी, डब्ल्यूटीसी में दक्षिण अफ्रीका और महिला वनडे विश्व कप में भारतीय टीम चैंपियंस बनी**

वो सीजन था जिसका इंतजार न सिर्फ बेंगलुरु बल्कि पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस को था। वर्षों की ट्रोलिंग, 'ई साल कप नामदे' वाले मीम्स के बीच आरसीबी ने आखिरकार कप अपने नाम किया। रजत पाटीदार की बेहतरीन कप्तानी, विराट कोहली का जोश, हेजलवुड की सधी हुई गेंदबाजी और फिल साल्ट की धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम को पहला आईपीएल खिताब दिलाया। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीका ने इतिहास रचा। कभी 'चोकर्स' कहे जाने वाली इस टीम ने इंग्लैंड को हराकर पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल या यूं कहें पहला आईसीसी खिताब जीता।




# टीम को भरोसा था विश्व कप जीत सकते हैं: कप्तान हरमनप्रीत




**● हमें लगा कि हम पहली गेंद से ही जीत सकते थे, क्योंकि जिस तरह से हमने पिछले तीन मैचों में खेला था: कप्तान**

**नवीं मुम्बई।** भारतीय महिलां टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि टीम को अपने ऊपर भरोसा था कि वे यह विश्वकप जीत सकते है। दक्षिण अफ्रीका को रविवार रात फाइनल मुकाबले में हराकर महिला विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत मुस्कुराते हुए ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंची। उन्होंने कहा कि इस समय तो मैं कुछ कहने की स्थिति में नहीं हूं। मैं केवल अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का प्रयास कर रही हूं। मैं बस यही कहूंगी कि टीम ने कई उतार-चढ़ाव देखे लेकिन टीम को स्वयं पर भरोसा था। मैं यह पहले दिन से कह रही हूं। हम इधर-उधर नहीं देख रहे थे हमारा सारा ध्यान केवल लक्ष्य पर था। उन्होंने कहा कि हमें लगा कि हम पहली गेंद से ही जीत सकते थे, क्योंकि जिस तरह से हमने पिछले तीन मैचों में खेला था उससे हमारे लिए काफी चीजे बदल गई थीं। विशेष तौर पर स्वयं पर भरोसा। हम काफी समय से अच्छी क्रिकेट खेलते आ रहे हैं इसलिए हमें पता था कि एक टीम के तौर पर हमें क्या करना है। हमें पता था कि बल्लेबाजी आसान नहीं होगी लेकिन इसका श्रेय स्मृति मंधाना और शेफाली को जाता है जिस तरह से उन्होंने पहले 10 ओवर में बल्लेबाजी की। पहले दिन से मुझे विश्वास था कि यह सब मायने नहीं रखता। वैसे भी हम टॉस जीतते नहीं, इसलिए हमें पता था कि हमें पहले बैटिंग करनी होगी। भारतीय कप्तान कहा कि हमारा लक्ष्य आसान था। हमें पता था कि अगर हम बड़े लक्ष्य के बारे में सोचेंगे तो दबाव में आ जाएंगे। सबसे जरूरी चीज थी कि बल्लेबाजी करते रहना है और खेल की लय में बने रहना है। हमने 300 रन बनाने की कोशिश की लेकिन हम एक रन दूर रह गए। हालांकि हम एक टीम के तौर पर मैदान में लौटे। जब भी हमें जरूरत हुई हमें ब्रेकथ्रू मिला। यह एक बहुत अच्छा मैच था। यह अभी कहना आसान है लेकिन जब लॉरा बल्लेबाजी कर रही थीं तो यह सब उतना आसान नहीं था।

## हमारी लड़कियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है: नीता अंबानी

**मुम्बई, वार्ता।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष नीता अंबानी ने भारतीय महिला टीम को विश्वकप जीतने पर बधाई देते हुए कहा है कि हमारी लड़कियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। रविवार रात भारतीय महिला टीम द्वारा पहला महिला विश्वकप जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि आधी रात को हमारी लड़कियों ने पहली आईसीसी विश्व चैंपियनशिप जीत ली है। मुझे लगता है कि आपने जिस हिम्मत, विश्वास और आत्मविश्वास के साथ खेला है, उससे आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। हमें आप सब पर बहुत गर्व है और मैं कहना चाहती हूं धन्यवाद, धन्यवाद, धन्यवाद और जय हिद।

# खड़गे-राहुल ने दी टीम को बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार महिला विश्वकप जीतने वाली भारतीय महिला टीम को बधाई दी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में शानदार जीत के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा आपके शानदार प्रदर्शन, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क ने देश को गौरवान्वित किया है। यह जीत सिर्फ एक खेल उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की शक्ति, लचीलेपन और नेतृत्व क्षमता का उत्सव भी है जो लाखों लोगों को प्रेरित करती रहेगी। पूरा देश इस गौरवशाली क्षण का जश्न मनाने के लिए एकजुट है। आपने न केवल विश्व कप जीता है, बल्कि हर भारतीय का दिल भी जीत लिया है। उन्होंने कहा मैं आप सभी के उज्ज्वल, सफल और प्रेरणादायक भविष्य की कामना करता हूं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बधाई देते हुए कहा कि गर्व का क्षण है।

हमारी महिलाओं ने इतिहास रच दिया और करोड़ों दिलों को छुआ है। आपके साहस, धैर्य और शालीनता ने भारत को गौरवान्वित किया है और अनगि. नत युवा लड़कियों को निडर होकर सपने देखने के लिए प्रेरित किया है। आप ने केवल एक ट्रॉफी नहीं उठाई, आपने एक राष्ट्र का उत्साह बढ़ाया है। जय हिद।

## ताजनगरी को है अपनी बेटी दीप्ति का इंतजार

**आगरा, वार्ता।** पहली बार क्रिकेट की दुनिया में अपना परचम लहराने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अहम सदस्य दीप्ति शर्मा का ताज नगरी आगरा को बेसब्री से इंतजार है। कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार देर रात दक्षिण अफ्रीका को हरा कर विश्व कप की चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया है। विश्व कप टूर्नामेंट में आगरा की रहने वाली दीप्ति शर्मा का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब अपने नाम करने वाली दीप्ति ने पूरे टूर्नामेंट में 215 रन बनाए।

# हार के बावजूद टीम के प्रयासों पर गर्व: वोल्वार्ट



**● कहा: हमने पूरे मैच में शानदार क्रिकेट खेला, लेकिन आज भारत ने हमें मात दे दी**

**नवी मुंबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने कहा कि महिला विश्वकप के फाइनल में भारत के हाथों मिली 52 हार के बावजूद मुझे अपनी टीम के प्रयासों पर गर्व है। मैच के बाद वोल्वार्ट ने कहा कि मुझे इस टीम पर इस अभियान के लिए और भी ज्ड़ादा गर्व हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि हमने पूरे मैच में शानदार क्रिकेट खेला, लेकिन आज भारत ने हमें मात दे दी। हारना दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन हम इससे जरूर आगे बढ़ेंगे। यह कई खिलाड़ियों के लिए एक शानदार टूर्नामेंट रहा है और मुझे हमारे द्वारा दिखाए गए लचील. `पन पर गर्व है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सस्ते में आउट होने के बारे में पूछे जाने पर वोल्वार्ट ने कहा कि हमने उन कुछ खराब मैचों को पीछे छोड़ने के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। हम या तो बहुत अच्छे थे या बहुत बुरे, लेकिन शुक्र है कि अधिकतर अच्छे प्रदर्शन ही हुए। उन्होंने कहा कि विश्व कप से पहले शायद मेरा सर्वश्रेष्ठ वर्ष नहीं रहा और मैंने इसकी शुरुआत भी अच्छी नहीं की। ज्यादा सोचना, अच्छा नहीं था। यह क्रिकेट का एक और मैच है, दोनों को अलग करने की को. शिश ने मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने और फिर किसी अलग समय पर कप्तानी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए थोड़ा मुक्त कर दिया। मैच के बारे में बात करते हुए वोल्वार्ट इस बात से खुश थीं कि उनके गेंदबाजों ने भारत को 300 से अधिक का स्कोर नहीं बनाने दिया।, जबकि शेफाली वर्मा (87) और स्मृति मंधाना (45) ने मेजबान टीम को तेज शुरुआत दिलाई थी।

# सबालेंका-पेगुला ने अपने-अपने मैच जीते






**● सबालेंका ने रविवार रात 70 मिनट तक चले मैच में इटली की जैस्मीन को वहीं पेगुला ने कोको गॉफ को को दी मात**

**रियाद, वार्ता।** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला और बेलारूस की स्टार एरीना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स टूर्नामेंट के पहले दौर में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जीत दर्ज की। सबालें. का ने रविवार रात 70 मिनट तक चले मुकाबले में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से हराया। वहीं पेगुला ने गॉफ पर 6-3, 6-7(4), 6-2 से शानदार जीत दर्ज की। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि हमने बहुत खेला है, और हर बार यह एक मुश्किल मुकाबला होता है। स्कोर कुछ भी हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे पता है कि मुझे हमेशा फोकस बनाए रखना है, और अगर आप उसे मौका देंगे, तो वह आगे बढ़कर गेम पर कंट्रोल कर लेगी।

इसलिए, मुझे लगता है कि मैं आज अपने फोकस से सबसे ज्यादा खुश हूं। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि राउंड रॉबिन है, लेकिन मैं इस टूर्नामेंट को एक रेगुलर टूर्नामेंट की तरह लेने की कोशिश कर रही हूं, और मुझे पता है कि अगर मुझे यह खूबसूरत ट्रॉफी जीतनी है तो मुझे पांच मैच जीतने होंगे।

तो बेसिकली, मेरी सोच बस यही है कि बाहर जाकर हर मैच में मुकाबला करूं और लड़ूं। वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिकी की जेसिका पेगुला ने डिफेंडिग चैंपियन हमवतन कोको गॉफ को हराकर डब्लयूटीए फाइनल्स में अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। रविवार रात दो घंटे 12 मिनट तक चले कड़े मुक. ाबले में पेगुला ने गॉफ पर 6-3, 6-7(4), 6-2 से शानदार जीत दर्ज की।

यह ऑल-अमेरिकन मुक. ाबला काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों को इंडोर लाइट्स में खेलने में परेशानी हो रही थी और लगातार पांच बार सर्विस ब्रेक हुए। आखिरकार पेगुला ने पहले खुद को संभाला, 4-2 से बढ़त बनाई और फिर गॉफ की सर्विस की परेशानियों का फायदा उठाया। दुनिया की नंबर तीन खिलाड़ी गॉफ की पांचवीं डबल फॉल्ट ने पेगुला को आधे घंटे से कुछ अधिक समय में पहला सेट दिला दिया। गॉफ ने दूसरे सेट में जल्दी ही वापसी करते हुए 2-0 की बढ़त बना ली।

# द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया गए कुलदीप टी-20 टीम से रिलीज



**मेलबर्न, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीजी की तैयारी के मद्देनजर टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम से रिलीज किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि कुलदीप को आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारियों के लिए दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ छह नवम्बर से शुरू हो रहे दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए के दल में जगह दी गई है। रविवार को भारत ए ने ऋषभ पंत की 90 रनों की पारी और अंशुल कंबोज और मानव सुधार की नाबाद 62 रनों की साझेदारी की बदौलत पहला मैच जीत लिया। बीसीसीआई ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि कुलदीप को टीम से रिलीज करने का अनुरोध भारतीय टीम प्रबंधन की ओर से किया गया था। तीसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में भारतीय एकदाश में कुलदीप की जगह वॉशिगटन सुंदर को मौका दिया गया था। भारत चौथा टी-20 छह नबंर को कैनबरा और पांचवां मैच आठ नवम्बर को ब्रिस्बेन में खेलेगा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 14 नवम्बर को कोलकाता में खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी दो टी-20 मैच के लिए अब भारतीय टीम इस प्रकार है:- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिकू सिह और वॉशिगटन सुंदर।

दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए टीम:- ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), के एल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पड़िक्कल, ऋतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुष कोटियान, मानव सुथार, खलील अहमद, गुरनूर बराड़, कुलदीप यादव, अभिमन्यू ईश्वरन, प्रसि( कृष्णा, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 4 नवम्बर 2025

# ट्रम्प का बयान विनाशक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर विवादित और उकसाने वाला बयान दिया है। उनका कहना है कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान सहित कई देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। ट्रंप ने अमेरिका के परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की आवश्यकता जताई और बताया कि तैयारियां पहले से चल रही हैं। उनके इस बयान से दुनिया सकते में हैं और इसकी आलोचना करते हुए इसे उकसाने वाला बताया है। यदि ट्रंप के बयान में सच्चाई है, तो दुनिया को विनाश से कोई नहीं रोक सकता। क्योंकि इस बात का जिक्र रूस ने अभी तक नहीं किया। रूस का यूक्रेन से युद्ध चल रहा है, लेकिन उसने अभी तक भी परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं किया है। ट्रप ने दावा किया कि अमेरिका के पास दुनिया को 150 बार नष्ट करने के लिए पर्याप्त परमाणु हथियार मौजूद हैं, तो फिर वह ऐसे बयान क्यों दे रहा है। वह अपने आप को खतरा मान रहा है, या दुनिया को जलाने की कोशिश कर रहे हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जो परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। 60 मिनट के साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान सहित कई देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, जबकि अमेरिका एकमात्र ऐसा देश है, जो ऐसा नहीं कर रहा है। रूस और चीन परीक्षण कर रहे हैं, लेकिन वे इस बारे में बात नहीं करते। हम एक खुला समाज हैं, हम अलग हैं, हम इस बारे में बात करते हैं। हमें इस बारे में बात करनी ही होगी क्योंकि वरना आप लोग रिपोर्ट करेंगे। उनके पास ऐसे पत्रकार नहीं हैं, जो इस बारे में लिखें। हम परीक्षण करेंगे, क्योंकि वे परीक्षण करते हैं और दूसरे भी परीक्षण करते हैं और निश्चित रूप से उत्तर कोरिया परीक्षण कर रहा है, पाकिस्तान भी परीक्षण कर रहा है। ट्रंप का ये बयान तब सामने अया, जब उनसे रूस द्वारा हाल ही में पोसाइडन अंडरवाटर ड्रोन सहित उन्नत परमाणु-सक्षम प्रणालियों के परीक्षणों के 30 से अधिक वर्षों बाद परमाणु हथियारों का विस्फोटष्करने के उनके फैसले के बारे में पूछा गया। मगर इस बयान में पाकिस्तान का नाम लेना ये साबित करता है कि अमेरिका उसे अपने सबसे बड़े दुश्नमनों की श्रेणी में रख रहा है। हाल में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल मुनीर ने ट्रंप से कई मुलाकातें की हैं और संबंधों को ठीक करने की कोशिश की है, मगर ट्रंप ने ये बयान देकर उन्हें फिर झटका दे दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की घोषणा पर दुनिया में हलचल मच गई है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है।

## अपमान मंत्रालय स्थापित करे केंद्र



बिहार में मतदाता सूची से 65 लाख लोगों का नाम काट दिया गया है, जो न केवल उनके मताधिकार का हनन है, बल्कि सीधे तौर पर उनकी नागरिकता छीनने जैसा गंभीर कदम है, पिछले 20 वर्षों से बिहार की चुनी हुई सरकार को प्रधानमंत्री और गृहमंत्री चला रहे हैं।,जब आपकी चुनी हुई सरकार को केंद्र से सम्मान नहीं मिलता, तो जनता का सम्मान कैसे बचेगा, केंद्र सरकार को अपमान मंत्रालय स्थापित करना चाहिए, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पहले पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को हर मुद्दे पर दोषी ठहराकर उनका अपमान करने में अपना समय बर्बाद करते हैं।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**
**कांग्रेस सांसद**

# विकास की चमक और सच का अंधेरा



**वीरेश तरार**

संयुक्त राष्ट्र ने सतत विकास लक्ष्यों को वर्ष दो हजार पंद्रह में अपनाया था और इन्हें दो हजार तीस तक हासिल करने का लक्ष्य रखा गया था। यानी पंद्रह वर्षों का यह कार्यक्रम अब अपने अंतिम पांच वर्षों में प्रवेश कर चुका है। भारत सरकार ने इसकी जवाबदेही वर्ष दो हजार अठारह से तय करनी शुरू की। नीति आयोग द्वारा जारी राष्ट्रीय सूचकांक के अनुसार, वर्ष दो हजार अठारह में भारत का औसत अंक सत्तावन था। वर्ष दो हजार इक्कीस.तेईस में यह बढ़कर छियासठ हुआ और हालिया रिपोर्ट दो हजार चौबीस में बहत्तर के आसपास पहुंच गया। सरकार इन आंकड़ों को यह प्रमाण बताती है कि देश अपने सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन यदि इन अंकों के पीछे झांका जाए तो एक दूसरा सच सामने आता है। विकास की यह चमक बाहर से भले तेज दिखाई दे, भीतर से यह कई सवाल उठाती है। क्या यह विकास वास्तव में मानव और प्रकृति के हित में है? क्या यह हमारे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को सुरक्षित रख रहा है? और क्या यह विकास जनभागीदारी पर आधारित है या केवल पूंजी और उद्योग केंद्रित? आज का विकास मॉडल मुख्यत: ढांच.गत निर्माणों और आर्थिक उत्पादन पर टिक गया है। बड़े-बड़े राजमार्ग, बांध, औद्योगिक परियोजनाएं और खनन को प्रगति का प्रतीक बताया जा रहा है। किंतु इनसे स्थानीय पारिस्थितिकी, जल स्रोत, मिट्टी और जनस्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहे हैं। शोध बताते हैं कि राजमार्गों के आसपास पांच सौ मीटर से लेकर कई किलोमीटर तक का क्षेत्र प्रदूषित होता है, वृक्ष कटते हैं और वायु में कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है। यह विकास का वह रूप है जिसमें धरती का संतुलन दांव पर लगा है। इस बीच एक और भ्रम फैलाया जा रहा है कि विद्युत चालित वाहन या सौर ऊर्जा से संचालित उद्योग पूरी तरह पर्यावरण-हितकारी हैं। जबकि सच यह है कि इनकी बैटरियों में प्रयुक्त लिथियम और अन्य तत्वों का कचरा अत्यंत हानिकारक होता है। इसका निस्तारण आज भी पूरी तरह सुरक्षित व्यवस्था से नहीं हो पा रहा है। यानी हर नई तकनीक अपने साथ एक नया संकट भी लेकर आती है। सरकार जब एथेनॉल उत्पादन की बात करती है तो यह तर्क दिया जाता है कि इससे पानी की खपत बहुत बढ़ जाएगी। लेकिन यह अर्धसत्य है। एथेनॉल उत्पादन में प्रयुक्त गन्ना और मक्का जैसी फसलें वर्षा पर आधारित होती हैं और यदि ए उद्योग अपने संयंत्रों में अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र (ईटीपी) लगाएं तथा वर्षा जल संचयन की व्यवस्था करें तो पानी का पुन: उपयोग संभव है। इससे जल.व्यय नहीं, बल्कि जल.संरक्षण होगा। यही सच्चा समाधान है, न कि एथेनॉल उत्पादन को रोकना। यहां सवाल उठता है कि गांधी जी के नेतृत्व में जब स्वाधीनता की लडाईयां लडी जा रही थी तब क्या आजाद भारत की परिकल्पना में किसी भावी विकास माडल को भी शामिल किया गया था तो हम पाते हैं कि महात्मा गांधी ने जब स्वाधीन भारत के विकास की परिकल्पना की थी, तब उसका मूल आधार स्वराज था, ऐसा स्वराज जो व्यक्ति, समाज और प्रकृति तीनों के सामंजस्य से निर्मित हो। गांधी जी ने ग्राम स्वराज की जो कल्पना रखी, उसमें प्रत्येक ग्राम आत्मनिर्भर और उत्तरदाई इकाई के रूप में सोचा गया था। यह विचार केवल प्रशासनिक नहीं था, बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत प्रासंगिक था। स्वतंत्रता के बाद अनेक आयोगों जैसे बलवंत राय मेहता समिति, अशोक मेहता समिति , एल एम सिंघवी आयोग और बाद में जीवीके राव समिति ने ग्रामीण स्वराज की इस अवधारणा को संस्थागत रूप देने की सिफारिश की परंतु यह सपना कई दशकों तक अधूरा रहा। अंतत: वर्ष उन्नीस सौ ब्यानबे में संविधान के तिहत्तरवें संशोधन के रूप में पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा मिला। इस संशोधन ने न केवल ग्राम पंचायतों को अधिकार दिए, बल्कि यह सिद्ध किया कि भारत में लोकतंत्र का असली अर्थ तभी पूरा होता है जब उसका आधार गांव हो। फिर भी यह प्रक्रिया अब भी अध.ूरी है। कई राज्यों में पंचायतों की स्वायत्तता व्यवहार में सीमित रह गई है। योजनाएं ऊपर से थोपे गए प्रारूप में चलती हैं और स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की शक्ति कमजोर पड़ी है। यही कारण है कि आज जब सतत विकास की बात होती है, तो उसके केंद्र में जो ग्राम स्वराज की आत्मा होनी चाहिए थी, वह कहीं खो गई प्रतीत होती है। वास्तव में सतत विकास का आधार स्थानीय भागीदारी है। हमारे संविधान के तिहत्तरवें संशोधन ने ग्राम पंचायतों को जो स्वायत्तता दी है, वही इस दिशा का सबसे सशक्त साधन है। यदि ग्राम सभाएं अपने स्तर पर योजनाएं बनाएं, स्थानीय जल स्रोतों का प्रबंधन करें और पर्यावरण की रक्षा को प्राथमिकता दें, तो यह विकास दीर्घकालिक और लोकहितकारी होगा परंतु आज नीतियां उलटी दिशा में जा रही हैं वन कानून, सीमा कानून और खनन संबंधी संशोधनों ने ग्राम स्वराज की भावना को कमजोर किया है। जरूरत इस बात की है कि विकास की नीति में पुनर्विचार हो। आंकड़ों की तालिकाओं और स्कोर कार्ड से आगे बढ़कर यह देखा जाए कि धरातल पर क्या हो रहा है। कितनी नदियां सूख रहीं, कितने जंगल कट रहे हैं, और कितने गांव प्रदूषण से बीमार हो रहे हैं यह भी विकास के मापदंड का हिस्सा बने। कार्बन क्रेडिट से मिलने वाले धन का उपयोग वृक्षारोपण और जल संरक्षण में किया जा सकता है। उद्योगों को बाध्य किया जाए कि वे अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण करें और प्रदूषण को न्यूनतम स्तर पर लाएं। स्थानीय पंचायतों को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त किया जाए, ताकि विकास का अर्थ केवल इमारतें खड़ी करना न रह जाए, बल्कि मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करना बने। अंतत: यही कहा जा सकता है कि सच्चा विकास वही है जो गांव से शुरू हो, गांव के लिए हो और भावी पीढ़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर हो। यदि हम केवल अंक बढ़ाने की होड़ में लगे रहेंगे तो आने वाले वर्षों में ए अंक हमारे पर्यावरण, स्वास्थ्य और अस्तित्व की कीमत पर लिखे जाएंगे। विकास का अर्थ तभी पूर्ण होगा जब उसकी चमक के साथ सच की रोशनी कायम रहे।

### डेटा इनबॉक्स: सतत विकास संकेतक ( सारांश )

भारत ने सन् दो हजार पन्द्रह में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को अपनाया था, जिनकी समय सीमा सन् दो हजार तीस तक निर्धारित है। नीति आयोग की रिपोर्टों के अनुसार भारत का समेकित स्कोर सन् दो हजार अठारह में सत्तावन, सन् दो हजार इक्कीस में छियासठ और सन् दो हजार तेईस-चौबीस में बहत्तर अंक तक पहुंचा है। राज्यों के स्तर पर यह अंक सीमा सत्तावन से उन्यासी के बीच रही, जिसमें केरल और उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर रहे। जबकि बिहार और झारखंड इसके निम्नतम स्तर पर। रिपोर्टों में स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति और जल संरक्षण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है, जबकि पर्यावरण, स्वास्थ्य और स्थानीय पारिस्थितिकी पर विकास परियोजनाओं के नकारात्मक प्रभावों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। वैश्विक स्तर पर हाल की रिपोर्टों में भारत की स्थिति लगभग निन्यानवेवें स्थान के आसपास दर्ज की गई है, जो सुधार की दिशा में संकेत देती है परंतु चुनौतियां अभी भी गंभीर हैं।

(स्रोत-नीति आयोग की एसडीजी इंडिया रिपोर्ट 2018, 2020-21, 2023-24 तथा सतत विकास रिपोर्ट 2025)

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# द ताज स्टोरी: मुगल इतिहास को गढ़ने की नाकाम कोशिश



**एम हसन**



दरअसल, परेश रावल द्वारा फिल्मों में अपने एक संवाद में कहे गए ताजमहल का डीएनए करने के बजाय, हिंदी फिल्म निर्माताओं को निष्पक्ष इतिहास को गंभीरता से पढ़ना चाहिए और ऐसी फिल्में बनाते समय इतिहासकारों की मदद लेनी चाहिए। पीड़ा भरी दृष्टि भारत के गौरवशाली अतीत को कलंकित करेगी और जोधाबाई और अनारकली कहीं से भी उभरती रहेंगी। तो विभाजन अपेक्षित सीमा पर है। आगरा में दक्षिणपंथी संगठन ताज नगरी के फिल्म प्रेमियों को मुफ्त सिनेमा टिकट देकर फिल्म द ताज स्टोरी का प्रचार करने के लिए आगे आए हैं। फिल्म में तेजो महल वाले दृश्य का स्वागत करते हुए, इन संगठनों ने सिनेमा देखने वालों को अतिरिक्त लॉलीपॉप देने की भी पेशकश की है। दक्षिणपंथी अनुयायियों के लिए यह वास्तव में कश्मीर फाइल्स और केरल फाइल्स वाला दृश्य है।

हालांकि मुख्य अभिनेता परेश रावल ने दावा किया है कि फिल्म का उद्देश्य सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करना नहीं है और यह पर्यटन को बढ़ावा देगी, लेकिन इसका लहजा और भाव निश्चित रूप से इस दिशा में प्रतिबिंबित नहीं होता है। जब से तथाकथित इतिहासकार पीएन ओक ने 1989 में अपनी पुस्तक ताज महल द ट्रू स्टोरी में ताज महल को मूलत: एक हिंदू मंदिर बताने के लिए तेजो महालय षड्यंत्र सिद्धांत पेश किया, जिसमें उन्होंने कहा कि ताज महल मूलत: एक हिंदू मंदिर था, जिसे बाद में मुगलों ने अपने कब्जे में ले लिया, तब से ऐसे सिद्धांतों के दावेदारों की कोई कमी नहीं रही है और फिल्म उद्योग भी इन लोगों को समर्थन दे रहा है। गौरतलब है कि सिर्फ ताज महल ही नहीं है जिसकी पुरातात्विक सत्यता पर दशकों से कई मामले अदालतों में दायर होने के साथ सवाल उठाए जाते रहे हैं, सिनेमा उद्योग ने कई ऐसे मुगल पात्रों को उजागर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जो इतिहास में कभी अस्तित्व में ही नहीं थे। 1960 के दशक की महान फिल्म मुगल-ए-आजम या 2008 की जोधा अकबर या सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी का प्रतिनिधित्व करने वाली सल्तनत काल पर बनी फिल्म पद्मावत। मध्यकालीन इतिहास के जाने-माने इतिहासकारों का मानना है कि प्रामाणिक इतिहास स्रोतों ने जोधाबाई (मुगल सम्राट अकबर की पत्नी) या अनारकली (राज. कुमार सलीम की दासी) की प्रेम कहानी जैसे किसी व्यक्ति के बारे में संकेत नहीं दिया है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रमुख इतिहासकार और भारतीय इतिहास कांग्रेस के सचिव प्रोफेसर अली नदीम रेजवी ने कहा कि हिंदी ऐतिहासिक फिल्में कभी भी वास्तविक, जीवित अतीत का दूर-दूर तक आह्वान नहीं करती हैं। न ही निर्माताओं ने उस काल को समझने के लिए पेशेवर इतिहासकारों की मदद लेना आवश्यक समझा जिसमें वे अपनी फिल्में सेट करते हैं। बिना किसी अपवाद के, सभी निर्देशकों की मूल चिंता केवल एक ऐसी कहानी पर फिल्म बनाना प्रतीत होती है जो बिक जाए, न कि इसे अतीत में वास्तव में क्या हुआ या हो सकता है, उसके अनुरूप बनाना।ऐसा नहीं है कि परेश रावल ताजमहल पर पहली फिल्म बनाने वाले पहले व्यक्ति हैं। ऐसी कई फिल्में बनी हैं- ताजमहल (1941), मुमताज महल (1944), ताजमहल (1963) और ताजमहल- एन इटरनल लव स्टोरी (2005), लेकिन ये सभी आगरा में इस महान स्मारक के निर्माण के लिए प्रेरित महिला और शाही प्रेम पर केंद्रित थीं। हालांकि ये फिल्में उस दौर की थीं जब ऐतिहासिक प्रामाणिकता का पूरा ध्यान रखा जाता था और निर्माता मूल अवधारणा के साथ न्याय करने की कोशिश करते थे। पिछले एक दशक में बदली हुई मानसिकता और मनगढ़ंत कहानियों और मिथकों को मूल और प्रामाणिक इतिहास के रूप में प्रस्तुत करने के साथ, फिल्म उद्योग भी इस ओर आकर्षित हो रहा है। ताजमहल के निर्माण का जिक्र करते हुए प्रोफेसर रेजावी ने कहा, उस काल के प्रामाणिक दस्तावेज उपलब्ध हैं कि इस मकबरे का निर्माण मुगल सम्राट शाहजहां के काल में हुआ था। उन्होंने कहा कि किसी अन्य मुगल इमारत के इतने दस्तावेज-रिकॉर्ड नहीं हैं जितने ताजमहल के हैं। प्रोफेसर रेजवी ने कहा कि एक फरमान उपलब्ध है जिसमें मिर्जा जय सिंह को लिखा गया था कि उनके दरबारी वास्तुशास्त्रियों ने उन्हें बताया है कि नदी के किनारे जिस स्थान पर आपका जय सिंह महल है, वह मकबरा बनाने के लिए उपयुक्त है। आप इसे हमें दे दें और हम आपको पर्याप्त मुआवजा देंगे। जय सिंह तुरंत सहमत हो गए और उस महल के बदले, जिस पर 22 वर्षों की अवधि में ताजमहल का निर्माण हुआ, सम्राट ने उन्हें उसी क्षेत्र में चार बड़े महल और अन्य विशाल संपत्तियां दीं, प्रोफेसर रेजावी कहते हैं, यह साबित करने के लिए कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है कि स्मारक के निर्माण से पहले वहां एक शिव मंदिर मौजूद था। उन्होंने कहा कि जयपुर में मान सिंह जय सिंह के वंशज संग्रहालय में उपलब्ध 1720 के आगरा के नक्शे में मौके पर किसी मंदिर का कोई उल्लेख नहीं है, लेकिन मुमताज महल के मकबरे के बारे में स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है। प्रोफेसर रेजावी ने आगे कहा कि पूरे क्षेत्र को मुमताजाबाद के रूप में जाना जाने लगा और बाद में वर्तमान ताजगंज के रूप में जाना जाने लगा। निर्माण सामग्री के बारे में, प्रोफेसर रेजावी ने कहा कि बीकानेर संग्रहालय में पांडुलिपियों के रूप में विस्तृत रिकॉर्ड हैं जिनमें पत्थर, संगमरमर, श्रम और अन्य चीजों की आपूर्ति के बारे में उल्लेख है जो शाही आदेश पर आगरा को आपूर्ति की गई थीं। स्मारक के पुरातत्व के बारे में, प्रोफेसर रेजावी ने कहा कि यह दो संस्कृतियों का मिश्रण था। भारतीय और मुगल वास्तुकला। दरअसल, परेश रावल द्वारा फिल्मों में अपने एक संवाद में कहे गए ताजमहल का डीएनए करने के बजाय, फिल्म निर्माताओं को निष्पक्ष इतिहास को गंभीरता से पढ़ना चाहिए और ऐसी फिल्में बनाते समय इतिहासकारों की मदद लेनी चाहिए। इस तरह की विकृत दृष्टि भारत के गौरवशाली इतिहास को कलंकित करेगी और जोधाबाई और अनारकली सामने आती रहेंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिहार चुनाव: कांग्रेस से बेहतर हो सकता है भाकपा माले का स्ट्राइक रेट





**यशोदा श्रीवास्तव**

बिहार के चुनावी गणित को देखें तो यहां दो परि.श्य गौर करने लायक है। एक तो यह कि यहां लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वोटरों का रुझान बिल्कुल अलग है खास तौर पर भाजपा के लिए।दूसरा यह कि बिहार में कम्युनिस्ट दलों का वर्चस्व अभी भी कायम है। पहले बिहार के लोकसभा व विधानसभा के चुनावी अंकगणित पर गौर करते हैं। 2004 के चुनावों से देखें तो यह तस्वीर साफ नजर आती है कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में वोटर का मूड भिन्न होता है। विधानसभा चुनाव में किसी भी अकेले दल को सत्ता की चाभी नहीं थमाती।

वह क्षेत्रीय दलों को तरजीह तो देती है लेकिन बहुमत से दूर रखती है। वह चाहे जदयू हो या आरजेडी। 2004 में लोकसभा की मात्र 5 सीट जीतने वाली भाजपा 2005 के विधानसभा चुनाव में 37 सीट जीत लेती है। लोकसभा चुनाव के मुकाबले विधानसभा चुनाव में वोट प्रतिशत भी इनका बढ़ जाता है। 2009 में लोकसभा की 12 सीट जीतने वाली भाजपा को 2010 के विधानसभा चुनाव में इसे 91 सीट पर सफलता मिलती है। इसी तरह 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा जब 22 सीट जीतती है तो 2015 के विधानसभा चुनाव में इसे मात्र 53 सीटों पर ही कामयाबी मिलती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 17 सीटें जीतती है तो 2020 के विधानसभा चुनाव में उसे 74 सीटों पर सफलता मिलती है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 12 सीटों पर जीती है। अब 2025 के इसी महीने में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा के हिस्से में कितनी सीटें आती है,यह देखना है। मैदान में यूं तो कई क्षेत्रीय दल भाग्य आजमा रहे हैं लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन में ही है। सबसे दिलचस्प यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को खुद को महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे बनाए जाने का भय सता रहा है ऐसे में उनके वोटर चिराग पासवान की पार्टी के साथ खेल न कर दें,यह आशंका भी बना हुआ है। नीतीश कुमार की यह आशंका और बलवती हुई होगी जब प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि आरजेडी ने कांग्रेस के ष्कनपटी पर कट्टा रखकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने को मजबूर किया है। मोदी की इस टिप्पणी के बाद नीतीश कुमार और उनके समर्थक इस बात को लेकर भयभीत हैं कि इसका मतलब एनडीए में जो मोदी चाहेंगे वहीं होगा। अर्थात पर्ची वाला भी मुख्यमंत्री हो सकता है। वोटरों की चुप्पी के बीच चुनाव बाद किस गठबंधन को कितनी सीटें हासिल होती है यह तो अहम है ही लेकिन सरकार किसके नेतृत्व में बनती है यह देखना बेहद दिलचस्प होगा।

बिहार विधानसभा चुनाव का जो दूसरा परि.श्य है वह कम दिलचस्प नहीं है। उत्तर भारत के प्रदेशों में कम्युनिस्ट दलों का लगभग खात्मा हो चुका है लेकिन बिहार इससे अछूता है। 2020 के विधानसभा में इस दल के 12 विधायक थे। अभी जो चुनाव चल रहा है उसमें भाकपा माले इंडिया गठबंधन का बड़ा साझेदार है। इसके 20 उम्मीदवार मैदान में हैं। ए भले ही कम सीटों पर लड़ते हैं, जीतने का इनका स्ट्राइक रेट बढ़िया होता है। पिछले चुनाव में इस दल के दो चार उम्मीदवार बहुत मामूली वोटों से हारे थे या हरा दिए गए थे। पिछले विधानसभा चुनाव में भाकपा माले की हारी हुई एक सीट भोरे भी है जहां से इस बार जेएनयू छात्रसंघ के प्रेसिडेंट रहे 29 वर्षीय धनंजय को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। भोरे विधानसभा क्षेत्र पश्चिमी बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित है। बिहार का यह जिला यूपी के देवरिया और कुशीनगर से सटा हुआ है। गोपालगंज जिले का भोरे विधानसभा क्षेत्र कम्युनिस्टों का गढ़ माना जाता है। पिछले चुनाव में कम्युनिस्ट उम्मीदवार रहे जितेन्द्र पासवान बिहार के डीजीपी रहे जदयू उम्मीदवार सुनील कुमार से 472 वोटों के मामूली अंतर से चुनाव हारे थे। स्थानीय लोगों ने इस चुनाव परिणाम को संदिग्ध माना था। इस बार फिर पार्टी ने जितेन्द्र पासवान को उम्मीदवार बनाया था लेकिन उन्हें नामांकन के दिन ही 2017 के एक पुराने मामले में गिरफ्तार कर लिया गया लिहाजा वे नामांकन नहीं दाखिल कर पाए। जितेन्द्र पासवान की गिरफ्तारी के बाद माकपा ने जेएनयू के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष धनंजय को उम्मीदवार बनाया है। इधर जितेन्द्र पासवान की गिरफ्तारी को जदयू उम्मीदवार की हार के डर से प्रतिशोध की कार्रवाई करार दिया गया और इसके पीछे जेडीयू उम्मीदवार सुनील कुमार और नीतीश कुमार का हाथ माना गया। मात्र 472 वोटों से जीतने वाले पूर्व डीजीपी सुनील कुमार नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में शिक्षा मंत्री थे। यूपी सीमा से सटे बिहार के इस विधानसभा क्षेत्र का चुनाव बेहद दिलचस्प है क्योंकि यहां जेडयू उम्मीदवार सुनील कुमार जैसे धनबलि के मुकाबले जनता मैदान में हैं। रिटायर्ड आईपीएस सुनील कुमार 1987 बैच के आईपीएस हैं। 2020 में वे पहली बार जदयू के टिकट पर चुनाव लड़े और जीते। फिर बिहार के शिक्षा मंत्री बने। 1997 में यहां माले कार्यकर्ता उमेश पासवान की हत्या के बाद यह क्षेत्र कम्युनिस्टों का गढ़ बन गया। यहां के गरीब और दलित लोग कम्युनिस्ट विचारधारा से लैस हैं। इनके अंदर उमेश पासवान की हत्या और 2020 में जितेन्द्र पासवान की चुनाव में हार की ज्वाला धधक रही है। यह नहीं कहा जा सकता कि बिहार के शिक्षा मंत्री रहे सुनील कुमार चुनाव हार रहे हैं, हां उनकी जीत आसान भी नहीं है। पूरे बिहार में भाकपा माले के सीटों की अच्छी पोजीशन देख इस बार भी इनका स्ट्राइक रेट कांग्रेस से अच्छा हो तो कोई आश्चर्य नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इराक-तुर्की ने जल सहयोग समझौते के लिए किए हस्ताक्षर

**बगदाद।** इराक और तुर्की ने रविवार को जल सहयोग समझौते के क्रियान्वयन के लिए एक कार्यकारी तंत्र पर हस्ताक्षर किया। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने इस कदम की सराहना करते हुए इसे इराक में जल संकट के स्थाई समाधानों में से एक कहा। प्रधानमंत्री अल-सुदानी के मीडिया कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इस समझौते पर इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन और उनके तुर्की समकक्ष हकान फिदान ने हस्ताक्षर किए। इराकी प्रधानमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि इस समझौते को जल क्षेत्र में संयुक्त प्रमुख परियोजना पैकेजों के माध्यम से लागू किया जाएगा।

### इराक संसदीय चुनाव को समर्थन देने का लिया संकल्प

**बगदाद।** इराक के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि मोहम्मद अल हसन ने इराक में 11 नवम्बर को होने वाले संसदीय चुनावों को समर्थन देने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। यह जानकारी इराकी विदेश मंत्रालय ने दी। इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन के साथ अपनी बैठक में हसन ने चुनावी प्रक्रिया में इराक के लिए अपना समर्थन जारी रखने और राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिरता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### वियतनाम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हुई

**हनोई।** मध्य वियतनाम में भारी बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है जबकि पांच लापता हैं और 78 अन्य घायल हैं। यह जानकारी वियतनाम आपदा एवं बांध प्रबंधन प्राधिकरण ने सोमवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार 12600 से अधिक घर अभी भी जलमग्न हैं, जबकि 103 अन्य नष्ट हो चुके हैं या बह चुके हैं। 451 मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बाढ़ के कारण लगभग 7900 हेक्टेयर क्षेत्र की फसलें जलमग्न हो गई हैं, 64000 से अधिक पशुधन एवं मुर्गियां मर गई हैं, तथा सिंचाई प्रणालियों और नदी तटों को भारी नुकसान पहुंचा है।

### ट्रेन में चाकू से हमला करने वाला एकमात्र संदिग्धः ब्रिटिश पुलिस

**लंदन।** ब्रिटिश पुलिस ने रविवार को कहा कि पूर्वी इंग्लैंड में शनिवार शाम एक ट्रेन में चाकू से हमले करने की घटना में 32 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक को एकमात्र संदिग्ध माना जा रहा है। इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि उन्होंने एक 32 वर्षीय व्यक्ति और एक 35 वर्षीय व्यक्ति ब्रिटिश नागरिकों को गिरफ्तार किया है लेकिन बाद में 35 वर्षीय व्यक्ति को बिना किसी कार्रवाई के रिहा कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि 32 वर्षीय व्यक्ति को हत्या के प्रयास के संदेह में गिरफ्तार किया गया है।

# पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती पर रोक

## अमेरिकी जज ने फिर लगाई ट्रम्प प्रशासन को फटकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओरेगन की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन को पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात करने से रोक दिया है। कोर्ट ने कहा कि शहर में स्थिति नियंत्रण से बाहर होने का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं मिला है।

यह आदेश अमेरिकी जिला न्यायाधीश करीन इम्मरगट ने दिया, जो खुद राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा नियुक्त जज हैं। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि संघीय कानून के तहत सेना की घरेलू तैनाती के लिए ज़रूरी शर्तें इस मामले में पूरी नहीं होतीं। कोर्ट ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन ने यह कदम इस साल की शुरुआत में तब उठाया था जब पोर्टलैंड और अन्य शहरों में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट आफिस के बाहर प्रदर्शन हो रहे थे। राज्य सरकार और शहर प्रशासन ने इस फैसले के खिलाफ सितम्बर में अदालत का दरवाजा खटखटाया था। अब



अदालत अब शुक्रवार को इस पर अंतिम आदेश जारी करेगी

जज इम्मरगट ने कहा कि कोर्ट को ऐसा कोई विश्वसनीय प्रमाण नहीं मिला जिससे यह साबित हो सके कि हालात बेकाबू थे। यह फैसला तीन दिन चली सुनवाई के बाद आया, जिसमें दोनों पक्षों ने 750 से अधिक साक्ष्य अदालत में पेश किए। अदालत अब शुक्रवार को इस पर अंतिम आदेश जारी करेगी। यह मामला अमेरिका के कई शहरों में ट्रम्प प्रशासन द्वारा विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए नेशनल गार्ड की तैनाती से जुड़ी कानूनी खींचतान का हिस्सा है। बता दें कि ट्रम्प प्रशासन ने कहा था कि वह 200 नेशनल गार्ड जवानों को 60 दिनों के लिए संघीय नियंत्रण में लेकर पोर्टलैंड में भेजेगा ताकि संघीय संपत्तियों की रक्षा की जा सके। यह निर्णय तब लिया गया जब राष्ट्रपति ट्रम्प ने शहर को 'युद्धग्रस्त' बताया था। ओरेगन के अधिकारियों ने इस बयान को हास्यास्पद बताया और कहा कि शहर को किसी सैन्य हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पोर्टलैंड में हाल के विरोध प्रदर्शन सिर्फ एक ब्लॉक के क्षेत्र तक सीमित थे और उनमें कुछ ही दर्जन लोग शामिल होते थे। इस पर अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति का आदेश संविधान और उस संघीय कानून का उल्लंघन है, जो सामान्य परिस्थितियों में सेना को घरेलू कानून लागू करने से रोकता है।

### अफगानिस्तान में भूकंप से 20 की मौत 320 से अधिक घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में मजार-ए-शरीफ के समीप खुल्म में रविवार की रात शक्तिशाली भूकंप से 20 लोगों की मौत हो गई और 320 से अधिक लोग घायल हो गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार स्थानीय समयानुसार कल रात लगभग 12:59 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र उत्तरी शहर मजार-ए-शरीफ के पास खुल्म से लगभग 22 किलोमीटर (14 मील) पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में रहा। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि मजार-ए-शरीफ और आसपास के इलाकों के अस्पतालों में सैकड़ों घायल लोगों को भर्ती कराया गया है तथा प्रभावित इलाके में बचाव दलों को भेजा गया है। स्थानीय मीडिया की शुरुआती रिपोर्टों में मृतकों की संख्या 10 बताई गई थी।



कोलकाता। कार्यस्थल पर हिंसा की घटनाओं के विरोध में विभिन्न अस्पतालों की नर्सें विरोध मार्च में भाग लेती हुई।

### भारत ने बहरीन के साथ द्विपक्षीय निवेश संधि और फिनटेक क्षेत्र में साझेदारी की संभावना पर बल दिया

**नई दिल्ली।** भारत ने बहरीन के साथ अंतरिक्ष, फिनटेक और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की संभावना बताते हुए उसके साथ द्विपक्षीय निवेश संधि और संयुक्त कार्य समूह के गठन पर जोर दिया है। भारत ने गाजा शांति योजना के प्रति अपने समर्थन को भी दोहराते हुए उम्मीद जताई है कि इससे समस्या का स्थायी समाधान निकलेगा। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए बहरीन के विदेश मंत्री डा. अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अलज़यानी के साथ सोमवार को यहां पांचवीं भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग की बैठक में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत और बहरीन के बीच सदियों पुराने मैत्रीपूर्ण संबंध हैं जो व्यापारिक और लोगों के बीच परस्पर मजबूत संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने लोगों और अपने साझा क्षेत्र के लिए शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के साझा लक्ष्य और प्रतिबद्धता में भी विश्वास करते हैं।

# हमारे पास दुनिया को 150 बार उड़ाने लायक बम

## राष्ट्रपति ने कहाः पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा, रूस-चीन और कोरिया में भी टेस्टिंग जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा है। उन्होंने यह बयान एक इंटरव्यू में दिया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रम्प से पूछा गया कि नार्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि रूस, पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता। ट्रम्प पहले ही रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) को परमाणु हथियारों की तुरंत टेस्टिंग शुरू करने का आदेश दे चुके हैं। ट्रम्प ने फिर से दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोकने में बड़ी भूमिका निभाई थी। ट्रम्प ने कहा भारत और पाकिस्तान परमाणु युद्ध की कगार पर थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री खड़े होकर बोले थे, अगर मैं बीच में नहीं आता तो लाखों लोग मारे जाते। ट्रम्प ने कहा कि उनकी दखल के बाद ही हालात शांत हुए और दोनों देशों के बीच लड़ाई नहीं बढ़ी। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने यह दावा किया हो। वे



भारत-पाक संघर्ष रोकने का दावा दोहराया, अगर मैं बीच में नहीं आता, तो लाखों लोग मारे जाते

अब तक 70 से ज्यादा बार यह दावा कर चुके हैं। ट्रम्प ने पिछले हफ्ते साउथ कोरिया में दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों पर 250 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके दो दिन बाद दोनों ने फोन किया और सीजफायर पर सहमति जता दी। ट्रम्प ने चीन को चेतावनी दी है कि अगर उसने ताइवान पर हमला किया, तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे, अगर ताइवान पर हमला हुआ तो वह (शी जिनपिंग) जानते हैं कि इसका जवाब क्या होगा। उन्होंने हमारी मुलाकात में इस पर बात नहीं की, क्योंकि वह नतीजे जानते हैं। ट्रम्प ने दावा किया है कि जिनपिंग ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि जब तक ट्रम्प राष्ट्रपति हैं, तब तक चीन ताइवान को अपने नियंत्रण में लेने की कोई सैन्य कार्रवाई नहीं करेगा। ट्रम्प का दावा है कि उनके पहले कार्यकाल में चीन ने कभी ताइवान पर हमले की हिम्मत नहीं की थी, क्योंकि उसे अमेरिका की सख्त प्रतिक्रिया का डर था। पुतिन और जिनपिंगः ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को खुलकर तारीफ की है। इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि पुतिन और शी जिनपिंग में से किससे निपटना ज्यादा मुश्किल है, तो उन्होंने कहा दोनों कठिन हैं, दोनों स्मार्ट हैं। ये वो लोग हैं जिनसे खेला नहीं जा सकता। ये मजाक के लिए नहीं बैठे होते। ये गंभीर और मजबूत नेता हैं। अमेरिकी

### अमेरिका में शटडाउन पर गतिरोध 33वें दिन भी जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शटडाउन को लेकर अभी भी गतिरोध बना हुआ है और अब यह छठे हफ्ते में पहुंच गया है। शटडाउन के चलते अमेरिका में लाखों अमेरिकियों को मिलने वाली खाद्य सहायता बंद हो सकती है। राष्ट्रपति ट्रम्प रिपब्लिकन नेताओं पर सीनेट के नियमों में बदलाव का दबाव डाल रहे हैं, जिसके चलते शटडाउन अभी और खिंच सकता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रम्प ने सीनेट के बहुमत दल के नेता जान थून और हाउस स्पीकर माइक जानसन से बात की है। डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी सीनेट की एक प्रक्रिया फिलिबस्टर को खत्म कराने की मांग कर रहे हैं। दरअसल फिलिबस्टर एक अनौपचारिक शब्द है, जिसे किसी बिल या दूसरे मामले पर सीनेट की कार्रवाई को रोकने या उसमें देरी करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसमें बिल पर लंबी बहस, कई प्रक्रियात्मक प्रस्ताव को पेश करने या कोई भी दूसरी देरी करने वाली या रुकावट वाली कार्रवाई शामिल है। ट्रम्प इस प्रक्रिया फिलिबस्टर को खत्म करने की बात करते हैं तो इसका मतलब है कि सीनेट में सामान्य बहुमत से कानून पारित हो सकेंगे और कोई अल्पसंख्यक दल किसी विधेयक को नहीं रोक पाएगा। गौरतलब है कि ट्रम्प की अपनी पार्टी के नेता ही ट्रम्प की इस पहल को खारिज कर रहे हैं।

सांसदों का मानना है कि अगर अमेरिका फिर से परमाणु परीक्षण नहीं करेगा तो उसका परमाणु हथियार भंडार कमजोर पड़ सकता है। लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि बिना धमाका किए भी आधुनिक तकनीक से हथियारों की स्थिति जांची और उन्हें सुरक्षित रखा जा सकता है। 2017 में यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना के अर्थशास्त्री कीथ मेयर्स की एक रिसर्च के मुताबिक अमेरिका में पहले हुए परमाणु परीक्षणों से निकले रेडिएशन की वजह से लगभग 6.9 लाख अमेरिकी नागरिकों की मौतें हुईं या उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ा। 21वीं सदी में अब तक केवल उत्तर कोरिया ने परमाणु परीक्षण किए हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया लगातार किम जोंग पर दबाव बनाते रहे हैं कि वह परमाणु हथियार छोड़ दे और शांतिपूर्ण समझौते की दिशा में बढ़े। ट्रम्प ने 3 दशक बाद अमेरिका के फिर से परमाणु हथियार का परीक्षण के आदेश को सही ठहराया। उन्होंने पिछले हफ्ते कहा था कि रूस और चीन दोनों ऐसा कर रहे हैं।

### पुतिन-ट्रम्प बैठक की तुरंत तैयारी करने की आवश्यकता नहींः क्रेमलिन

**मास्को।** क्रेमलिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच जल्द बैठक आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रविवार को जारी एक साक्षात्कार में कहा कि इस तरह की बैठक की तैयारी तुरंत करना संभव है लेकिन इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। पेस्कोव ने कहा कि इस समय, यूक्रेन समझौता समस्या पर बहुत सावधानीपूर्वक काम करने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि 16 अक्टूबर को राष्ट्रपति पुतिन के साथ फोन पर बातचीत के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि दोनों नेता जल्द ही हंगरी के बुडापेस्ट में मिलेंगे। 22 अक्टूबर को राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने नियोजित बैठक को रद्द कर दिया है और कहा कि बैठक मुझे ठीक नहीं लगी और ऐसा नहीं लगा कि हम उस स्थान पर पहुंच पाएंगे जहां हमें पहुंचना चाहिए। इससे पहले राष्ट्रपति पुतिन ने कहा था कि बुडापेस्ट में होने वाली बैठक रद्द होने की बजाय स्थगित होने की ज्यादा संभावना है।

### इजरायल ने हमास से तीन बंधकों के अवशेष प्राप्त किए

**यरूशलम/गाजा।** इजरायल ने कहा है कि उसे गाजा में हमास से तीन बंधकों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। यह संघर्ष विराम समझौते के अंतर्गत शवों के आदान-प्रदान की जारी प्रक्रिया का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने अवशेषों को गाजा पट्टी में इजरायली बलों को सौंप दिया है और उन्हें पहचान के लिए तेल अवीव के राष्ट्रीय फोरेंसिक संस्थान में भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि पहचान प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद परिवारों को आधिकारिक सूचना दी जाएगी। अगर इसकी पुष्टि हो जाती है तो आठ बंधकों के शव अभी भी गाजा में रहेंगे, जबकि युद्धविराम के अंतर्गत हमास को युद्ध में मारे गए 360 फिलिस्तीनियों के शवों के बदले में 28 बंधकों को इजरायल को वापस सौंपना है। हमास के अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि ये शव खान यूनिस के पूर्व में दक्षिणी गाजा पट्टी में एक सुरंग से बरामद किए गए। उन्होंने एक को पहचान कर्नल आसफ हमामी के रूप में की, जो एक इजरायली अधिकारी थे और सात अक्टूबर, 2023 को किबुत्ज़ निरिम की रक्षा करते हुए हमास के हमले में मारे गए थे।

### ब्राजील में छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत

**साओ पाउलो।** उत्तरी ब्राजील के टोकांटिस राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। टोकांटिस पुलिस के अनुसार, विमान शनिवार रात फातिमा नगरपालिका के ऊपर उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने कहा कि विमान के 56 वर्षीय पायलट डायोमेडियो आयर्स दा सिल्वा फिल्हो की मौत हो गई तथा विमान में सवार अन्य व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# रूसी हमलों के बीच यूक्रेन को मिला पैट्रियट डिफेंस सिस्टम

## यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रॉन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है

**कीव।** यूक्रेन को अमेरिका निर्मित पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की नई खेप मिल गई है। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि ये सिस्टम देशभर में रूस के लगातार हो रहे हवाई हमलों से नागरिकों और अहम ढांचों की सुरक्षा में मदद करेंगे। रविवार देर रात जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की।

यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम अमेरिका की सबसे आधुनिक मिसाइल रोधी तकनीक है, जो रूस के घातक हमलों को रोकने में सक्षम है। जेलेंस्की लंबे समय से पश्चिमी देशों से इस सिस्टम की मांग कर रहे थे, ताकि उत्पादन सीमाओं और देशों की अपनी सैन्य ज़रूरतों के कारण इसकी आपूर्ति में देरी हो रही थी। अब इन सिस्टमों को तैनात कर दिया गया है ताकि प्रमुख शहरों और

यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है


ऊर्जा संरचनाओं की सुरक्षा बढ़ाई जा सके। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जर्मनी और उसके चांसलर फ्रेडरिक मर्ज का धन्यवाद करते हुए कहा कि जर्मनी ने तीन महीने पहले यूक्रेन को दो अतिरिक्त पैट्रियट सिस्टम देने का वादा किया था, जिसे अब पूरा किया गया है। जर्मनी को अमेरिका से आश्वासन मिला है कि उसकी सैन्य ज़रूरतों के लिए नए पैट्रियट सिस्टम की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। यह डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से अमेरिका में ही निर्मित होते हैं। इस बीच रूस ने रविवार से सोमवार की रात तक 12 मिसाइलें और 138 ड्रोन यूक्रेन पर दागे। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, कई मिसाइलें नष्ट की गईं, लेकिन कुछ ने तबाही मचाई। उत्तरपूर्वी सूमी क्षेत्र में एक घर पर रूसी ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसके परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। क्षेत्रीय प्रमुख ओलेह ग्रिगोरोव ने कहा कि रूस ने जानबूझकर रात में सो रहे लोगों को निशाना बनाया। मध्य यूक्रेन के डिनिप्रो क्षेत्र में रूसी मिसाइल हमले से एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में आग लग गई, जिससे एक व्यक्ति घायल हुआ। दक्षिणी माईकोलाइव क्षेत्र में भी रूसी ड्रोन ने ऊर्जा ढांचे को नुकसान पहुंचाया। नाटो लगातार यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई का समन्वय कर रहा है, जबकि यूरोपीय देश और कनाडा अमेरिकी हथियारों की खरीद कर मदद पहुंचा रहे हैं। मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूक्रेन को हथियार न देने का फैसला किया है, जबकि पिछली बाइडन सरकार लगातार सैन्य सहायता देती रही थी।

# ट्रम्प की लोकप्रियता एक साल में ही 18 प्रतिशत गिरी

## आंकड़ा ओबामा-बाइडन से भी कम, न्यूयॉर्क चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति का लिटमस टेस्ट होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दोबारा चुने जाने को 5 नवम्बर को एक साल पूरा होने जा रहा है। लेकिन उससे एक दिन पहले यानी 4 नवम्बर 2025 को उनके लिए अब तक का सबसे बड़ा लिटमस टेस्ट होने वाला है। इस दिन न्यूयार्क सिटी अपने नए मेयर का चुनाव करेगी और साथ ही वर्जीनिया और न्यूजर्सी राज्य में गवर्नर और विधानसभा चुनाव होंगे।

पिछले एक साल में ट्रम्प की नेट अप्रूवल रेटिंग नवम्बर की शुरुआत में 18 प्रतिशत तक गिर चुकी है। जो ओबामा और बाइडन दोनों के पहले वर्ष से काफी नीचे है। ओबामा के पहले वर्ष के अंत में यह 3 प्रतिशत और बाइडन के कार्यकाल में 7 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वाशिंगटन से लेकर वर्जीनिया और




एक्सपर्ट्स का मानना है कि टैरिफ, महंगाई और माइग्रेशन पर सख्त रुख ने मध्यवर्गीय और शहरी वर्ग को ट्रम्प से दूर किया

न्यूयॉर्क तक सभी की नजरें इस चुनाव पर टिकी हैं। यह चुनाव तय करेगा कि ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रहा है या नहीं। रिपब्लिकन इसे नीतिगत मजबूती का सबूत मान रहे हैं, जबकि डेमोक्रेट्स इसे 'मिनी रेफरेंडम' कह रहे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि टैरिफ, महंगाई और माइग्रेशन पर सख्त रुख ने मध्यवर्गीय और शहरी वर्ग को ट्रम्प से दूर किया है। न्यूयॉर्क के मुकाबले में भारतीय मूल के युवा नेता जोहरान ममदानी (33) बड़ा चेहरा बनकर उभरे हैं। वे न्यूयार्क स्टेट असेंबली के सदस्य भी हैं। जोहरान युगांडा के लेखक महमूद ममदानी और फिल्म निर्माता मीरा नायर के बेटे हैं। वे डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट हैं और प्रोग्रेसिव वोटरों, युवा, अफ्रीकी-अमेरिकी और लैटिन समुदाय के मजबूत समर्थन में हैं। उन्होंने चुनाव प्रचार में न सिर्फ शहर की बढ़ती रहने की लागत को मुद्दा बनाया है, बल्कि अमीरों पर टैक्स लगाकर गरीब तबकों के लिए आवास की योजनाएं देने का वादा किया है। ममदानी 14 प्रतिशत के बड़े अंतर से आगे हैं। ट्रम्प ने ममदानी को लेकर चेतावनी दी है कि अगर वे मेयर बने तो न्यूयार्क की संघीय सहायता फंडिंग बंद कर देंगे। न्यूयार्क मेयर के लिए ममदानी का मुकाबला 67 वर्षीय पूर्व गवर्नर एंड्रयू कूमो से है। कूमोड 4 साल पहले यौन उत्पीड़न के आरोपों के कारण इस्तीफा दे चुके हैं। वे निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें रिपब्लिकन और सेंट्रिस्ट का समर्थन मिल रहा है। अमेरिका राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपनी पार्टी के बजाय कूमो का समर्थन किया क्योंकि वे ममदानी को रोकना चाहते हैं। न्यूयार्क डेमोक्रेट का गढ़ है। उनका दबदबा रहा है। ट्रम्प ने कूमो को सामरिक और अनुभव संपन्न बताया है, कूमो पर भ्रष्टाचार और यौन उत्पीड़न के आरोप भी लगे रहे हैं।

### जॉर्डन में देशव्यापी नशा-विरोधी छापेमारी, 13 संदिग्ध गिरफ्तार

**अम्मान।** जॉर्डन के एंटी-नारकोटिक्स विभाग (एएनडी) ने पिछले कुछ दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में सात अवैध मादक पदार्थ मामलों में 13 वांछित संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी रविवार को सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय ने दी। एक मामले में, एएनडी अधिकारियों ने तस्करी के तीन प्रयासों को विफल कर दिया। अधिकारियों ने जाबेर सीमा पार से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया जो अपनी गाड़ी के एक गुप्त जगह में 80000 नशीली गोलियां छिपाकर तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। मादक पदार्थ प्राप्त करने वाले एक अन्य संदिग्ध को बाद में गिरफ्तार किया गया। दूसरे मामले में, देश के बाहर के सहयोगियों के साथ मिलकर 44000 नशीली गोलियों की तस्करी की कोशिश करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। ये दवाइयां जाबेर सीमा पार के पास एक भंडारण स्थल से ज़ब्त की गई और मुख्य संदिग्ध को सुरक्षा छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। तस्करी के तीसरे मामले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108